RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 37
नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



गुजरात ने खोखले वादों की राजनीति का नकार दिया
राष्ट्रीय-11


# गुजरात में 7वीं बार भाजपा सरकार

## ● भूपेंद्र पटेल ही होंगे सीएम, 12 को लेंगे शपथ

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली

**गुजरात** में बीते 27 साल से सरकार चला रही भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज करते हुए एक बार फिर सातवीं बार अपना पचरम लहरा दिया है। भगवा पार्टी को 52.5 प्रतिशत वोटों के साथ 156 सीटें मिली हैं जो राज्य में उसका अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य में नया करिश्मा करते हुए भाजपा ने अपनी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस को 182 में से केवल 16 सीटों पर रोकते हुए अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन की ओर धकेल दिया। राज्य में तीसरी ताकत बन कर उभरी आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वोटबैंक में सेंध लगाते हुए पांच सीटों पर जीत दर्ज की। हालांकि दस साल पुरानी पार्टी राज्य में सरकार बनाने का दावा कर रही थी।

कांग्रेस के पास अब तक का सबसे बड़ी जीत करने का रिकॉर्ड था, जिसे 1985 में 148 सीटें मिली थीं, लेकिन इस चुनाव में उसे भाजपा से लगभग आधे 27.3 प्रतिशत वोट ही मिल पाए हैं। हालांकि आप को राज्य में 12.9 प्रतिशत मत हासिल हुए हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने 2002 में मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के नेतृत्व में जीती गईं 127 सीटों के अपने ही रिकॉर्ड को ध्वस्त किया और अपने मुख्य रणनीतिकार अमित शाह द्वारा 2022 के लिए निर्धारित 150 सीटों के लक्ष्य को पार कर लिया। भाजपा से पहले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) एकमात्र ऐसी पार्टी थी, जिसने पश्चिम बंगाल में लगातार सात विधानसभा चुनाव जीते थे, लेकिन उसने गठबंधन दलों के मोर्चे के साथ ऐसा किया। ( शेष पेज 8 )



विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद गांधीनगर में विजयी मुद्रा में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

**कुल सीटें 182**

| भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|
| 156 | 17 | 05 | 04 |

2017 के नतीजे: भाजपा: 99, कांग्रेस: 77, आप: 00, अन्य: 06

## आदिवासी क्षेत्रों से भाजपा ने कांग्रेस का किया सफाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** के आदिवासी क्षेत्र में पिछले एक साल में भाजपा का गहन संपर्क और मेहनत उसके काम आई। यह बेल्ट परंपरागत रूप से कांग्रेस का गढ़ थी लेकिन इस बार इस क्षेत्र की काफी सीटें भाजपा के खाते में गईं और यह उसकी रिकॉर्ड जीत में यह एक प्रमुख कारण था। भाजपा के वर्चस्व का अंदाजा इसी बात से लगता है कि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 27 में से 24 सीटें उसने जीती। हिमाचल प्रदेश में भी हार के बावजूद भाजपा ने तीन एसटी सीटों में से एक भरमौर में जीत दर्ज की तथा हत्ती समुदाय के बाहुल्य वाली चार सीटों में से दो पर विजय हासिल की। ( शेष पेज 8 )

## गुजरात ने रिकॉर्ड तोड़ने में भी बनाया रिकॉर्ड: मोदी

### ● प्रधानमंत्री ने जताया गुजरात व हिमाचल प्रदेश की जनता का आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के लिए राज्य की जनता को नमन किया। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता ने रिकॉर्ड तोड़ने में भी रिकॉर्ड बना दिया। हिमाचल प्रदेश में मिली हार के बावजूद प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहाड़ी प्रदेश के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता शत-प्रतिशत रहेगी। गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पीएम मोदी राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात के लोगों ने जाति, वर्ग, समुदाय और हर तरह के विभाजन से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दिया है। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने नरेंद्र का रिकार्ड तोड़ने की अपील की थी, लेकिन गुजरात की जनता ने तो अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर गुजरात के लोगों ने नया इतिहास बना दिया है। युवाओं के रुझान की ओर इशारा करते हुए मोदी ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि युवा जांचने और परखने के बाद ही कोई फैसले लेता है। देश के युवा अब भाजपा की विकास वाली राजनीति चाहते हैं। भाजपा मुख्यालय में इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मंच पर मौजूद थे। ( शेष पेज 8 )

# हिमाचल में कांग्रेस को मिला बहुमत

## ● वोटरों ने सरकार को दोबारा न दोहराने के रिकॉर्ड को कायम रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/शिमला

**कांग्रेस** ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बृहस्पतिवार को 40 सीट जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया और इस तरह राज्य में हर पांच साल पर राज बदलने का रिवाज कायम रहा। चुनाव नतीजे आने के बाद मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने विधायकों की बैठक शिमला में बुलाई है, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा बतौर पर्यवेक्षक शामिल होंगे। इस बैठक में विधायक दल का नेता चुनने के फैसले के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अधिकृत करते हुए प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। पार्टी ने पहले कहा था कि विधायक दल की बैठक चंडीगढ़ में बुलाई गई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 40 सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, भाजपा को 25 सीट मिली है। तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी (आप) के हिस्से में कोई सीट नहीं आई। उसने 67 सीट पर चुनाव लड़ा था। हिमाचल प्रदेश का 1985 से यह राजनीतिक इतिहास रहा है कि यहां की जनता ने किसी भी पार्टी को लगातार दो बार सत्ता की चाबी नहीं सौंपी है। ( शेष पेज 8 )



विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद विजयी मुद्रा में प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह

**कुल सीटे 68**

| पार्टी | सीटें | वोट शेयर |
|---|---|---|
| BJP | 25 | 42.9% |
| कांग्रेस | 40 | 43.9% |
| अन्य | 03 | 10.3% |

## बागियों ने निभाई वोट कटवा की भूमिका

**नई दिल्ली।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भाजपा के बागी भले ही चुनाव हार गए हों लेकिन दोनों राज्यों में इसका असर अलग अलग रहा। गुजरात में जहां बागियों के कारण पार्टी के प्रदर्शन पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा, वहीं हिमाचल प्रदेश में उन्होंने वोट कटवा की भूमिका निभाई। नेता, अभिनेता और निर्माता मधु श्रीवास्तव 1995 से वाघोडिया से विधायक थे, लेकिन इस बार बुरी तरह से चुनाव हार गए। टिकट से वंचित किए जाने के बाद उन्होंने भाजपा को खुली चुनौती दी थी। इसी तरह कुलदीपसिंह राउलजी सावली से हार गए। ( शेष पेज 8 )

## जीत से बढ़ा प्रियंका वाड्रा का कद

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**हिमाचल** प्रदेश में जीत दर्ज कर कांग्रेस अपना चेहरा बचाने में सफल जरूर रही। लेकिन गुजरात में पार्टी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन उसको सालता रहेगा। दूसरी ओर आप धीरे धीरे उसके वोटबैंक में सेंध लगाती जा रही और उसके स्थान को भरती जा रही है। एमसीडी चुनाव में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हिमाचल में जीत का श्रेय छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, महासचिव प्रियंका गांधी तथा प्रदेश पार्टी प्रमुख प्रतिभा सिंह को जाता है। पार्टी के सबसे कद्दावर नेता राहुल गांधी चुनाव प्रचार से दूर रहे क्योंकि वे महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो यात्रा अभियान चला रहे हैं। ( शेष पेज 8 )

# आप को गुजरात में मिलीं 5 सीटें, हिमाचल में निराशा

## ● गुजरात में 12.9 और हिमाचल में मिले 1.10 प्रतिशत वोट, केजरीवाल का राष्ट्रीय दल बनने का दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी ने गुजरात में अपना खाता खोलते हुए पांच सीटें हासिल की हैं। यहां पार्टी को 12.9 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। यह प्रदर्शन भले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दावों के मुताबिक न हो, लेकिन भाजपा के मजबूत किले में सेंध लगाकर केवल दस साल पुरानी पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने में जरूर मदद करेगा।

आप संयोजक केजरीवाल ने इसके लिए राज्य के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी जीत दर्ज करेगी। केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हालांकि आप ने गुजरात में ज्यादा सीट नहीं जीती हैं, लेकिन उसे मिले मतों ने उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने में मदद की है। इसके लिए राज्य के लोगों का शुक्रिया। केजरीवाल ने दावा किया था कि लिखकर रख लो, गुजरात में आप की सरकार बनेगी। हालांकि ऐसा नहीं हो सका और पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री पद के चेहरे इसुदान गढ़वी भी चुनाव हार गए। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि गुजरात में हमें करीब 35 लाख वोट मिले हैं। सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं ने कड़ी मेहनत की और हम गुजरात के लोगों के शुक्रगुजार हैं जिनकी वजह से हमें यह पहचान मिली।

दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश में आप को एक भी सीट नहीं मिल सकी। इस खूबसूरत पहाड़ी राज्य में पार्टी को 1.10 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। इस खराब प्रदर्शन से राज्य में एक मजबूत तीसरी ताकत के रूप में उभरने की आप की उम्मीद धराशाई हो गई। शुरुआत में पूरे दमखम से मैदान में उतरी पार्टी किसी जन नेता की अनुपस्थिति में बाद में हौसला हार गई। ( शेष पेज 8 )

# सपा ने मैनपुरी पर कब्जा बरकरार रखा

**उपचुनाव**

## ● भाजपा, कांग्रेस के खाते में विधानसभा की दो-दो सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में रामपुर सदर विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की और बिहार में कुढ़नी सीट नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महागठबंधन से छीन ली। पांच दिसंबर को हुए उपचुनावों के परिणामों की बृहस्पतिवार को घोषणा की गई। उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा खतौली विधानसभा सीट सपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से हार गई। कांग्रेस ने अपनी दो विधानसभा सीट-छत्तीसगढ़ में भानुप्रतापपुर और राजस्थान के चूरू जिले की सरदारशहर सीट पर कब्जा बरकरार रखा है। दोनों राज्यों में पार्टी (कांग्रेस) सत्ता में है। बीजू जनता दल (बीजद) ने बरगढ़ जिले की पदमपुर विधानसभा सीट जीतकर ओडिशा में अपना वर्चस्व कायम रखा।



मैनपुरी में विजय का प्रमाण पत्र दिखातीं डिंपल यादव। साथ में अखिलेश यादव

पांच राज्यों में विधानसभाओं की छह सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने बृहस्पतिवार को दो-दो, जबकि बीजद और रालोद ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की। मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य को दो लाख 88 हजार 461 मतों के अंतर से हरा दिया। उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में सपा गठबंधन के सहयोगी रालोद के प्रत्याशी मदन भैया ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी की राजकुमारी सैनी को 22 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराकर सत्तारूढ़ दल से यह सीट छीन ली। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित परिणाम के मुताबिक, मदन भैया को 97,071 मत मिले, जबकि राजकुमारी को 74 हजार 996 वोट हासिल हुए। रामपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा के आसिम राजा को हराया। भाजपा ने इस सीट पर पहली बार जीत हासिल की है।

भाजपा ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन से कुढ़नी सीट छीन ली। इस सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार केदार प्रसाद गुप्ता ने नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) के उम्मीदवार मनोज सिंह कुशवाहा को 3,645 मतों के अंतर से पराजित कर दिया। नीतीश कुछ ही महीने पहले भाजपा से अलग होकर महागठबंधन में शामिल हुए थे, जिसमें दूसरी प्रमुख पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। कुढ़नी सीट पर हुए कांटे के मुकाबले में गुप्ता को 76,653 मत प्राप्त हुए, जबकि कुशवाहा को 73,008 वोट मिले। इस सीट पर चुनाव कराने की जरूरत इसलिए पड़ी कि राजद के वर्तमान विधायक अनिल कुमार सहनी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने राजस्थान की सरदारशहर विधानसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार शर्मा ने 26,850 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

# प्रसपा का सपा में विलय करेंगे शिवपाल यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, इटावा

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (प्रसपा) मुखिया और अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को समाजवादी पार्टी का झंडा प्रदान किया। इसके साथ ही प्रसपा के सपा में विलय की अटकलें तेज हो गईं। इस घटनाक्रम से प्रसपा के सपा में विलय के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इटावा जिले के सैफई में संवाददाताओं से बातचीत में शिवपाल यादव ने कहा, लोग चाहते थे कि हम साथ आएं। आज हम सही मौके पर एक हो गए हैं। अब 2024 में हम साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने सपा का झंडा स्वीकार कर लिया है, शिवपाल यादव ने कहा, अब यह मेरी कार पर होगा।

शिवपाल यादव को सपा का झंडा देने की तस्वीर साझा करते हुए अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, सपा-प्रसपा के साथ आने से समाजवादी आंदोलन को मजबूती मिलेगी और सौहार्द की सकारात्मक राजनीति दोगुनी हुई है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार डिंपल यादव की जीत लगभग तय होने के बाद सैफई पहुंचे अखिलेश ने शिवपाल को सपा का झंडा प्रदान किया। सपा और शिवपाल ने अपने-अपने हैंडल से इसकी तस्वीर भी ट्वीट की है। इटावा में इस घटनाक्रम के बाद लखनऊ में लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर प्रसपा के कार्यालय में अंदर और बाहर दोनों जगह से प्रसपा के झंडे हटा दिए गए। साथ ही शिवपाल यादव और उनके बेटे आदित्य यादव ने अपने ट्विटर अकाउंट में स्वयं को सपा के नेता के तौर पर अपडेट कर लिया है।



**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,571 | ↑ 160 | |
| निफ्टी | 18,609 | ↑ 49 | |
| सोना | 54,070 | ↑ 83 | /10g |
| चांदी | 66,450 | ↑ 183 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### पीएफआई को लेकर एनआईए ने छापे मारे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पीएफआई द्वारा आपराधिक साजिश रचने के सिलसिले में केरल और कर्नाटक मे तीन स्थानो पर छापेमारी की। केरल के कोझिकोड जिले और कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में छापे मारे गए और डिजिटल उपकरणो और विभिन्न दस्तावेजो सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। पीएफआई के खिलाफ 13 अप्रैल को दर्ज एक मामले के सिलसिले में छापेमारी की गई। यह मामला देश के विभिन्न हिस्सो में आतंकवाद की गतिविधियों को अंजाम देने या अंजाम दिलाने के वास्ते भारत और विदेशो से धन जुटाने के लिए पीएफआई के पदाधिकारियों, सदस्यो और कार्यकर्ताओं द्वारा रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है।

# कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ टिप्पणी ठीक नहीं: न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● कहा, अदालत द्वारा घोषित कोई भी कानून सभी हितधारकों के लिए बाध्यकारी है

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली इस देश का कानून है और इसके खिलाफ टिप्पणी करना ठीक नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके द्वारा घोषित कोई भी कानून सभी हितधारकों के लिए बाध्यकारी है और कॉलेजियम प्रणाली का पालन होना चाहिए। न्यायालय अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा भेजे गए नामों को मंजूर करने में केंद्र द्वारा कथित देरी से जुड़े मामले में सुनवाई कर रहा था। न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम पर सरकार के लोगों की ओर से की जाने वाली टिप्पणियों को उचित नहीं माना जाता। उन्होंने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को इस बारे में सरकार को राय देने को कहा। कॉलेजियम प्रणाली उच्चतम न्यायालय और केंद्र सरकार के बीच गतिरोध का विषय रही है और न्यायाधीशों द्वारा ही न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रणाली की विभिन्न वर्ग आलोचना करते रहे हैं। केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रीजीजू ने 25 नवंबर को कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान के प्रति सर्वथा अपरिचित शब्दावली है। पीठ में न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी शामिल थे। उसने कहा कि वह अटॉर्नी जनरल से अपेक्षा रखती है कि सरकार को राय देंगे, ताकि शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित कानूनी सिद्धांतों का अनुपालन हो। उसने कहा कि



कॉलेजियम ने जिन 19 नामों की सिफारिश की थी, उन्हें सरकार ने हाल में वापस भेज दिया।

पीठ ने कहा, यह पिंग-पांग का खेल कैसे खत्म होगा? उसने कहा, जब तक कॉलेजियम प्रणाली है, जब तक यह कायम है, हमें इसे लागू करना होगा। आप दूसरा कानून लाना चाहते हैं, कोई आपको दूसरा कानून लाने से नहीं रोक रहा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर समाज का एक वर्ग तय करना शुरू कर देगा कि किस कानून का पालन होगा और किस का नहीं तो अवरोध की स्थिति बन जाएगी। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, अंत में हम केवल इतना कह सकते हैं कि संविधान की योजना अदालत से कानून की स्थिति पर अंतिम मध्यस्थ होने के अपेक्षा रखती है। कानून बनाने का काम संसद का है। हालांकि यह अदालतों की पड़ताल पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, इस अदालत द्वारा घोषित कोई भी कानून सभी हितधारकों के लिए बाध्यकारी है। मैं केवल यह संकेत करना चाहता हूं। पीठ ने कहा कि अदालत को इस बात से परेशानी है कि कई नाम महीनों और सालों से लंबित हैं जिनमें कुछ ऐसे हैं जिन्हें कॉलेजियम ने दोहराया है। उसने कहा कि जब उच्च न्यायालय का कॉलेजियम नाम भेजता है और शीर्ष अदालत का कॉलेजियम नामों को मंजूरी देता है तो वरिष्ठता समेत कई चीजों को दिमाग में रखता है। पीठ ने मामले में आगे सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने 28 नवंबर को उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की सिफारिश वाले नामों को मंजूरी देने में केंद्र द्वारा देरी पर अप्रसन्नता जताई थी। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की थी। पीठ ने कहा कि उस समय-सीमा का पालन करना होगा। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस तथ्य से नाखुश है कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को मंजूरी नहीं मिली, लेकिन यह देश के कानून के शासन को नहीं मानने की वजह नहीं हो सकती है। शीर्ष अदालत ने 2015 के अपने फैसले में एनजेएसी अधिनियम और संविधान (99वां संशोधन) अधिनियम, 2014 को रद्द कर दिया था, जिससे शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली न्यायाधीशों की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली बहाल हो गई थी।

शीर्ष अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि समय पर नियुक्ति के लिए पिछले साल 20 अप्रैल के आदेश में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित समय-सीमा की जानबूझकर अवज्ञा की जा रही है। शीर्ष अदालत ने 11 नवंबर को न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र द्वारा देरी पर नाखुशी जताई थी और कहा था कि उन्हें लंबित रखना स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने केंद्रीय कानून मंत्रालय के सचिव (न्याय) और अतिरिक्त सचिव (प्रशासन और नियुक्ति) को नोटिस जारी कर याचिका पर उनका जवाब मांगा था।

## पाकिस्तान ने 30 घंटे कब्जे में रखने के बाद बीएसएफ जवान भारत को सौंपा

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पंजाब सेक्टर में पाकिस्तान की ओर गलती से जाने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जिस जवान को बुधवार को पाक रेंजर्स ने पकड़ लिया था, उसे 30 घंटे से अधिक समय बाद भारत वापस भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक प्रवक्ता ने कहा, बीएसएफ कांस्टेबल अबोहर सेक्टर में सीमा चौकी क्षेत्र मौजम बेस के जीरो लाइन चेकिंग-इन में अनजाने में पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। उसे आज शाम पांच बजकर 10 मिनट पर पाकिस्तान रेंजर्स के साथ कमांडेंट स्तर की फ्लैग मीटिंग के दौरान सुरक्षित रूप से बीएसएफ को सौंप दिया गया। जवान बुधवार सुबह छह से सात बजे के बीच पाकिस्तान की सीमा पार कर गया था। हाल के दिनों में अबोहर सेक्टर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर जीरो लाइन चेकिंग के दौरान एक जवान दूसरी तरफ चला गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 दिसंबर, 2022



# विवादित श्मशान घाट की बाउंड्री वाल निर्माण पर बवाल

## आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा, गाजियाबाद पुलिस का लाठीचार्ज, दर्जन भर हिरासत में


हंगामा करने वाले आरोपियों को पुलिस ले जाती।


बाउंड्री वॉल बनाने में जुटा प्रशासन।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शास्त्रीनगर की विवादित श्मशान घाट पर आज प्रशासन, निगम और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से बांउड्री वॉल बनाने का काम शुरू कराया।

बांउड्री वॉल बनने की सूचना पर हरसांव व उसके आसपास के क्षेत्र के लोग पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया था। हालांकि पुलिस ने लोगो को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। ऐसे में प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज कर उन्हे हटा दिया। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को हिरासत में भी लिया।

एसीएम सेकेंड शाल्वी अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में इस जगह पर दाह संस्कार करने को लेकर काफी विवाद हुआ था, लेकिन कोर्ट के स्पष्ट निर्देश थे कि यहां किसी को दाह संस्कार करने नहीं करने दिया जाएगा। दोबारा ऐसी स्थिति न बने इसके लिए बाउंड्री वाल कराकर इसे बंद किया जा रहा है। जो लोग विरोध कर रहे हैं उन्हें भी कोर्ट का आदेश दिखाया गया है। वहीं, नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने बताया कि इस स्थल पर दाह संस्कार को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। कोर्ट में इस मामले में सुनवाई चल रही है, लेकिन हाल में ही कुछ लोगों ने यहां दाह संस्कार करने का प्रयास किया था जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कड़े निर्देश दिए हैं कि स्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन और निगम की है। ऐसे में यह स्थिति दोबारा न बनें इसके लिए इस स्थल को पूरी तरह से कवर कराया जाए।

कोर्ट के आदेश के बाद ही नगर निगम और प्रशासन द्वारा यहां बाउंड्री वाल बनाने का काम किया जा रहा है। जैसे ही टीम ने बाउंड्री वॉल बनाने का काम शुरू किया आस-पास के सैकड़ों लोग विरोध करने पहुंच गए जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। पुलिस की कार्रवाई से लोगों में गुस्स और भी भड़क गया।

एक ओर जहां निगम की टीम काम करा रही है तो दूसरी ओर लोग विरोध में जुटे हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। इस मौके पर एसीपी रितेश त्रिपाठी, एसएचओ कविनगर अमित सिंह काकरान, महिला थाना प्रभारी किरण सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरी प्रणाली पूरी तरह लागू, आयुक्त ने अफसरों को बांटे विभाग

- सभी अधिकारियों के पदनाम भी बदल गए


रात में गश्त के लिए सड़क पर उतरे पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली आखिरकार पूरी तरह से लागू हो गई। पहले पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने सभी पुलिस अफसरों को उनके क्षेत्र और कामकाज बांट दिए हैं। सभी अधिकारियों के पदनाम भी बदल गए हैं।

पुलिस कमिश्नर के नीचे एक एडिशनल पुलिस कमिश्नर होंगे। शासन से इस पद पर आईपीएस ऑफिसर दिनेश कुमार पी को नियुक्त किया गया है। दिनेश कुमार अभी तक सीनियर एसपी हैं, लेकिन अगले महीने वे एसएसपी हो जाएंगे, इसलिए एडवांस में उनकी तैनाती कर दी गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर के नीचे तीन डीसीपी होंगे।

इसमें एसपी नगर निपुण अग्रवाल, एसपी ट्रांस हिंडन दीक्षा शर्मा और एसपी ग्रामीण ईरज राजा होंगे। ये तीनों अधिकारी अभी तक गाजियाबाद में ही पोस्टेड थे। इसके अलावा भी तीन पद शासन ने स्वीकृत किए हैं। ये तीनों ट्रैफिक, क्राइम, महिला अपराध, यूपी-112, पुलिस लाइन का कार्यभार संभालेंगे।

कोतवाली, नंदग्राम और कविनगर की रिपोर्टिंग एसपी सिटी को होगी। इंदिरापुरम और साहिबाबाद अपनी रिपोर्ट ट्रांस हिंडन को देंगे। जबकि लोनी, मोदीनगर, मसूरी और वेव सिटी के रिपोर्टिंग हेड ग्रामीण होंगे। एक के अधीन औसतन 2 से 3 थाने रहेंगे। गाजियाबाद को हाल ही में 62 नए कांस्टेबल दूसरे जनपदों से मिले हैं। इसके अलावा मेरठ समेत आसपास के जनपदों के एसएसपी ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में जाने के इच्छुक कांस्टेबलों से आवेदन देने के लिए कहा है।

कुल मिलाकर आने वाले 10-15 दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की एक बड़ी फौज खड़ी दिखाई देगी।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने लांच की बिल्डर भूखंड योजना

- 10 हजार फ्लैट बनने का अनुमान, 950 करोड़ मिलने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 11 बिल्डर भूखंडों की योजना लांच कर दी है। छह दिसंबर से इस स्कीम के ब्रोशर डाउनलोड करने और पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है।

इन 11 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को रिजर्व प्राइस के आधार पर करीब 950 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन से हो रहा है। इन भूखंडों पर 10 हजार फ्लैट बनने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर प्राधिकरण की तरफ से 11 बिल्डर की योजना लांच कर दी गई है। इस योजना के जरिए कुल 2.41 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की जाएगी।

ये भूखंड ओमीक्रॉन वन ए, जीटा वन, ईटा टू, सिग्मा थ्री, सेक्टर.36, ओमीक्रॉन वन, एम्यू, सेक्टर 10 व 12 में स्थित हैं। ये भूखंड 10120 वर्ग मीटर से लेकर 39321 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। इसके ब्रोशर बीते छह दिसंबर से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। इसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है।

पंजीकरण शुल्क, ईएमडी अर्नेस्ट मनी डिपोजिट और प्रोसेसिंग फीस भी 25 दिसंबर तक ही जमा की जा सकती है। डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 27 दिसंबर को शाम पांच बजे तक है। आवंटन होते ही इन भूखंडों पर पजेशन भी मिल जाएगा। सभी 11 भूखंडों पर करीब 10 हजार फ्लैट बन सकेंगे। पहली बार परपोसनेट लैंड अवशेष भूखंड पर टाइम एक्सटेंशन देने की सुविधा भी दी गई है।

# बुजुर्ग महिला को मिली नई जिंदगी

- किडनी कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मेट्रो अस्पताल के यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी प्रक्रिया एंजियो एंबोलाइजेशन तकनीक और मेजर सर्जरी की मदद से 73 साल की महिला को नई जिंदगी दी है, जो दाईं किडनी में कैंसर ट्यूमर से पीड़ित थी।

डॉक्टरों के मुताबिक, मरीज का कैंसर टूट कर दिल तक पहुंच रहा था। मरीज की हालत लगातार खराब होती जा रही थी और अगर तुरंत ही सर्जरी न की जाती तो लगभग 1 माह से अधिक जिंदा रह पाना मुश्किल था। वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ आशुतोष सिंह ने बताया कि मैनपुरी की रहने वाली 73 साल की महिला को राइट साइड की किडनी में बहुत बड़ा कैंसर था। एक खून की नली, जिसे इंफीरियर वेना केवा कहते हैं। जो हमारे शरीर का दूषित खून हमारे हार्ट में ले जाती है, द्वारा यही कैंसर दिल तक पहुंच रहा था।

# नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी अटकी हैबीटेट सेंटर की जांच

**गाजियाबाद।** हैबीटेट सेंटर के हाउस टैक्स को लेकर नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी जांच रुकी हुई है। नगर निगम के निर्माण विभाग को जांच के लिए पैमाइश का कार्य करना था जो पूरा हो चुका है। इसके बाद भी रिपोर्ट तैयार कर जांच समिति को नहीं दी गई है।

हैबीटेट सेंटर पर सबसे पहले पौने चार करोड़ रुपये का हाउस टैक्स लगाया गया था। बाद में अधिकारियों ने एक-दूसरे को इस केस में फंसाने के लिए हाउस टैक्स इस पर बढ़ाकर करीब आठ करोड़ रुपये कर दिया। इस मामले में एक जांच कमेटी नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ की ओर से बैठाई गई है। कमेटी में नगर निगम अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अरुण कुमार यादव, सीटीओ और वसुंधरा जोनल प्रभारी अधिकारी आदि शामिल हैं।

जांच कमेटी में नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी को भी शामिल किया गया है जिन्हे स्ट्रक्चर एरिया की पैमाइश करने का कार्य करना था। कई दिन पहले इसकी पैमाइश का कार्य भी पूरा कर लिया गया, मगर गणना रिपोर्ट तैयार कर नहीं भेजी गई है।

वहीं, जांच टीम के एक अधिकारी का कहना है कि गणना रिपोर्ट मिल जाने के बाद इस मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी। मामले के वरिष्ठ अधिकारियों ने काफी गंभीरता से लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रेंच अपार्टमेंट की पार्किंग में कार के शीशे फोड़े



**नोएडा।** फ्र ेंच अपार्टमेंट हाउसिंग सोसाइटी में सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। इस बात का अंदाजा आप इस मामले से लगा सकते हो कि सिक्योरिटी गार्ड तैनात होने के बावजूद भी लोग ना तो खुद सुरक्षित हैं और ना ही उनकी गाड़ी असुरक्षित हैं। बीती रात को अज्ञात लोगों ने पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी के 3 शीशे फोड़ दिए और टायर भी पंचर कर दिया। यह हाल तब है, जब सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घटना को होते हुए किसी भी व्यक्ति ने नहीं देखा। बिल्डर के सारे दावे फेल हो गए हैं। सुरक्षा के नाम पर लोगों को कुछ नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से सोसाइटी में रहने वाले निवासियों में भारी रोष है।

### मोदीनगर में बाइक और कार में भिड़ंत

**नोएडा।** गंगनहर पटरी पर गांव पैंगा से पहले तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 4 लोग घायल हो गए। हादसे में कार नहर में गिरने से बाल.बाल बची। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला मेरठ के थाना जानी के गांव सिसौला खुर्द निवासी शंकर अपने दोस्त दीपक के साथ गुरुवार सुबह अपनी बुआ के पास मुरादनगर जा रहा था। गुरुवार सुबह सात बजे के आसपास जब वह गंगनहर पटरी पर गांव पैंगा से पहले पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर नहर के किनारे बने डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में कार व बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### कबाड़ के गोदाम में लगी भयंकर आग

**गाजियाबाद।** बीती रात अज्ञात कारणों के चलते लोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ी सब्लू रोड पर नूर मार्किट में स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इस सूचना के मिलते ही फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन से अधिक गाडियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। वहीं लोनी थाने के एसएचओ अजय चौधरी की टीम ने भी लोगों को बचाने के लिये रेस्क्यू शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार आग की विकरालता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इस आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाडियों को छह.सात घंटे लग गये। गनिमत रही कि आग की चपेट में आकर कोई जनहानि नहीं हुई। हांए इस अग्निकांड में लाखों की कीमत का स्क्रैप जलकर खाक हो गया।

### गाजियाबाद में मनोज बाजपेयी की मां का निधन

**गाजियाबाद।** बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की मां गीता देवी का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। 8:30 बजे गाजियाबाद के मैक्स पुष्पांजलि हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। वो 20 दिन भर्ती थीं। पिछले हफ्ते उनकी हालत में सुधार भी हुआ, लेकिन बुधवार देर रात तबीयत अचानक बिगड़ गई। मां के अंतिम समय में मनोज बाजपेयी हॉस्पिटल में साथ थे। गीता देवी के यूं चले जाने से मनोज और उनकी पूरी फैमिली सदमे में है। पिछले साल अक्टूबर में मनोज वाजपेयी के पिता राधाकांत बाजपेयी का भी निधन हुआ था।

### चलती गाड़ी में ड्राइवर को हुआ ब्रेन हैमरेज

**नोएडा।** सेक्टर-16 स्थित एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों को बुधवार सुबह लेकर जा रहे वैन ड्राइवर को अचानक ब्रेन हैमरेज हो गया। जिससे चलती वैन में ही ड्राइवर बेहोश हो गया। इस वक्त वैन में 5 स्कूली बच्चे मौजूद थे। ड्राइवर को बेहोश देखकर बच्चे चीखने लगे। स्पीड कम होने से वैन यू.टर्न की दीवार पर टकरा कर रुक गई। इससे बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि बच्चों को चोट नहीं आई। इस दौरान लोग लगातार डायल.112 पर फोन करते रहे, लेकिन उनकी बात नहीं हो सकी। सुशील कुमार ने बताया कि डायल 112 में कोई तकनीकी खामी हुई होगी। जिससे फोन नहीं मिला होगा।

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर चालक ने युवक को रौंदा, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-100 के पास एक वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक युवक को कुचल दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला थाना सेक्टर-39 क्षेत्र का है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि सोरखा गांव में रहने वाला अमन कुमार मदर डेयरी पर काम करता था। वह बीती रात को सेक्टर-100 के पास से सोरखा गांव जाने के लिए गुजर रहा था, तभी एक फॉर्च्यूनर कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन.फ ानन में उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की उम्र 21 साल थी। यह मूलनिवासी हमीरपुर का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि कार चालक शराब के नशे में धुत था। जैगुआर कार चालक सैम्यूअल आइयू प्यस्तरे द्वारा दीपिका त्रिपाठी नामक युवती को टक्कर मारकर उसकी मौत कारित करने के मामले में नोएडा पुलिस को कोर्ट में मुंह की खानी पड़ी है।

# मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक व ट्रांसपोर्ट हब प्रोजेक्ट की डीपीआर जल्द होगी तैयार

- बोड़ाकी के पास ही ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल बनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की प्रबंध निदेशक ऋतु माहेश्वरी ने मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब की समीक्षा की। सीईओ ने दोनों परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रेजेंटेशन को देखा।

दोनों परियोजनाओं की डीपीआर एवं बिड डॉक्यूमेंट में कुछ संशोधन के सुझाव दिए। इन सुझाव पर अमल करते हुए दोनों परियोजनाओं की डीपीआर एवं बिड डॉक्यूमेंट शीघ्र फ इनल कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसीईओ प्रेरणा शर्मा एवं आनंद वर्धन, महाप्रबंधक परियोजना सलिल यादव, उप महाप्रबंधक वित्त मोनिका चतुर्वेदी, आईआईटीजीएनएल के निदेशक अभिषेक चौधरी, कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब परियोजना के अंतर्गत रेलवे, बस अड्डा व मेट्रो कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। बोड़ाकी के पास ही ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल बनाया जाएगा। यहां से पूरब की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें चलेंगी। इससे दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। ट्रांसपोर्ट हब में ही अंतर्राज्यीय बस अड्डा भी बनेगा।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरीश कुमार गोस्वामी/आशा देवी गोस्वामी/ LBGHZ00000350276 | मकान नंबर 1007, खसरा नंबर 204, एनएच-24, भीम नगर, मवई लोनी, गाज़ियाबाद, (यूपी), दिसंबर 03, 2022 | अगस्त 12, 2010 ₹ 6,42,021/- | गुड़गांव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसम्बर 09, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## कब्जा सूचना

ICICI Bank
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400051
आंचलिक कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली-110003
[नियम - 8(1)]
कब्जा सूचना

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 21 मई, 2022 जारी की थी, जिसमें मैसर्स निपमैन फास्टनर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ("कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता") से उक्त सूचना में वर्णितानुसार 29 अप्रैल, 2022 तक बकाया सम्पूर्ण राशि रू. 22,22,66,648.83 (रू. बाईस करोड़ बाईस लाख छियासठ हजार छह सौ अड़तालीस तथा पैसे तिरासी मात्र) वसूली की तिथि तक उस पर आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज तथा अन्य प्रभारों सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता उक्त बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्याभूत आस्ति (जिसका विस्तृत विवरण यहां नीचे वर्णित किया गया है) का कब्जा 06 दिसम्बर, 2022 को ले लिया है।
कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक की 29 नवम्बर, 2022 तक बकाया राशि रू. 23,74,30,228.80 वसूली की तिथि तक उस पर आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज तथा अन्य प्रभारों समेत चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।
कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन |
|---|
| कॉमर्शियल ऑफिस स्पेस नंबर डीजे1004, 10वां तल, जिसका प्लिंथ एरिया 63.761 वर्ग मीटर तथा सुपर एरिया 98.128 वर्ग मीटर (1056 वर्ग फीट) है, बेसमेंट में पार्किंग स्पेस नंबर बीपी1044 सहित, जो प्लॉट नंबर 11, नॉन-हायरआर्चीकल कॉमर्शियल सेंटर, जासोला, नई दिल्ली में स्थित डीएलएफ टावर्स, जासोला (टावर बी) नामक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का हिस्सा है। चौहद्दी : उत्तर : 1003, पूरब : खुला, दक्षिण : 1005, पश्चिम : कॉरीडोर |
| कॉमर्शियल ऑफिस स्पेस नंबर डीजे1005, 10वां तल, जिसका प्लिंथ एरिया 63.761 वर्ग मीटर तथा सुपर एरिया 98.128 वर्ग मीटर (1056 वर्ग फीट) है, बेसमेंट में पार्किंग स्पेस नंबर बीपी1045 सहित, जो प्लॉट नंबर 11, नॉन-हायरआर्चीकल कॉमर्शियल सेंटर, जासोला, नई दिल्ली में स्थित डीएलएफ टावर्स, जासोला (टावर बी) नामक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का हिस्सा है। चौहद्दी : उत्तर : 1004, पूरब : खुला, दक्षिण : 1006, पश्चिम : कॉरीडोर |

तिथि : 06 दिसम्बर, 2022
स्थान : नई दिल्ली
हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## GURU NANAK KHALSA COLLEGE
KARNAL
(Govt.Aided College)
Ph. 0184-2252873, 94160-08873 Website :www.gnkckarnal.org

Applications are invited for the vacant and sanctioned the following Non-Teaching Posts on regular (Grant-in-Aid) basis.

| Sr.No. | Number of Post | | Category |
|---|---|---|---|
| 1. | Head Clerk | 01 | General |
| 2. | Clerk | 02 | General |
| 3. | Restorer | 01 | General |
| 4. | Peon | 01 | General |
| 5. | Mali | 01 | General |
| 6. | Sweeper | 01 | General |
| 7. | Chowkidar | 01 | General |

Qualification, Age, Pay Scale and reservation as per KUK/Haryana Govt. latest norms.
Apply within 21 days from the date of advertisement alongwith all documents . Deposit one copy of application along with the documents to the Dean of Colleges KUK.Applications form can be obtained from the college office after paying Rs. 500/-.

S.Kanwarjit Singh Prince, President
Dr. Gurinder Singh, Principal

## SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd vs SUNIL SINGHAL, FAO 16/2017 & CM No.1090/2017 | Vehicle No. DL1LV3687, Make and Model – AL DOST LS, Manu Year -2014 |
| ICICI BANK LTD VS RAJ KUMAR , CS SCJ Case No 371/2018 | Vehicle No. HR38U1449, Make and Model – TATA MOTORS LTD ACE, Manu Year -2015. |

**Auction Date: December 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022 **Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

Terms of Sale
The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi – 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राष्ट्रीय पार्टी बनने की राह में आप के हौसले बुलंद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुजरात और हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी को कामयाबी भले ही नहीं मिली लेकिन राष्ट्रीय पार्टी बनने की राह में हौसलों को पंख लग गए हैं। पार्टी के नेता जश्न मना रहे हैं।

साथ ही केजरीवाल के शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी के मॉडल को देशभर में फैलाने का संकल्प लिया। उनका कहना है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के चमत्कारी नेतृत्व की बदौलत महज 10 साल में ही आप राष्ट्रीय पार्टी बनने जा रही है। गुजरात की 35 लाख से अधिक जनता ने अपना आशीर्वाद देकर देश की सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनने का सौभाग्य दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने पर सभी देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी छोटी सी आम आदमी पार्टी सिर्फ 10 साल में आज राष्ट्रीय पार्टी बनने जा रही है। देश में चंद पार्टियों को ही यह दर्जा मिला है। उनमें अब आपकी आम आदमी पार्टी भी शामिल हो गई है। गुजरात की जनता ने आप को राष्ट्रीय पार्टी बनने का गौरव दिया है। गुजरात भाजपा का गढ़ माना जाता है। आप उसका किला भेदने में सफल हुई है। गुजरात विधानसभा में 13 फीसद के करीब वोट मिले हैं। इस बार पार्टी भाजपा का किला भेदने में सफल हुए, अगली बार इस किले को जीतने में भी सफल होंगे। आज दो राज्यों में सरकार है और अब राष्ट्रीय पार्टी भी बन गई है, यह सुन लोग दांतों तले उंगली दबा लेते हैं। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान सकारात्मक चलाया और केवल दिल्ली-पंजाब में किए अपने काम की चर्चा की और यही हमें दूसरी पार्टियों से अलग करता है।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं संग संवाद करते हुए।

75 साल से देश में गाली-गलौज, मारपीट और जाति-धर्म की राजनीति ही चलती रही है। पहली बार एक पार्टी आई है जो जनता के मुद्दों, विकास और देश को नंबर-1 बनाने की बात करती है। उन्होंने इसके लिए सभी समर्थकों और देशवासियों को बधाई दी है।

केजरीवाल के मुताबिक आम आदमी पार्टी स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क, जिसका रोजमर्रा की जिंदगी में एक आम आदमी का वास्ता पड़ता है, उन मुद्दों की बात करती है। हमें पॉजिटिव राजनीति करनी है। आप कार्यकर्ता शरीफ और ईमानदार और देशभक्त लोग हैं। यही पहचान हमें अपनी आगे भी बनाकर रखनी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से लोगों की सेवा करते रहने की अपील करते हुए कहा कि कहीं भी कोई दुखी हो, तो उसकी सेवा जरूर करें।

इस बीच दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय,राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी तक पार्टी को चुनाव चिह्न के लिए संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद अब पूरे देश में झाड़ू चलाने का रास्ता साफ हो गया है। गुजरात की जनता ने आप को राष्ट्रीय पार्टी बनाकर संदेश दिया है कि केजरीवाल ने शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी का जो मॉडल दिया, उसे पूरे देश में फैलाना है।

# उपराज्यपाल से अनुमति मिलने के बाद पार्षद लेंगे शपथ

**● निगम अधिकारियों ने एलजी से सदन की बैठक बुलाने का किया अनुरोध**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अनुमति मिलने के बाद नवनिर्वाचित पार्षद शपथ लेंगे। इसके बाद ही महापौर का चुनाव कराया जा सकेगा। इसके मद्देनजर दिल्ली नगर निगम के अधिकारी जल्द ही उपराज्यपाल से मिल कर नगर निकाय के सदन की बैठक बुलाने के लिए तारीख तय करने का अनुरोध करेंगे। ताकि नव निर्वाचित पार्षद शपथ ले सकें और महापौर चुना जा सके।

सदन की बैठक सिविक सेंटर में बुलाई जाएगी। उत्तर, पूर्वी व दक्षिणी दिल्ली नगर निगमों का एकीकृत होने के बाद यह सदन की पहली बैठक होगी। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चुनाव खत्म हो गए हैं और अब एमसीडी उपराज्यपाल से संपर्क करेगी, एक तारीख तय करने का आग्रह करेगी, जिस दिन निगम के सदन की बैठक बुलाई जाएगी ताकि पार्षद शपथ ले सकें और उसके बाद महापौर चुना जा सके। दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के मुताबिक,निगम हर साल अपनी पहली बैठक में अपने में से किसी पार्षद को महापौर के तौर पर चुनेगा और दूसरे सदस्य को उपमहापौर के तौर पर चुना जाएगा। चुनाव अधिकारियों ने पहले कहा था कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया 15 दिसंबर को संपन्न हो जाएगी।

## वार्ड के बदले हुए नामों व संख्या को किया अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली में विभिन्न नगर निगम वार्ड के बदले हुए नाम और संख्या को अधिसूचित कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से छह दिसंबर को जारी एक अधिसूचना के तहत, सरकार ने 12 जोन में आने वाले वार्ड की सूची साझा की है और हाल के परिसीमन के बाद संबंधित वार्ड को दी गई संख्या का जिक्र है।

# नवनिर्वाचित 67% पार्षद करोड़पति

**● एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में दी गई जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 250 नवनिर्वाचित पार्षदों में से करीब 67 फीसदी करोड़पति हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई है।

इसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 में तीन नगर निगमों के 270 में से 266 पार्षदों के हलफनामों का विश्लेषण किया गया था तब 51 प्रतिशत पार्षद करोड़पति थे। इन तीनों उत्तर, पूर्वी व दक्षिण निगमों को इस वर्ष मिलाकर एक कर दिया गया था और वार्ड की संख्या घटकर 250 रह गई थी। चार दिसंबर को हुए एमसीडी चुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, 248 विजयी उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया गया है जिनमें से 167 (67 प्रतिशत) करोड़पति हैं।

वर्ष 2017 में 266 पार्षदों में से 135 (51 फीसदी) करोड़पति थे। उसमें कहा गया है कि भाजपा के 82 पार्षदों ने अपनी संपत्ति एक करोड़ रुपए से अधिक घोषित की है। आप के 77 पार्षदों ने खुद को करोड़पति घोषित किया है। भाजपा के 104 में से 82 (79 फीसदी), आप के 132 में से 77 (58 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ में से छह (67 फीसदी) और निर्दलीयों में तीन में से दो (67 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति एक करोड़ से ज्यादा की घोषित की।

# जंगल सफारी बनाने की योजना को मिली स्वीकृति


अधिकारियों संग बैठक में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व सीएम मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच दिल्ली के हरियाणा भवन में बैठक हुई।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के बीच दिल्ली के हरियाणा भवन में हुई बैठक में अरावली को हरा भरा बनाने, नजफगढ़ ड्रेन के साथ गुरुग्राम जिला में हो रहे जलभराव की समस्या से किसानों को निजात दिलाने तथा गुरुग्राम व नूह जिलों में बड़ी जंगल सफारी विकसित करने के विषयों पर बातचीत हुई। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा के गुरुग्राम तथा नूह जिलों में बड़ी सफारी बनाने का काम हो रहा है।

सफारी बनाने की प्लान स्वीकृत हो गई है, अब केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद उस पर कंपनसेटरी अफॉरेस्टेशन अर्थात क्षतिपूर्ति पौधारोपण का पैसा आएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला के महेंद्रगढ़ जैसे जिलों में हिस्से को कैसे हरा भरा रखा जाए, उस पर पौधारोपण कैसे किया जाए, इस पर भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ चर्चा हुई है और इन विषयों पर मुख्यमंत्री का बहुत ही सकारात्मक रुख है।

# सागर हत्याकांड : रेसलर सुशील के दो फरार साथी गिरफ्तार

**● लगातार ठिकाने बदल रहे थे : पुलिस**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सागर हत्याकांड में शामिल ओलंपियन सुशील कुमार के दो साथियों को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। दोनों लगातार अपने ठिकाने बदल रहे इसलिए पुलिस से बचते आ रहे थे।

इन लोगों की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50-50 हजार ईनाम घोषित कर रखा था। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान अंकित डबास और जोगिंदर काला के रूप में हुई है। विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव के अनुसार, सागर हत्याकांड के बाद में दोनों आरोपी अंकित और जोगिंद्र फरार हो गए थे। मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों उत्तर प्रदेश में हैं जिसके बाद जाल बिछाकर दोनों को उत्तर प्रदेश के बागपत से गिरफ्तार किया गया। सागर के हत्या वाले दिन दोनों आरोपियों को सुशील के करीबी अजय ने फोन करके बुलाया था।

फरारी के दौरान दोनों आरोपी काफी दिनों तक किसान आंदोलन के दौरान दोनों टिकरी बॉर्डर पर बैठ गए थे लेकिन, जैसे ही किसान आंदोलन खत्म हुआ। अंकित हिमाचल प्रदेश जा कर रहने लगा और वहां एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में बतौर लेबर के तौर पर काम कर रहा था जबकि दूसरा आरोपी जोगिंदर हरिद्वार के मंदिरों और धर्मशाला में अपनी पहचान छुपा कर रह रहा था ताकि कानून के नजरों से बच सके।




# आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक वस्तुओं और पर्यावरण को सुरक्षित करने की आवश्यकता : खट्टर

## कहा, गिरते भूजल स्तर को रोकने में प्रति वर्ष एक हजार तालाबों का पुनः निर्माण करना होगा

एन. रोहिल्ला। सोहना

**प्रदेश** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक वस्तुओं और पर्यावरण को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। मानव के साथ-साथ वन्य प्राणियों को सुरक्षित रखने के लिए जंगलों को बचाना होगा। गिरते भूजल स्तर को रोकने में प्रति वर्ष एक हजार तालाबों का पुनः निर्माण करना होगा।

गुरुवार को प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम पंचायत दमदमा, खेड़ला और अभयपुर की 500 एकड़ जमीन पर सीएसआर के माध्यम से बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। जिसके निर्माण पर 70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पार्क चार चरणों में कार्य करके पूरा किया जाएगा। जिसमें 80 एकड़ जमीन पर दमदमा झील को विकसित करना है। झील का गिरते जलस्तर को बढ़ावा देने के साथ-साथ


मुख्यमंत्री के आगवन पर सीवन-1 नाव से झील में अभ्यास करते खिलाड़ी।

पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष भूजल का स्तर 5 से 10 फुट गिर रहा है। जिसके आधार पर 40 वर्ष बाद यह जलस्तर 100 फुट और गिर जाएगा। आने वाली पीढ़ी को पीने के लिए पानी नहीं मिलेगा। जल संरक्षण करना और गिरते भूजल स्तर को बचाने के लिए प्रदेश में अमृत सरोवर योजना के तहत प्रत्येक जिला में 75 तालाब विकसित किए जाने है। जिला गुरुग्राम में अभी तक 20 तालाबों को जल संरक्षण के उपयोग में लाया गया है। आने वाले समय में प्रतिवर्ष प्रदेश में 18 हजार तालाबों को हर वर्ष विकसित करना होगा। शहर व गांवों में जलापूर्ति के दौरान एक नहीं दो लाइनें बिछाई जाएगी।

एक लाइन से पीने का पानी आएगा तो दूसरी लाइन से घरों से उपयोगी पानी को वाटर ट्रिटमेंट प्लांट तक ले जाया जाएगा। जहां से पानी को खेती, गाड़ी धुलाई, कपड़ों की धुलाई आदि में उपयोग किया जा सके। बरसाती पानी को तालाब व बांधों में संरक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा वर्तमान समय में मनुष्य को मानव जाति के साथ-साथ प्रकृति प्रेम के प्रति सजग करने की आवश्यकता है। जिससे दूषित होता पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ वन्य प्राणियों को जीवनदान मिलेगा। दमदमा, खेलड़ा और अभयपुर की ग्राम पंचायत जमीन पर बनाएं जाने वाले बायोडायवर्सिटी पार्क से क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार मिलने के साथ-साथ अपने आस पास शुद्ध वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर सीएसआर और जिला उपायुक्त के बीच योजना पर संयुक्त रूप से समझौता पर हस्ताक्षर भी किए गए।

**दमदमा से 20 किमी दूर विकसित होगी जंगल सफारी :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दक्षिण हरियाणा को हरियाली और पर्यावरण दूषित होने से बचाने के लिए दमदमा झील से 20 किलोमीटर दूर सोहना से लगती अरावली पहाड़ी में जंगल सफारी विकसित की जाएगी। जिसमें गुरुग्राम और नूंह जिले की जमीन को शामिल किया है। इस जंगल सफारी के विकसित होने से वन्य प्राणियों को संरक्षण मिलेगा। इसके साथ पर्यावरण को शुद्ध करने का भारी मदद होगी।


दमदमा झील में नौकायान करते खिलाड़ियों को देखते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


मुख्यमंत्री के समक्ष बायोडायवर्सिटी पार्क को लेकर के बीच योजना पर हस्ताक्षर करते सीएसआर और गुरुग्राम उपायुक्त।

**नौकायान संस्था की बल्ले-बल्ले :** दमदमा झील में नाकायान का अभ्यास करने वाली क्याकिंग एंड क्लोइंग संस्था को खिलाड़ियों की आर्थिक मदद के लिए सीएसआर के माध्यक से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर मौजूद हल्का सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने भी सांसद कोटा से 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्योराज खटाना ने बताया कि वर्तमान समय में 100 के लगभग खिलाड़ी नौकायान का अभ्यास कर रहे है। उनके खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 के लगभग मेडल जीते है।

# विधायक संग कार्यकर्ताओं ने गुजरात जीत की मनाई खुशी

## सैंकड़ों कार्यकर्ता विधायक संग पहुंचे दिल्ली

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला गुरुवार को सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ गुजरात चुनाव जीत की खुशी मनाने के लिए भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय दिल्ली रवाना हुआ। इससे पहले उन्होंने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं को जीत की खुशी सांझा करते हुए मिठाई बांटी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुजरात की प्रचंड जीत के बाद यह साबित हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा बरकरार है।

जनता उनमें, उनकी नीतियों में विश्वास करती है। जनता को बरगलाने वाली कांग्रेस और आप को गुजरात की जनता ने आइना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित देशों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाकर खड़ा कर दिया है। भारत को अब अमेरिका जैसे देश गंभीरता से लेते हैं। दुनिया को गिनती सिखलाने वाला भारत अब दुनिया में अहम स्थान रखता है। विधायक सुधीर सिंगला के साथ भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुंदरी खत्री, सरस्वती मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पार्षद सुभाष सिंगला, मनीष वजीराबाद, मंगतराम बागड़ी, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन सुमेर तंवर, अर्जुन मंडल उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस्वती मंडल महामंत्री स्वाति टंडन, अशोक डबास, मंडल सचिव अशोक सेन, कर्मवीर यादव, सीएम विंडो के सदस्य एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल, पंकज यादव, गगनदीप चौहान, सुनील नंबरदार, रघुवीर सरपंच, रामनिवास, हंसराज सरपंच, दीपक शर्मा, अभिषेक गौड़, आशीष गुप्ता, अनिल शर्मा, सिद्धू, आलोक तिवारी, लुभावन सोलंकी, रवि गुप्ता समेत अनेक लोग दिल्ली पहुंचे।


कार्यकर्ताओं के साथ गुजरात जीत की खुशी मनाते विधायक सुधीर सिंगला।

# अवैध फार्म हाउसों को रोकने को आगे आएं ग्रामीण : केंद्रीय मंत्री

## सांसद इंद्रजीत राव ने कहा, पेयजल संकट के लिए क्षेत्रवासी हैं जिम्मेदार

## अरावली में जलबहाव वाले रास्तों में बनते अवैध फार्म हाउस भी हैं जिम्मेदार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**केन्द्रीय** मंत्री एवं हल्का सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बनते अवैध फार्म हाउसों के निर्माण पर रोक लगाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों को आगे आना होगा।

क्षेत्रवासी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलावाएं। जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके। गुरुवार को दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क की आधारशिला रखे जाने के मौके पर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम से सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने क्षेत्र में


गुरुवार को दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क आधारशिला अवसर पर बोलते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

घटते भूजल स्तर पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने इस पेयजल संकट के लिए क्षेत्रावासियों को दोषी बताया। जिसका सबसे बड़ा कारण जलबहाव वाले रास्तों में बनते अवैध फार्म हाउसों का निर्माण है।

बरसात के दौरान अरावली पहाड़ी से धरातल पर आने वाला पानी को बीच रास्ते में ही रोकना। पानी के प्रकृति बहाव के रास्तों में बनें अवैध फार्म पर क्षेत्र के ग्रामीण रोक लगाने के लिए आगे आए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज अवैध फार्म हाउसा दिन प्रति दिन बढ़ रहे हैं। जिनका आम नागरिकों को कोई लाभ नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध फार्म हाउस का निर्माण करने वाले धनकुबेरों को अपनी जमीन न बेचें।

अवैध फार्म हाउसों पर राज्य सरकार तुरन्त प्रभाव से रोक लगाए। जमीन बेचने से आने वाला पैसे से ग्रामीण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का काम करें। जिससे उनका बच्चा अच्छी पढ़ाई करके कमाया गया पैसे का सदुउपयोग कर सके। केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली से अच्छे नागरिक गुरुग्राम जिले में आकर निवास कर रहे हैं।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी कमरे लगाने का कार्य शुरू

## ट्रांसलाइन टेक्नोलोजिज देगी पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण

**हिसार।** दिल्ली में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिये लाई जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना को धीरे धीरे पूरे देश में लागू किया जायेगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के बाद पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठने वाले सवालों में काफी कमी आयेगी और जनता और पुलिस अधिकारियों का समन्वय बेहतर होगा। दिल्ली में 50 पुलिस थानों में आधुनिकरण करने की योजना के अन्तर्गत ट्रान्सलाइन टेक्नोलोजिज प्राइवेट लिमिटेड को सीसीटीवी कैमरे के डिजाइन आपूर्ति लगाने एवं रखरखाव के कार्य दिया गया हैं। इसके साथ ही कम्पनी पुलिस थानों में सिस्टम इन्टीग्रेशन सॉफटवेयर को बेहतर करने का कार्य करेगी। ट्रान्सलाइन टेक्नोलोजिज इन कैमरों की तीन साल की ऑन साइट विस्तृत वारंटी



एवं 5 साल की ऑन साईट विस्तृत रख रखाव का कार्य करेगी। इस योजना के सम्बन्ध में ट्रान्सलाइन टेक्नोलोजिज प्राईवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरूण गुप्ता ने बताया कि उनकी कम्पनी ने सीसीटीवी लगाने से सम्बन्धित कई बढ़ी योजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है और अब पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने की इस योजना को उनकी टीम बहुत ही गम्भीरता से ले रही है क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण योजना हैं। जो पुलिस और जनता के बीच बेहतरीन सम्बन्ध बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना को पूरा करने के लिये उनकी कम्पनी स्थानीय निकायों जैसे डीडीएए नगर निगम पीडब्ल्यूडी एवं राजमार्ग प्राधिकरण आदि से जुड़ कर कार्य कर रही है।

# महंगी कारों के शहर गुरुग्राम में साइकिल चालकों के लिए जताई चिंता

## साइकिल चालकों की राह आसान करने पर हुआ मंथन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**शहर** में इन दिनों साइकिलिंग के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की जरूरत जैसे जरूरी विषय को लेकर गुरुवार को टू व्हील्स गुरुग्राम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम और कला प्रदर्शनी का आयोजन सस्टेनेबल मोबिलिटी नेटवर्क ने किया, जो 20 से ज्यादा ऐसे संगठनों का देशव्यापी नेटवर्क है। यह पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने वाले परिवहन और यातायात के साधनों की दिशा में काम करते हैं।

इस कार्यक्रम में साइकिल चालकों और उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा को गति देने के लिए एक समूह चर्चा की गई। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट गुरुग्राम दर्शन यादव, राहगिरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं ट्रस्टी सारिका पांडा भट्ट, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी, परपज क्लाइमेट लैब के निदेशक हरप्रीत बग्गा, सेफ्टीपिन के सह-संस्थापक एवं सीईओ कल्पना विश्वनाथ ने भाग लिया। अपने संबोधन में सिटी मजिस्ट्रेट दर्शन यादव ने कहा कि किसी भी नियोजित शहर की योजना बनाने से पहले उसके बारे में एक स्पष्ट विजन होना जरूरी है। टू व्हील्स गुरुग्राम को साकार करने के लिए हमें संभावनाओं को समझना होगा और फिर उसके लिए एक आदर्श विजन तैयार करनी होगी। हमें गुरुग्राम में ऐसी कम से कम दस सड़कों की पहचान करनी होगी, जिन्हें बेहतर साइक्लिंग और वॉकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है।


गुरुग्राम में साइकिल चालकों की राह आसान करने को लेकर चर्चा में शामिल अतिथि।

इसके बाद हम डिजाइनरों और आर्किटैक्ट्स को जोड़कर इन योजनाओं को साकार कर सकते हैं। समर्थयम नेशनल सेंटर फॉर एक्सेसिबल एन्वायरनमेंट्स की निदेशक निधि मदान ने कहा कि किसी भी सस्टेनेबल शहर की योजना बनाने के लिए हमें विभिन्न पहलुओं पर विचार करना चाहिए। यदि यह काम ठीक से हो गया तो हम न सिर्फ साइकिल फ्रेंडली शहर बना सकते हैं, बल्कि एक सस्टेनेबल और लिवेबल सिटी को भी तैयार करने में सक्षम बन जाएंगे।

सारिका पांडा भट्ट ने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से गुरुग्राम को साइक्लिंग के लिहाज से सुरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन इतना ही काफी नहीं है। साइकिल सवारों का अपनी जान से हाथ धोना जारी है। शहर में अन्य रोड इंफ्रास्ट्रक्चर काफी प्रभावी है। अब समय आ गया है कि हम इस बात को स्वीकार करें कि शहर में साइक्लिस्टों की संख्या काफी है। उन्हें बेखौफहोकर शहर में यहां से वहां साइकिल की सवारी करने की आजादी मिलनी चाहिए। जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक सिर्फ 8 फीसदी भारतीय परिवारों के पास ही गाड़ियां हैं।

# मोदी लहर के बीच गुजरात चुनाव में बह गई कांग्रेस-आप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** बार फिर से मोदी लहर चली और गुजरात के चुनाव में कांग्रेस और आप को बहा ले गई। लगातार 7वीं बार जीतकर भाजपा ने इतिहास रच दिया है। सरकार बनाने के दावे करने वाले अरविंद केजरीवाल को गुजरात की जनता से आइना दिखा दिया। कांग्रेस ने भी गुजरात में मुंगेरीलाल के सपने देखे थे। जो सच होने ही नहीं थे। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गुजरात चुनाव पर खुशी मनाते हुए कही। इस खुशी में वे कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में दीन दयाल उपाध्यय मार्ग स्थित भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय भी पहुंचे।

नवीन गोयल ने कहा कि गुजरात के 2022 के विधानसभा चुनाव में वर्ष 1985 और 2002 का रिकॉर्ड टूटा है। साल 2002 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने 127 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। बात करें गुजरात में नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सफर


गुजरात की जीत पर दिल्ली जाकर खुशी मनाते नवीन गोयल।

की तो वर्ष 2001 में बीजेपी ने नरेंद्र मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया।

मोदी के मुख्यमंत्री बनने के बाद अगले ही साल 2002 में चुनाव हुए। मोदी के नेतृत्व में इस चुनाव में बीजेपी ने 127 सीटों पर जीत दर्ज की। अब 2022 में गुजरात में बीजेपी ने प्रचंड जीत के साथ इतिहास रच दिया है। नवीन गोयल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ही तय हो चुका था कि कांग्रेस गुजरात में और ज्यादा पिछड़ेगी। हुआ भी वही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रूपी नैया का अब कोई खेवैया नहीं रहा। कांग्रेस डूबता जहाज नहीं, बल्कि कांग्रेस का जहाज डूब चुका है। रही आम आदमी पार्टी की बात तो सरकार बनाने के दावे करने वाले केजरीवाल अब गुजरात में कुछ सीटें लेकर इतरा रहे हैं।

# नायका फैशन एंड एलबीबी पेश करते हैं फर्स्ट इन फैशन फेस्टिवल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यह** साल भले ही खत्म होने को है, लेकिन फैशन के दिन कभी खत्म होने वाले नहीं हैं। नायका फैशन एलबीबी के साथ मिलकर नए जमाने के लाइफ स्टाइल का फैशन शॉपिंग अनुभव पेश कर रहा है। फैशन की नवीनतम शैलियों, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और फैशनेबल डिजाइनों के कपड़े निश्चित ही आपको खरीदारी से रोक नहीं पाएंगे!

इस फैशन फेस्टिवल का एक दिन यानी 10 दिसंबर शॉपिंग फेस्टिवल है, जो महरौली के शानदार एक एक्यू फार्म्स में एक छत के नीचे सज रहा है। फैशन के मुरीदों के लिए यहां कुछ बेहतरीन और सबसे स्टाइलिश ब्रांड हैं, जो निश्चित रूप से आपको जरूर पसंद आएंगे। इस फैशन फेस्टिवल में सिर्फ स्टाइलिश कपड़े ही नहीं, जूते, घर की सजावट का सामान और एफएंडबी में इंस्टा-फर्स्ट, इंटरनेशनल और पसंदीदा लेबल की एक बड़ी श्रृंखला होगी। इसे एलबीबी और नायका फैशन के निर्माताओं ने खास आपने लिए चुना है। सर्दियों के मौसम में लिए ये खरीदारी का अनोखा अनुभव होगा। यहां आपको 50 से अधिक विकल्पों में अपनी पसंद खोजने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस फेस्टिवल को नए जमाने की फैशन के हिसाब से काफी सोच-समझकर बनाया गया है। जहां तक आपकी खरीदारी के अनुभवों की बात है, तो ये फैशन उत्सव आने वालों को वह सब कुछ उपलब्ध कराएगा जिसका उन्हें अब तक इंतजार रहा है। निश्चित रूप से यह दिन उनके लिए आनंददायक भी होगा। दिल में उतर जाने वाले पेय से लगाकर तृप्त करने वाले निबल्स तक का अनुभव वास्तव में अलग ही होगा। माहौल को खुशबूदार बनाने के लिए यहां फूलों की भी व्यवस्था होगी। सहयोगी के साथ कभी न भूलने वाले मजेदार अनुभव के लिए यहां कलरबार ने टाइटन और 'को-अर्थ' जैसे प्रायोजक रखे हैं। इसके अलावा 'वेगा' और सेंको जैसे कुछ चुनिंदा नाम भी यहां मौजूद हैं।

नायका फैशन के प्रवक्ता ने इस फैशन फेस्टिवल के बारे में बताया कि जब अलग-अलग फैशन अनुभवों की बात आती है, तो नायका फैशन के




खरीदार इस बात को जानते हैं कि यह मंच सबसे स्टाइलिश, प्रतिष्ठित और अनोखी पेशकश वाला होता है। यहां आप कुछ ज्यादा की उम्मीद कर सकते हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हम फर्स्ट इन फैशन फेस्टिवल हैं। साथ ही अब हम इसे आगे भी बढ़ा रहे हैं। खरीदारों की पसंद का अनुभव हम जानते हैं। हमारे सहयोगी एलबीबी हर फैशन प्रेमी की पसंद के बेहतरीन ब्रांड और छिपे हुए रत्नों के जुनून को साझा करने में कोई कसर भी नहीं छोड़ते!

# एजेंसी कर्मचारी उड़ा रहे एनजीटी के आदेशों की धज्जियां

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## नगर परिषद के कर्मचारी से लेकर अधिकारी देखकर भी कर रहे अनदेखा

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी कर्मचारी एनजीटी के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। वहीं नगर परिषद के छोटे कर्मचारी से लेकर उच्चाधिकारी एजेंसी कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को नजरअंदाज करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

सोहना नगर ने इसी साल नये सिरे से 12 अगस्त को पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी को नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका दिया था। यह ठेका दो करोड़ 92 हजार रुपये एक साल के लिए दिया था। जिसके अनुसार हर माह 15 लाख रुपये परिषद एजेंसी को डोर टू डोर कूड़ा उठाने का भुगतान करेगी। जिसमें एजेंसी के 30 रिक्शा, 18 टिप्पर, 5 ट्रैक्टर और 2 जेसीबी पर 81 कर्मचारी तैनात रहने का तय किया था। साथ में एनजीटी की शर्तों का पालन करने के विशेष रुप से निर्देश दिए गए थे, लेकिन बीते करीब ढाई माह में नगर परिषद अधिकारी और एजेंसी के बीच हुए समझौता कागजों मे सिमट कर रह गए है। एजेंसी के जो वाहन डोर टू डोर कूड़ा उठाने में लगे हैं। उन पर तैनात कर्मचारी एनजीटी के आदेशों


सोहना में डोर टू डोर कूड़ा लेकर जाते समय एजेंसी कर्मचारी एनजीटी के आदेशों को धज्जियां उड़ाते हुए।

की जमकर धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। एक भी वाहन चालक कूड़ा को निस्तारण केन्द्र तक लेकर जाते समय त्रिपाल का उपयोग नहीं करते है। जिससे कूड़ा वाहन से सड़क पर जाते समय बिखरता जाता है। कूड़ा से उठती बदबू साथ में से निकलने वाले वाहनों में सवार नागरिकों के मनमस्तिक को खराब कर देते हैं। जबकि एजेंसी कर्मचारियों की इस लापरवाही को उसके सुपरवाइजरों से लेकर नगर परिषद के सफाई इंस्पेक्टर और अधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है। बीते ढाई माह में एक भी चालन नगर परिषद की तरफ से एनजीटी के आदेशों की पालन न करने पर काटा गया है। एक कूड़ा उठाने वाले वाहन पर तैनाम कर्मचारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ठेकेदार की तरफ से उन्हें त्रिपाल लगाने के लिए न तो दिए गए हैं और दिए भी गए हैं तो उनका कम से कम उपयोग करने को कहा गया है।

> “ **नगर** परिषद के जेई ओम प्रकाश ने कहा कि सफाई इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई हुई है। उनकी संज्ञान में एजेंसी कर्मचारियों बरती जा रही लापरवाही का मामला नहीं आया है। भविष्य में इस पर गोर किया जाएगा।
>
> **ओमप्रकाश**
> **( जेई नगर परिषद )**

**ठेकेदार राजनीति पकड़ होने करता है दावा :** जानकारी के अनुसार ये एजेंसी मालिक अपने अपनी राजनीति में ऊंची पहुंच होने का दावा करता है। सूत्रों ने बताया कि कई बार इसी राजनीति पहुंच के चलते परिषद के अधिकारियों तक फोन कराए गए है। ताकि कोई अधिकारी एजेंसी मालिक या उसके कर्मचारी को कुछ न कह सके।

# अमेजन फैशन पर वार्डरॉब रिफ्रेश सेल का 11वां संस्करण 9 से 14 दिसंबर 2022 तक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** फैशन ने अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट वार्डरॉब रिफ्रेश सेल के 11वें संस्करण को सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर विशेष डील्स के साथ शुरू करने की घोषणा की है। अब जैसे कि वर्ष 2022 समाप्त होने वाला है, तो ये समय है पुरानी यादों को ताजा करने और संडे ब्रंच, वेडिंग सीजन, हाउस पार्टी या न्यू ईयर ईव को अपने प्रियजन के साथ अपने सबसे फैशनेबल परिधान के साथ जश्न मनाने का। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी क्या योजना है, हम आपको अपैरल, शूज, हैंडबैग, वॉचेज, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटी उत्पादों, लग्जरी ब्यूटी आदि सहित फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के विस्तृत चयन उपलब्ध कराएंगे। ग

ग्राहक शुक्रवार, 9 दिसंबर से शुरू होने वाले और 14 दिसंबर 2022 तक चलने वाले पांच दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट



हासिल कर सकते हैं। यहां आपके पास अपने वार्डरॉब को पूरी तरह से बदलने और लेटेस्ट ट्रेंड्स और डिजाइन के साथ एक नया रूप प्रदान करने का अवसर है।

उपभोक्ता वैन हुसैन, बीबा, लविाइस, वेरोमोडा, ओनली, एलेन सॉली, पूमा, एडिडास, ऑले, बेला वीटा, मेबलीन, झावेरी पर्ल्स, जीवा, टाइमेक्स, फास्ट्रैक, अमेरिकन टूरिस्टर, लैवी आदि सहित 1000 से अधिक टॉप ब्रांड्स के 9 लाख से ज्यादा स्टाइल में से चुनकर खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक अपने पसंदीदा ब्रांड्स जैसे टॉमी हिलफिगर, कोलम्बिया, माइकल कोर्स, एम्पोरियो अरमानी, मोकोबारा, डीकेएनवाई, हाईडिजाइन, एल्डो आदि के प्रीमियम कलेक्शन की खरीदारी 50-80 प्रतिशत डिस्काउंट पर कर सकते हैं।

# फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी अंधेरे में काम करने को मजबूर

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल परिसर में चल रहे जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण के दफ्तर में बिजली की केबल जलने से पिछले 15 दिनों से बिजली गुल है, लेकिन शिकायतों के बाद भी बिजली शुरू नहीं की गई है। ऐसे में यहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग के सभी ऑनलाइन कार्य अधिकारियों को घर से लेपटॉप चार्ज कर दफ्तर में करने पड़ रहे हैं। वहीं विभाग ने गत नवंबर में 12 सैम्पल जांच के लिए भेजे हैं। जिनकी रिपोर्ट

## 226 में से 153 पास, 61 सैम्पल आए फेल और 12 की रिपोर्ट आनी बाकीः पृथ्वी सिंह

आनी है। वहीं सिंतबर और अक्टूबर माह में लिए गए 72 सैम्पलों में से अनसेफ, मिसब्रांड और सब स्टैंडर्ड पाए गए सैम्पलों के मालिकों को विभाग ने नोटिस भेजा है। यदि वह रिपोर्ट पेश नहीं करते तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाही कर जाएगी। यह बात जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण के डेजीनेटीड ऑफिसर (पदनामित अधिकारी) पृथ्वी सिंह ने कही।


डेजीनेटीड ऑफिसर पृथ्वी सिंह।

उन्होंने कहा कि मिलावट खोरों से विभाग सख्ती से निपट रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 माह में उन्होंने 226 सैम्पल जांच किए हैं। जिसमें से 153 सैम्पल पास पाए गए। वहीं 16 सैम्पल मिसब्रांड, 42 सैम्पल सब स्टैंडर्ड पाए गए और तीन मिसग्रांड पाए गए है। वहीं नवंबर में लिए गए 12 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

**पांच जिले :** फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट में डेजीनेटीड ऑफिसर के पद पर नियुक्त पृथ्वी सिंह ने बताया कि वह प्रदेश में पांच जिले संभाल रहे हैं। जिसमें फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रेवाडी, नारनौल जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में एफएसओ डॉ. सचिन भी तैनात हैं, वह पलवल और फरीदाबाद जिला संभाल रहे हैं। वहीं जब उनसे प्रदेशभर में मौजूद जिलों के विषय में बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रदेश के 22 जिलों में उनके समेत कुल 5 कंट्रोलर और 14 एफएसओ हैं। जिसे देखते हुए विभाग ने अब 41 भर्तियां निकाली है। ताकि प्रदेश में अधिकारियों की संख्या बढ़ सके।

**वर्ष 2022 में अब तक सैम्पल**

| माह | नमूने | पास | मिसब्रांड | सबस्टैंडर्ड | अनसेफ |
|---|---|---|---|---|---|
| जनवरी | 21 | 15 | 2 | 4 | 0 |
| फरवरी | 26 | 23 | 2 | 0 | 1 |
| मार्च | 15 | 07 | 3 | 5 | 0 |
| अप्रैल | 25 | 17 | 0 | 8 | 0 |
| मई | 09 | 05 | 0 | 3 | 1 |
| जून | 26 | 17 | 6 | 3 | 0 |
| जुलाई | 15 | 14 | 1 | 0 | 0 |
| अगस्त | 05 | 05 | 0 | 0 | 0 |
| सितम्बर | 32 | 15 | 1 | 16 | 0 |
| अक्टूबर | 40 | 35 | 1 | 3 | 1 |
| नवंबर | 12 | रिपोर्ट आना बाकी............ | | | |

# भाजपा जिला कार्यालय में गुजरात की जीत का मनाया गया जोरदार जश्न

## गुजरात की जनता ने मोदी के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर फिर लगाई मुहर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** जिला फरीदाबाद कार्यालय अटल कमल में गुजरात विधानसभा चुनाव में फिर कमल खिलने पर जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल और आर एन सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर और नाच कर जीत की खुशी का इजहार किया।

गुजरात चुनाव में भाजपा को 150 से ज्यादा सीटें मिलीं हैं और भाजपा ने कांग्रेस व दूसरी पार्टियों को धूल चटाई है। गुजरात की जनता ने देश हित में काम करने वाली सरकार, गरीब, दलितों और वंचितों के हित में कार्य करने वाली भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर पहले से ज्यादा विश्वास जताते हुए प्रचंड


बीजेपी कार्यालय पर गुजरात में पार्टी की जीत पर खुशी मनाते बीजेपी कार्यकर्त्ता।

बहुमत दिया है और भाजपा सरकार गुजरात के लोगों के लिए अब और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेगी व लोगों की जन समस्यों एवं उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य करेगी। भाजपा जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल ने जीत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि गुजरात की जनता ने मोदी के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना मत देकर प्रचंड बहुमत से जिताया है। पिछले 27 सालों में गुजरात का चहुंमुखी विकास हुआ है। देश का किसान, मजदूर, युवा सशक्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गुजरात देश का नम्बर वन विकास मॉडल बना है। वहां कि जनता ने इस विकास मॉडल पर फिर से मुहर लगाकर भाजपा में पूर्ण विश्वास जताया है। मूलचंद मित्तल ने गुजरात की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुजरात की जनता ने मोदी सरकार में अपना पूर्ण विश्वास दिखलाते हुए भाजपा को जिताकर गुजरात के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है जनता ने गुजरात को जिताकर 2024 का ट्रेलर दिखा दिया है। मित्तल में कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि गुजरात प्रदेश की देवतुल्य जनता ने भाजपा को फिर पूर्ण बहुमत से जिताया जिसके लिए मैं वहां की जनता और कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई।

जिला महामंत्री आरएन सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व व नीतियों पर फिर एक बार अपना अटूट विश्वास जताते हुए-गुजरात की जनता ने विजय रूपी आशीर्वाद भाजपा को देकर एक बार फिर भाजपा की जीत पर मुहर लगाई है।

इस अवसर पर आज भाजपा फरीदाबाद के जिला कार्यालय अटल कमल पर हम सभी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े पर नाच-गाकर व कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया है। इस जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और देश के सभी कार्यकर्ताओं को ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मान सिंह, पंकज पूजन रामपाल, मिडिया जिला सह संयोजक राजमदान, आईटी संयोजक सचेत जैन, मुकेश अग्रवाल, जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा, जिला कार्यलय सचिव सचिन गुप्ता, कुलदीप सिंघल, अश्वनी गुलाटी, महेशचन्द अग्रवाल, गिर्राज त्यागी, संदीप बंसल व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहे।

# पति की हत्या के आरोप में महिला को उम्रकैद और जुर्माने की सजा



**फरीदाबाद।** गांव नेकपुर के निकट स्थित गड्ढा कालोनी में रहने वाली एक महिला को पति की हत्या करने के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर की अदालत ने उम्रकैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला पिछले करीब ढाई साल से अदालत में विचाराधीन चल रहा था।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक राजस्थान के अलवर जिले में रहने वाले ओमप्रकाश ने दो जून 2020 को यह मामला थाना धौज में दर्ज करवाया था। जिसमें उसने कहा था कि उसके बड़े भाई 36 वर्षीय लखन का विवाह करीब 15 साल पहले मथुरा निवासी 30 वर्षीय मधु उर्फ राममूर्ति के साथ हुआ था। फिलहाल लखन के 11 वर्षीय और 8 वर्षीय दो बेटे हैं। दस साल तक लखन इधर-उधर किराए पर रहता रहा। करीब दो साल पहले लखन ने गड्ढा कालोनी में मकान बनाया था।

## मकान नाम न करने पर महिला ने की थी ढाई साल पूर्व पति की हत्या

परिवार के गुजारे के लिए लखन ड्राइवर का काम करता था। मधु यह मकान अपने नाम करवाना चाहती थी। जिसे लेकर वह आए दिन लखन से झगड़ा करती रहती थी। एक जून 2020 की रात को लखन काम से लौटते समय शराब पीकर घर आया था। तभी मधु फिर मकान अपने नाम करवाने की बात को लेकर लखन से झगड़ा करने लगी। उसी दौरान मधु ने गला घोट कर लखन की हत्या कर दी और परिजनों को सूचना दी कि शराब पीने से मौत हुई है। जांच में मामले का खुलासा हो गया था। बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने मधु को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

# एमआर कॉलेज के छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हॉस्टल** से पार्टी में जाने के लिए कहकर गए मानव रचना शिक्षण संस्थान के एक छात्र का शव रेलवे लाईन से बरामद किया है। जीआरपी को छात्र का शव बृहस्पतिवार की सुबह फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से नीलम फ्लाईओवर की ओर रेलवे लाइन से मिला है। शव की पहचान उसके फोन पर आए एक सहपाठी के जरिए हुई।

वहीं दूसरी तरफ जब इस मामले में सहपाठी को पता चला, तो उसने घटना की सूचना अपने प्रोफेसरों को दी। छात्र के सहपाठी और कॉलेज के प्रोफेसर मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने छात्र के शव की पहचान नागेंद्र नायडू के रूप में की और बताया कि मृतक छात्र मानव रचना शिक्षण संस्थान से बीटेक कर रहा है और आंध्रप्रदेश का निवासी था। जिस पर पुलिस ने आंध्रप्रदेश में परिजनों को इस घटना



के बारे में जानकारी दे दी है और परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस प्रथम दृष्टतया में इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, क्योंकि छात्र पिछले दिनो घर से वापस आया है और सहपाठियों ने बताया कि उसके बाद से वह कुछ परेशान था। शव के पास मिले मोबाइल फोन की मदद से उसकी पहचान हो पाई। नागेंद्र मानव रचना शिक्षण संस्थान से बीटेक कंप्यूटर साइंस से कर रहे थे। परिजनों के आने के बाद उसका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दक्षिणी** दिल्ली की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिऐशन (आरडब्ल्यूए) के साथ मिलकर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई) नीति बाग विभिन्न प्रकार के कैंसर से बचाव एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं कल्याण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। विशेषतौर पर बुजुर्गों में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विमर्श किया जा रहा है।

आरजीसीआई नीति बाग के कंसल्टेंट मेडिकल ओंकोलॉजी डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित जांच की मदद से प्रोस्टेट कैंसर से बचाव में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र, मोटापा, ज्यादा बीएमआई, शारीरिक गतिविधि नहीं करने, धूम्रपान करने और परिवार में किसी को पहले से प्रोस्टेट कैंसर होने की स्थिति में किसी व्यक्ति में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। बड़ी उम्र में होने वाली सामान्य समस्या बीपीएच (प्रोस्टेट ग्लैंड का बढ़ना) के लक्षण काफी हद तक प्रोस्टेट कैंसर से ही मिलते-जुलते होते हैं। यूरिन में परेशानी होना, यूरिन ब्लेडर का पूरी तरह खाली नहीं हो पाना आदि इन लक्षणों में शुमार हैं। 50 साल से ज्यादा उम्र वाले करीब 50 प्रतिशत पुरुषों में बीपीएच के लक्षण दिखते हैं। अगर बीपीएच का इलाज न किया



जाए तो यूरिन इन्फेक्शन और यहां तक कि किडनी फेल होने तक का खतरा रहता है। अगर यूरिन करने में दिक्कत हो, तो प्रोस्टेट का अल्ट्रासाउंड और/या एमआरआई कराना होता है। इसके अलावा 50 साल से ज्यादा उम्र के पुरुषों को हर 2 से 3 साल में पीएसए और डिजिटल रेक्टल एक्जामिनेशन करा लेना चाहिए, जिससे शुरुआती स्टेज पर प्रोस्टेट कैंसर का पता लग सके। डॉ. मनीष शर्मा ने स्वास्थ्यपूर्ण भोजन, व्यायाम और वजन पर नियंत्रण रखने की सलाह दी, जिससे प्रोस्टेट कैंसर से काफी हद तक बचना संभव हो पाता है। आरजीसीआई नीति बाग में कंसल्टेंट इन-चार्ज, पेन एंड पैलिएटिव मेडिसिन डॉक्टर सन्नी मलिक ने कहा कि दर्द को मैनेज करने की नई तकनीकें बुजुर्गों में दर्द को कम करने में मददगार हैं। इनसे आर्थराइटिस के कारण घुटनों के दर्द से जूझ रहे मरीजों में सर्जरी और घुटना प्रत्यारोपण की जरूरत भी कम हो सकती है। 50 साल से ज्यादा की उम्र वाले लोगों में ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या बहुत आम हो गई है। डॉ. सन्नी मलिक ने कहा कि घुटने की सर्जरी कराने से पहले किसी पेन स्पेशलिस्ट से मिल लेना चाहिए।

# उच्चतम न्यायालय के आदेशों की दृढ़ता से होगी पालनाः डीएफओ

**फरीदाबाद।** डीएफओ राजकुमार (आईएफएस) ने बताया कि पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम पी0एल0पी0ए0 1900 की धारा 4 और / या 5 के तहत अधिसूचित भूमि पर गैर वानिकी गतिविधियों / अनधिकृत निर्माण करना गैर क़ानूनी है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न पी0एल0पी0ए0 क्षेत्रों जैसे अनखीर, मेवला महाराजपुर, अनगपुर, लक्करपुर पर अनाधिकृत निर्माण है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ष्ड्ढक्क 10294/2013 नरेंन्द्र सिंह और ओआरएस ङ्क्षह्य दिवेश भूटानी और ओआरएस के मामले में 21.07.2021 को दिए गये आदेश द्वारा वन क्षेत्र से सभी अनाधिकृत संरचनाओं को हटाने के लिए निर्देशित किया गया है। अतः सार्वजानिक नोटिस द्वारा वन भूमि से समस्त निर्माण / अनाधिकृत उपयोग को हटाने के निर्देश जारी किये जाते है। यदि वन भूमि में संचालित किसी गैर वानिकी गतिविधि या वन क्षेत्र के निर्माण के लिए किसी सरकारी विभाग / एजेंसी से अनुमति प्राप्त की गई है।

# पुलिस ने नशा तस्कर की अवैध कब्जा कर बनाई इमारत गिरायी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** द्वारा नशा तस्करी और अपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश पर जिला प्रशासन और फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर सत्यदेव के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर सत्यदेव के द्वारा कृषि की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाई गई इमारत को ध्वस्त किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने बल्लभगढ़ के तिगांव के भैंसरावली रोड पर नशा तस्करी करके अर्जित की गई संपत्ति से बनाए गए दो मंजिल मकान को ध्वस्त किया जा रहा है। नशा तस्कर सत्यदेव फरीदाबाद के तिगांव का रहने वाला है। आरोपी पिछले 12 वर्षों से अवैध नशा तस्करी करती है और 38 वर्ष से क्राइम में संलिप्त है। आरोपी पर वर्ष 1984 में घर में चोरी का मुकदमा थाना छायंसा में दर्ज हुआ था। उसके खिलाफ फरीदाबाद में नशा तस्करी के 8 मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें 4 मुकदमे गांजा और चार मुकदमे शराब के थाना छांयसा और तिगांव में दर्ज है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में 6 मुकदमें तथा थाना तिगांव में 10 मुकदमे तथा थाना सिटी बल्लबगढ में एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी ने वर्ष 1984 में चोरी के अपराध से क्राइम की शुरुआत की थी। आरोपी ने पैसे के लालच में आकर नशा तस्करी का काम शुरू कर दिया। नशा तस्करी से अर्जित की



## पुलिस ने बताया, सत्यदेव के खिलाफ अवैध नशे, चोरी व लडाई झगडे के 17 मुकदमे हैं दर्ज

गई अवैध संपत्ति से सत्यदेव ने तिगांव भैंसरावली रोड पर दो मंजिला इमारत बनाई हुई थी जिसमें आरोपी नशा तस्करी का काम करता था। आरोपी व्यक्ति को हुड्डा द्वारा कानून और नियमों की उल्लंघन करने पर नोटिस भी दिया गया था। आरोपी व्यक्ति द्वारा बनाई गई इस इमारत को फरीदाबाद पुलिस तथा जिला प्रशासन की टीमों द्वारा मिलकर ध्वस्त किया जा रहा है। तोड़फोड़ के दौरान एसीपी तिगांव सुखबीर और एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर मौजूद है जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की सारी कार्रवाई संपन्न करवाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की ओर भी सूचियां तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई इसी तरह जारी रहेगी।

# सीएम अनाउंसमेंट के कार्य समय में करें पूरा

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने जिला में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले।

एडीसी अपराजिता ने आज वीरवार को एफएमडीए, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी बी एण्ड आर, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों के मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की एक एक करके विभागवार समीक्षा की। एडीसी अपराजिता ने समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें।

# संदिग्ध हालत में आग लगने से व्यक्ति झुलसा, गंभीर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बाटा** चौक के निकट एसी नगर निवासी एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में आग से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने एक सूदखोर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक एसी नगर निगम राजकुमार के शरी बाटा चौक स्थित गगन सीनेमा के पास बृहस्पतिवार को अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने किसी तरह आग को बुझाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित व्यक्ति की पत्नी गीता और भांजे सोने ने बताया कि राजकुमार ने पांच साल पहले झाड़सेतली निवासी एक सूदखोर से 15 लाख रुपये उधार लिए थे। इसके बदले में राजकुमार 45 लाख रुपये दे चुका है, लेकिन सूदखोर 16 लाख रुपये और मांग रहा है। बृहस्पतिवार को सूदखोर ने राजकुमार को मिलने के लिए गगन सीनेमा के पास बुलाया था। उसी दौरान दुकानदारों ने देखा कि राजकुमार आग से झुलस रहा है। परिजनों का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आग राजकुमार ने खुद लगाई है या फिर सूदखोर ने उसे जलाया है।

# संक्षिप्त समाचार

## शुरू हुई दो दिवसीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप



**फरीदाबाद।** पीएससीबी (एनएचपीसी हरियाणा और पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-12 खेल परिसर में बृहस्पतिवार से दो दिवसीय 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। चैंपियनशिप को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह था। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में बीबीएमबी के राहुल कुमार पहले स्थान पर रहे। पावरग्रिड के स्वप्निल चटर्जी दूसरे और बीबीएमबी के दीपक कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं में एनएचपीसी की कंचन देवी, पावरग्रिड की हिमांशी व सीईए की निधि चौहान क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। एनएचपीसी के डीजीएम पीआर मार्क लाकड़ा और संदीप वर्मा ने बताया कि सबसे पहले एनएचपीसी के वित्त निदेशक आरपी गोयल ने प्रतिभागी संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, डीवीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी की टीम भाग ले रही हैं।

## चैंपियनशिप में उत्सव ने जीता गोल्ड मेडल

**फरीदाबाद।** रोहतक के दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रही सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में फरीदाबाद के उत्सव गुप्ता ने उम्दा प्रदर्शन किया है। उत्सव ने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर जबरदस्त प्रहार कर गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी पाई है। कोच कुमकुम ने बताया कि उत्सव ने यह कामयाबी अंडर-14 आयु वर्ग के 33 किलोग्राम वजन में पाई है। इस कामयाबी के बाद उत्सव गुप्ता नैशनल चैंपियनशिप के लिए सिलेक्ट हो गए हैं। इसके साथ ही सेक्टर-17 के मॉर्डन विद्या निकेतन स्कूल की प्रिंसीपल अगल्या वेंकटेश ने उत्सव गुप्ता की इस कामयाबी पर बधाई दी है। प्रिंसीपल ने मोबाइल पर बात करते हुए उत्सव का मनोबल बढ़ाते हुए नैशनल में पदक जीतने के लिए कहा। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले उत्सव ने इस जीत का श्रेय स्कूल प्रबंधन के अलावा कोच कुमकुम को दिया है। चूंकि कोच बेहद मेहनत करती हैं और छोटी सी छोटी कमी को भी दूर कराती हैं, ताकि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके।


उत्सव कोच कुमकुम के संग मैडल दिखाते हुए।

## ईयरफोन के कारण ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फरीदाबाद।** बाबा हृदयराम कालोनी निवासी एक 21 वर्षीय युवक अपनी गलत आदत के कारण ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक के कानों पर ईयरफोन लगा था, जिसके कारण उसे ट्रेन की आवाज नहीं आई और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हालांकि युवक को यात्रियों ने शोर मचाते हुए पत्थर फैंककर रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। न्यू टाउन रेलवे स्टेशन से नीलम फ्लाईओवर की ओर कानों में ईयरफोन लगाकर मुजेसर स्थित बाबा हृदयराम कालोनी निवासी 21 वर्षीय शिवम ड्यूटी जा रहा था। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि शिवम एक कंपनी में नौकरी करता था। वह अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार को सुबह करीब 8.30 बजे कंपनी जा रहे था। कानों में ईयरफोन लगाकर न्यू टाउन स्टेशन के निकट रेलवे लाइन पार कर रहे था। उस दौरान दिल्ली की ओर से मथुरा की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में वह आ गया और उसकी मौत हो गई। नरेन्द्र सिंह ने बताया कि मौके पर मौजूद यात्रियों की माने तो उन्होंने ट्रेन को देखकर शिवम को कई आवाजें लगाईं। शिवम को जब उनका शोर सुनाई नहीं दिया, तो एक यात्री ने उसकी ओर कई पत्थर फेंके, फिर भी शिवम का ध्यान ट्रेन की ओर नहीं गया। इसी बीच शिवम तेज गति से जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। यात्रियों ने मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसके मोबाइल के आधार पर शव की पहचान की।

## शूटर सोनू ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**फरीदाबाद।** जिले के निशानेबाज सोनू चंदीला ने भोपाल में चल रही 65वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाबी पाई है। बृहस्पतिवार को फरीदाबाद पहुंचने पर कोच शांतनु ठाकुर ने सोनू चंदीला का स्वागत किया और भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करने की कामना की। सोनू ग्रेटर फरीदाबाद के बड़ौली गांव के रहने वाले हैं और उनके पिता सुखबीर किसान हैं। सोनू ने चार साल पहले शूटिंग को चुना था और तब से उन्होंने सेक्टर-12 खेल परिसर स्थित रॉयल शूटिंग अकैडमी में कोच शांतनु ठाकुर से ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी। शानदार प्रदर्शन के दम पर सोनू चंदीला को भोपाल में चल रही नैशनल चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 50 मीटर फ्री पिस्टल टीम प्रतिस्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में कामयाबी पाई है। टीम में सोनू के साथ नितिन और कमलजीत थे। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक राजस्थान व रजत पदक उत्तर प्रदेश की टीमों ने जीता। सोनू की उपलब्धि पर उसके पिता सुखबीर चंदीला समेत अन्य ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की व भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की। चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय निशानेबाजी संघ द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकैडमी में कराया जा रहा है।

## भाजपा की जीत का विधायक नरेंद्र गुप्ता ने मनाया जश्न

**फरीदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर उत्साहित भाजपा नेताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में वर्ष 2024 में ऐसे ही भाजपा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात के परिणाम से भाजपा उत्साहित है। उन्होंने कहा कि गुजरात की जीत एतिहासिक जीत है और यह भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री, दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का अथाह विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के गुड गवर्नेंस और विकास को जनता ने पुनः समर्थन दिया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी की जीत का रथ आगे बढ़ रहा है। गुजरात की जनता ने भाजपा के विकास मॉडल को एक बार फिर अपनाया है। इस मौके पर भाजपा नेता आरएन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडलाध्यक्ष नीरज मित्तल, वजीर सिंह डागर, अजीत नंबरदार, शिवकुमार वशिष्ठ, एमसी अग्रवाल, श्रीचंद गौतम सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

## महाकुंभ का निमंत्रण देने पहुंचे मीडिया कोऑर्डिनेटर

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ और युवा भाजपा नेता मनोज खंडेलवाल के नेतृत्व में मेवात के हिरमिथला गांव के नवनिर्वाचित सरपंच तौफीक खान के साथ 11 दिसंबर को करनाल में होने जा रहे सर्वधर्म समाज महाकुंभ की तैयारियों के बारे में चर्चा की। मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने विशेष रूप से मनोज खंडेलवाल को इस कार्यक्रम के प्रबंधन की जिम्मेदारी देते हुए खण्डेलवाल को मेवात क्षेत्र में रहकर कार्य करने के लिए तैनात किया है। खंडेलवाल पूर्व में एबीवीपी के जिला मेवात प्रमुख रहे हैं। गांव हिर मिथला में मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ और युवा भाजपा नेता मनोज खंडेलवाल के पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला और ढोल नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया।

# एमसीडी नतीजे
## केजरीवाल को मौका

**दिल्ली** सरकार और दिल्ली नगर निगम-एमसीडी में 'आप' को मौका मिल गया है। अब केजरीवाल के सामने बेहतर प्रदर्शन न कर पाने का कोई बहाना नहीं होगा। हालांकि, कोई राजनीतिक पार्टी चुनाव हारने पर खुश नहीं होती है, पर शायद दिल्ली नगर निगम-एमसीडी में 15 साल से चला आ रहा अपना नियंत्रण खोने के बावजूद कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली होगी। इसका कारण सरल है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों को उम्मीद थी कि 'आप' को प्रचंड बहुमत मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भाजपा आप की 134 सीटों के मुकाबले 104 सीटें पाने में सफल हुई। यदि हम पिछले 15 साल में तीनों नगर निगमों के कामकाज पर गौर करें तो यह उपलब्ध्यि एक तरह से ठीक कही जा सकती है जिनकों चुनाव घोषणा के ठीक पहले आपस में मिला कर एक निगम बनाया गया था। उन पर अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोप थे जिसमें बरसात में जल भराव तथा कचरे के पहाड़ शामिल हैं। स्थानीय अधिकारी दयनीय रूप से विफल सिद्ध हुए थे। हालांकि, भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने कठोर परिश्रम से बड़ी सीमा तक इस नकारात्मक छवि से मुक्ति पाने में सफलता पाई। उसके आक्रामक प्रचार अभियान में केन्द्रीय मंत्री व सर्वोच्च नेतृत्व शामिल था। यह कांग्रेस के प्रचार के एकदम उलट जिसे केवल 9 सीटें मिली हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी को भाजपा कार्यकर्ताओं से सबक सीखना चाहिए कि वे 'कभी हार नहीं मानने' के रास्ते पर चलते हैं और इसी कारण वे पार्टी के लिए एमसीडी में सम्मानजनक संख्या में सीटें पाने में सफल हुए हैं। भले ही राहुल गांधी की दूरगामी नीति की राजनीति में प्रासांगिकता हो, पर यह किसी प्रकार जमीनी कामकाज का स्थान नहीं ले सकती है। केवल अच्छे-अच्छे बयानों या ट्वीट से राजनीतिक लाभ नहीं मिलता है।



चुनाव परिणामों में 'आप' के लिए भी सबक है। उसका 'नरम हिंदुत्व' वोट जुटाने में विफल रहा है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में फरवरी, 2020 में सांप्रदायिक दंगे हुए थे, पर भाजपा यहां के 41 वार्डों में से 21 पर विजय पाने में सफल हुई है। याद किया जा सकता है कि आमतौर से भाजपा की आलोचना करने वाली 'आप' उस समय खामोश थी। इससे 'आप' के वाम-उदारवादी समर्थकों का दिल टूट गया। भले ही कोई खास लाभ न मिला हो, पर आप हमेशा स्वयं को 'हिंदू पार्टी' के रूप में पेश करती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 'हनुमान भक्त' हो गए हैं तथा उन्होंने व उनके उप-मुख्यमंत्री ने अपनी दीपावली पूजा का टीवी प्रसारण कराया। केजरीवाल ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है तथा करेंसी नोटों पर भगवान गणेश व देवी लक्ष्मी के चित्र छापने का सुझाव दिया है। लेकिन आप को धार्मिक ध्रुवीकरण के प्रयास से कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिला। हालांकि, आप नेताओं व एक्टिविस्टों के कठोर परिश्रम ने उसे लाभ पहुंचाया। भाजपा ने आप को बदनाम करने तथा नीचा दिखाने की अनेक रणनीतियां अपनाईं जिनमें सत्येन्द्र जैन की वीडियो क्लिपिंग का प्रयोग भी शामिल है। उसने मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन इन सबके बावजूद केजरीवाल की पार्टी एमसीडी में स्पष्ट बहुमत पाने में सफल हुई। अब राज्य सरकार व एमसीडी, दोनों 'आप' के पास हैं, ऐसे में उसे ठीक प्रदर्शन न करने का कोई बहाना नहीं होगा। लेकिन केजरीवाल एक खोजी व्यक्ति हैं। वे हमेशा उप-राज्यपाल पर आरोप लगा सकते हैं कि वे आप को राजधानी की जनता के लिए अच्छा काम नहीं करने दे रहे हैं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अब 'आप' अपनी जिम्मेदारी टालने के बजाय बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देगी।

# गंभीर चुनाव सुधार जरूरी

**जटिल चुनावी समस्याओं पर गौर न करने तथा उनके समाधान की अक्षमता का नतीजा मामूली परिवर्तन हो सकते हैं, जबकि गंभीर चुनाव सुधार जरूरी हैं।**



**संग्राम मिश्र**
(लेखक, वरिष्ठ आईएएस हैं।)




चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करने में सर्वाधिक प्रमुख व महत्वपूर्ण मुद्दा 'धन शक्ति' का दुरुपयोग है। यह दुरुपयोग अनेक अन्य आयामों से जुड़ जाता है जिसमें आसानी से प्रभावित हो सकने वाले लोगों को परोक्ष रूप से प्रभावित कर मतदाताओं को ललचाने व बूथ कैप्चरिंग जैसी गतिविधियों के लिए उकसाया जा सकता है। अनेक मामलों में चुनाव-पश्चात हिंसा ऐसी ही घटनाओं में शामिल है जिनको प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से धन शक्ति द्वारा प्रभावित किया जाता है। राजनीति का अपराधीकरण या उम्मीदवारों की आपराधिकता लोकतंत्र के लिए भयानक खतरा है। दबाव तथा बल प्रयोग से चुनाव परिणाम ऐसे अवांछित लोगों की विजय के रूप में सामने आ सकते हैं जो पूरी प्रक्रिया का मजाक उड़ाते लगते हैं।

यदि किसी व्यवस्था में ऐसी अवांछित गतिविधियां शामिल हो जाएं तो देर-सवेर प्रक्रिया का प्रदूषित होना टाला नहीं जा सकता है। समस्या का तार्किक समाधान यही है कि शुरुआत में ही विकृतियों पर लगाम लगाई जाए क्योंकि ऐसा न करने पर नतीजे भयंकर रूप से विनाशकारी सिद्ध हो सकते हैं। इस बात पर व्यापक चर्चा कर पारदर्शी रूप से विश्लेषण किया जाना चाहिए कि इस दुष्चक्र को कैसे तोड़ा जाए। इसके लिए स्पष्ट भाषा में संप्रेषण जरूरी है। लेकिन ऐसा करना कहने की तुलना में ज्यादा कठिन है। अब तक प्रदूषित हो चुकी प्रक्रिया को शुद्ध करने तथा उसकी विपरीत चीजों को स्थान दिलाने के लिए एक व्यापक 'पैराडाइम परिवर्तन' की जरूरत है जिसके लिए उद्देश्य की गंभीरता तथा सटीक क्रियान्वयन जरूरी है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करने वाले तत्व परस्पर जुड़े होते हैं। इसमें कुछ अन्य आयाम भी काम करते हैं जिनमें जाति, भाषा व धर्म, आदि के आधार पर खेले जाने वाले विभाजनकारी चुनावी कार्ड भी शामिल हैं। मतदाताओं को ललचाने के लिए 'खैरात' या 'रेवड़ियों' का प्रस्ताव तथा अन्य चुनावी गलत व्यवहार भी समस्या समाधान में बाधाओं का काम करते हैं। विभाजक रेखाओं पर आधारित मतदान के आयाम तथा कुछ अन्य मुद्दे भी प्रक्रिया को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। एक सार्थक चुनाव सुधार के लिए इन सभी आयामों पर गौर करना जरूरी है। इन आयामों की गंभीरता और प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया जाना चाहिए तथा इनको देश के समक्ष मौजूद अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं के साथ रख कर देखा जाना चाहिए। अतीत पर नजर डालें तो भारतीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। इसके साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा विधायिका को भी सुधार की दिशा में अपना योगदान करना चाहिए। चुनाव सुधारों के लिए अनेक आयोगों का समय-समय पर गठन किया गया और उन्होंने अपनी विस्तृत रिपोर्टें भी दी हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव प्रक्रिया में सकारात्मक परिवर्तनों के लिए अपना उल्लेखनीय फैसला भारत सरकार बनाम असोसियेशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म, 2002 मामले में दिया था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में कहा कि चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को अपनी परिसंपत्तियों, दायित्वों व अपराधों के लिए दंड जैसे तथ्यों की घोषणा चुनाव के लिए नामांकन करते समय करनी चाहिए। न्यायालय ने लिली थामस बनाम भारत सरकार, 2013 मामले में आदेश दिया था कि यदि किसी उम्मीदवार को अपराध के लिए सजा हो चुकी है तो उसे अयोग्य ठहराया जाएगा तथा उसकी विधायिका की सदस्यता भी समाप्त हो जाएगी।

2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज़ बनाम भारत सरकार मामले में मतदाताओं को चुनाव में अपनी नकारात्मक राय रखने का अवसर दिया था। इस निर्णय में चुनाव प्रक्रिया में नोटा-उपरोक्त में से कोई नहीं, का विकल्प रखने का आदेश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय के इन निर्णयों का चुनाव प्रक्रिया पर दूरगामी प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही सरकार द्वारा चुनाव सुधारों की दिशा में गठित अनेक समितियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। 1993 में गठित वोहरा समिति तथा चुनावों की राज्य द्वारा फंडिंग के बारे में इंद्रजीत गुप्ता समिति की संस्तुतियां उल्लेखनीय हैं।

चुनाव सुधारों में विधि आयोग ने 1999 में अपनी रिपोर्ट दी थी। इसके साथ ही प्रस्तावित चुनाव सुधारों के बारे में भारतीय निर्वाचन आयोग ने 2004 में अपनी रिपोर्ट दी थी। निर्वाचन आयोग की इस रिपोर्ट में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए थे। लेकिन इन रिपोर्टों के क्रियान्वयन के बारे में स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं कही जा सकती है। इन रिपोर्टों के क्रियान्वयन के बारे में मुझे प्रख्यात रचनाकार एस.टी. कालरेज की रचना 'द राइम आफ एनसिएंट मैरीनर', यानी प्राचीन समुद्री यात्री की दु:खद स्थिति की यह पंक्ति याद आती है कि 'वाटर, वाटर एवरीव्हेयर, नाट अ ड्राप टु ड्रिंक', यानी पानी तो सभी जगह चारों ओर है, पर उसमें से पीने योग्य एक बूंद पानी भी नहीं है। यह बात लगभग पूरी तरह चुनाव सुधार से संबंधित रिपोर्टों पर भी लागू होती है। हमारे पास चुनाव सुधारों के बारे में अनेकानेक रिपोर्टें व उनकी संस्तुतियां हैं, पर विडंबना है कि राजनीतिक अनिश्चितता या राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण उनके बारे में कोई खास निर्णय नहीं लिये जा सके हैं। वर्तमान समय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार कर रहा है कि करदाताओं के पैसे से मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए 'खैरातों' का वितरण कहां तक उचित है। इस पर मीडिया तथा आम जनता व राजनीतिक विश्लेषकों में भी काफी विचार-विमर्श हो रहा है।

हालांकि, चुनाव सुधार संबंधी सभी मामलों व चुनाव में आने वाली समस्याओं की गहन चर्चा से स्पष्ट होता है कि कुछ मुद्दों पर कहीं-कहीं कार्रवाई की गई है ताकि परिवर्तन की ताजी हवा से चुनाव संबंधी समस्यायें समाप्त हों। लेकिन इन प्रयासों से हम समस्याओं के मूल समाधान तक नहीं पहुंच सके हैं। इस कारण हम अत्यन्त जटिल व गंभीर समस्याओं के सटीक समाधान तलाशने में विफल रहे हैं। इसके लिए हमें मुख्य समस्याओं पर सीधे हमला बोलना होगा। जब तक धन शक्ति, राजनीति के अपराधीकरण तथा जाति, धर्म, भाषा व परंपराओं, आदि विभाजक आयामों को सीधे संबोधित नहीं किया जाता है तब तक आमूल चुनाव सुधारों की कल्पना नहीं की जा सकती है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा करदाताओं के पैसे से विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव जीतने के लिए 'खैरातों' के वितरण पर रोक लगाना है। इसके बिना इच्छित चुनाव सुधारों का क्रियान्वयन संभव नहीं हो सकता है। लेकिन यह कहने की तुलना में करना कठिन है क्योंकि इसके लिए जिस राजनीतिक सर्वानुमति की आवश्यकता है, फिलहाल उसका अभाव ही दिख रहा है। चुनाव प्रक्रिया को शुद्ध करने के सर्वाधिक जटिल लक्ष्य को केन्द्रित करते हुए कुछ मुद्दों पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि नतीजे तक पहुंचना चाहे जितना कठिन हो, पर यह व्यावहारिक व प्रभावी उपाय होना चाहिए। हमारे देश का विशाल आकार, जनसंख्या संरचना तथा जनसंख्या संरचना की परिवर्तनशील गत्यात्मकता, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली विशाल जनसंख्या, साक्षरता दर, बढ़ती अपराधों की दर तथा राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा एवं संस्कृति के आधार पर मौजूद व बढ़ रही विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाना जरूरी है। उपयुक्त, स्वीकार्य व इच्छित चुनाव सुधारों को लागू करने के पहले धन शक्ति के दुरुपयोग तथा इसके विभिन्न आयामों व प्रभावों पर गंभीर अध्ययनों और विश्लेषणों की आवश्यकता है।

# चुनाव प्रचार के बजाय राहुल की यात्रा

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात व हिमाचल प्रदेश में हुए महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों में प्रचार के बजाय कन्याकुमारी से कश्मीर जाने वाली अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को ज्यादा महत्व दिया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में प्रचार अभियान को पूरी तरह छोड़ दिया और अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर ध्यान केंद्रित करते हुए गुजरात में बमुश्किल प्रचार किया। हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार की कमान हालांकि, उनकी बहन प्रियंका गांधी ने संभाली, पर उनका प्रचार कार्यकर्ताओं व जमीनी नेताओं की उम्मीदों के अनुसार गहन व व्यापक नहीं था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह कांग्रेस की एक दूरगामी रणनीति का हिस्सा था, या यह एक गलत कदम था? क्या राहुल की रणनीति ज्यादा महत्वपूर्ण लड़ाइयों के लिए पार्टी के गोला-बारूद को बचाने की हो सकती है?

जो दिलचस्प है वो यह, कि एक या दोनों राज्यों में हार से उसे कैसे मदद मिल सकती है जब जीत बहुत दूर है। लेकिन इसके उलट राहुल के करीबी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का दावा है कि यह कांग्रेस का एक सचेत निर्णय था। उनका कहना है कि वह आगे देख रहे थे और 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी कर रहे थे, जिसका नेतृत्व वह करेंगे। वह आरएसएस से मुकाबला करने की एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ रहे थे, जो भविष्य में पार्टी को बहुत जरूरी लाभांश देगा। असली दुश्मन आरएसएस था, भाजपा नहीं। कांग्रेस को लगता है कि वह विधानसभा चुनावों में अपनी शक्ति बेकार करने के बजाय लोकसभा चुनाव की तैयारी करे और जनमत को यथासंभव कांग्रेस के पक्ष में बनाने का प्रयास करे।

हालांकि, भाजपा नेता, मुख्यत: हार के डर और चेहरे को खोने से बचाने के कारण, अभियान छोड़ने के लिए राहुल की आलोचना करते हैं। परंपरागत रूप से, दोनों राज्यों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई देखी गई थी। हिमाचल में एक ही पार्टी को दोहराने का इतिहास नहीं होने से अब सत्ता छीनने की बारी कांग्रेस की है। लेकिन विधानसभा चुनावों में प्रचार के बजाय 'भारत जोड़ो यात्रा' को राहुल द्वारा वरीयता देना पार्टी के गिरते मनोबल को निश्चित रूप से बढ़ावा देगा और इसे अपनी गति पर खड़ा होने में सक्षम करेगा। दोनों में से, गुजरात में पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए भारी दावे की लड़ाई है, क्योंकि दोनों ही गुजरात से हैं। उन्होंने राज्य में चुनाव प्रचार किया है और कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गुजरात में चुनाव प्रचार से विरत रहने का कारण शायद यह भी है कि राहुल मोदी के व्यक्तित्व को सीधे चुनौती देने से बचना चाहते हैं।

सभी सर्वेक्षणों का अनुमान लगाया था कि कड़े मुकाबले में भाजपा कांग्रेस से काफी आगे है। ऐसे में बीजेपी अगर एक या दोनों राज्यों में जीत हासिल करती है तो रिकॉर्ड बनाएगी। कांग्रेस के लिए, जो 27 साल से गुजरात में सत्ता से बाहर है, एक और हार कैडर को और गिरा देगी और 2024 के लोकसभा चुनावों में इसकी संभावनाओं को प्रभावित करेगी। वैसे कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान था कि भाजपा द्वारा अनुशासनहीनता का सामना करने के बावजूद, कांग्रेस अभी भी जीत सकती थी, नेताओं के कारण नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के कारण। लेकिन राहुल समेत कांग्रेस के अनेक बड़े नेताओं का भाजपा की तरह चुनाव मैदान में न उतरना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हताशा व निराशा का कारण बन गया है।

महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतर आई है, जिससे कुछ विश्लेषकों के अनुसार अब गुजरात विधानसभा चुनाव त्रिकोणीय मुकाबला बन गया है। पिछले साल पंजाब जीतने के बाद आप उत्साहित है। आप के प्रवेश से कांग्रेस और कमजोर होगी क्योंकि आप केवल कांग्रेस के वोट छीन लेगी। 2014 से, जब से मोदी राष्ट्रीय परिदृश्य पर दिखाई दिए हैं, कांग्रेस को लगातार चुनावी पराजयों का सामना करना पड़ा और राज्य दर राज्य हारती गई। तब से, चुनावों में पार्टी की सफलता या विफलता का श्रेय राहुल गांधी को दिया जाता है, जो 2017 में पार्टी प्रमुख बने। उन्होंने 2019 में इस्तीफा दे दिया लेकिन निर्णय लेना जारी रखा।

कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 13 राज्यों पर शासन किया, जिसमें 2014 में नौ राज्यों में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार थी। यहां तक कि जिन राज्यों में कांग्रेस वैध रूप से जीती थी, वे भी गिर गए थे, जिससे भाजपा को सरकार बनाने का मौका मिला। कांग्रेस की विडंबना है कि वह अनेक वरिष्ठ व नौजवान नेताओं को अपने साथ जोड़े रखने में विफल रही है। अब, कांग्रेस के शासन में केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ हैं। दोनों राज्यों के नेता पार्टी की अंदरूनी कलह और अनुशासनहीनता से पीड़ित हैं। सत्ता विरोधी लहर के बावजूद, भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए मोदी के जादू पर निर्भर है। दोनों दलों को मजबूत राज्य नेताओं का निर्माण करने की आवश्यकता थी। अतीत में, कांग्रेस और भाजपा के पास वीरभद्र सिंह और सुख राम (कांग्रेस) और प्रेम कुमार धूमल (भाजपा) जैसे मजबूत नेता थे।

स्वर्गीय अहमद पटेल की अनुपस्थिति के कारण गुजरात में कांग्रेस कमजोर है। अल्पेश ठाकोर और हार्दिक पटेल जैसे युवा आइकन, जो 2017 कांग्रेस प्रतियोगिता का हिस्सा थे, ने भी पार्टी छोड़ दी है। हालांकि कांग्रेस में 23 बागियों के विद्रोही समूह को खत्म कर दिया गया है, लेकिन समूह के वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपेक्षित महसूस करते हैं। पूर्व मंत्री आनंद शरण का रिकॉर्ड है कि वरिष्ठ नेताओं का अभी तक पर्याप्त उपयोग नहीं किया गया था।

राहुल और उनके सलाहकारों को भरोसा है कि भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव से भविष्य में पार्टी के प्रदर्शन में सुधार हो सकता है. हालांकि यात्रा सफल भी होती है तो इसका असर 2024 के चुनाव के बाद ही पता चलेगा। वैसे भी 2024 अभी काफी दूर है और उस समय तक भारत जोड़ो यात्रा का असर अथवा इस यात्रा के परिणामस्वरूप आकर्षित जनता का कांग्रेस के प्रति समर्थन बना रहना निश्चित नहीं कहा जा सकता है।

आश्चर्य होता है कि राहुल को यह क्यों नहीं दिखाई देता कि एक या दोनों राज्यों को जीतने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और पार्टी 2024 के चुनावों के लिए अधिक उत्साह के साथ तैयारी कर सकती है। राहुल गांधी को हिमाचल और गुजरात चुनाव के बाद यात्रा का आयोजन करना चाहिए था। साथ ही, राहुल को 2024 तक गति बनाए रखनी है।

शायद राहुल यह दिखाने के लिए अभियान से दूर रहे कि कांग्रेस को गांधी परिवार की जरूरत है। नए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पकड़ में लाने के लिए और समय चाहिए था। विडंबना यह है कि दोनों राज्यों में से एक या दोनों राज्यों को जीतने का श्रेय गांधी परिवार को मिलेगा, लेकिन हार के लिए खड़गे को दोषी ठहराया जाएगा। 8 दिसंबर को आने वाले चुनाव के नतीजे बताएंगे कि हवा किस तरफ चलती है। पोल पंडितों का कहना है कि कांग्रेस अभी भी हिमाचल जीत सकती है। अगर कांग्रेस ने दोनों राज्यों में जीत की रणनीति पर काम किया होता तो संभावना काफी बेहतर होती। अगर राहुल अपने दांव में जीते तो इसका श्रेय उन्हें ही जाएगा। यदि नहीं, तो वह वहीं रहेंगे, जहां वह थे। यह स्थिति कांग्रेस के लिए घातक हो सकती है।

## आप की बात

### चुनाव के नतीजे

**दिल्ली** निगम चुनाव परिणाम आने के बाद आप ने पुराना राग अलापना शुरू कर दिया है। पूर्वानुमान से ग्रसित मनीष सिसोदिया ने भाजपा को बदनाम करना शुरू कर दिया है कि भाजपा उनके जीते पार्षदों को तोड़ने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि मतदान प्रतिशत कम रहने से आप की जीत की सम्भावना बढ़ गयी थी और हुआ भी ऐसा ही, पहले भी कम मतदान प्रतिशत का सीधा प्रभाव भाजपा पर पड़ता रहा है, मतदाताओं का उदासीन रवैया अक्सर राजनैतिक समीकरण बिगाड़ता रहता है ऐसा ही दिल्ली निगम चुनाव में भी हुआ, सरकार और राजनैतिक लोगों को इस पर चिंतन करना चाहिए, राशन बांटो या फ्लैट बनवाओ.... जनता को ये सब कोई खास प्रभावित नहीं कर पाता। उनकी सोच रोजमर्रा की जरुरत तक सीमित है, रोज फ्री बिजली और पानी का लालच राशन और फ्लैट पर भारी पड़ता दिखाई दिया। जनता को ये संकुचित सोच बदलनी होगी और बड़े लक्ष्य को लेकर चलना होगा अन्यथा देश आंतरिक चुनोतियों से जूझता रहेगा। भाजपा को भी चुनाव परिणामों से सबक लेकर खासकर शहरी मतदाताओं के लिए अपनी रणनीति में परिवर्तन की जरूरत महसूस हो सकती है।

**मनोज,** मेरठ

### बदहाल पंजाब

**भारत** देश का सबसे समृद्ध राज्य पंजाब है। जो 1979 से 1984तक फैले आतंकवाद की आग से जल और झुलस चुका था। पुलिस और पंजाब के लोगों के सहयोग से प्रदेश आतंकवाद मुक्त होकर पुन: समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य होने के कारण पाकिस्तान से मादक पदार्थो और हथियारों की तस्करी हो रही है। पंजाब के युवाओं को बर्बाद करने के लिये ड्रग्स की सप्लाई हो रही है।शत्रु देश युवाओं को बर्बाद करने के लिये ड्रोनों से मादक पदार्थों को भेज रहा है। जिसे देश के सजग सीमा प्रहरी कई बार पकड़ चुके है। इसके अलावा राज्य में अवैध शराब का निर्माण और वितरण हो रहा है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने के लिये पंजाब सरकार को निर्देश दिया है। पंजाब में बढ़ते खालिस्तानी समर्थक, कट्टरपंथ, मतांतरण, नशे की समस्या और बढ़ते कैंसर के मरीज पंजाब के लिये खतरे की घण्टी है। इनसे निपटने के लिये सरकार और प्रशासन तन्त्र को मिलकर प्रदेश और समाज हित में कदम उठाना चाहिये, जिससे कट्टरपंथी तत्वो को बढ़ावा न मिले और आतंकवाद पुन: राज्य में न फैलने पाए।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### इंडोनेशिया में कट्टरता

**पिछले** दिनों इंडोनेशिया की संसद में ऐसा कानून पास किया गया जिससे वहां के लोगों के लिए राष्ट्रपति की आलोचना करना दंडनीय अपराध बना दिया गया। इतना ही नहीं, नागरिकों के साथ-साथ विदेशियों के लिए विवाह से बाहर यौन संबंध को आपराधिक बना दिया गया है, गर्भनिरोधक के प्रचार पर रोक लगा दिया गया है। राज्य संस्थानों की मानहानि पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पत्रकारों को अपनी लेखनी पर खुद जवाबदेह बना दिया गया है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकार को सिमित कर दिया गया है। मार्क्सवाद एवं लेनिनवादी विचारधारा को प्रतिबंधित कर दिया गया है। कुल मिलाकर यह निजता के अधिकार पर सरकारी पहरेदारी के साथ लोगों के बुनियादी अधिकार को खत्म करने वाला काला कानून है। सन 2019 में भी ऐसे ही कानून के जरिए इंडोनेशिया को धार्मिक कट्टरता के दलदल में धकेलने की कोशिश को उस समय हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण स्थगित करना पड़ गया था। देखें इस बार वहां के लोग इस काले कानून को कैसे स्वीकार करते हैं।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**भारत** द्वारा रूसी तेल की खरीद पिछले नौ महीनों में यूरोपीय खरीद का केवल दसवां हिस्सा है।

**- एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

**पिछले** कुछ दशकों में चीन पूरी तरह बदल गया है। मेरे विचार से पूरा क्षेत्र इसे देख रहा और इसका अनुभव कर रहा है।

**- अन्नालीना बोयरहाक**
जर्मन विदेश मंत्री





**मैं** रांकापा में नहीं जा रहा हूं। इस बारे में पी.सी. चाको से बात नहीं हुई है।

**- शशि थरूर**
कांग्रेस नेता

# गुजरात चुनाव में मोदी संग योगी की जोड़ी रही हिट

## भाजपा सातवीं बार लगातार सत्ता बरकरार रखने में सफल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मोदी** संग योगी तो विजय ही होगी और हुई भी, गुजरात चुनाव में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर रैलिया और रोड शो किए, जिसका नतीजा रिकॉर्ड तोड़ जीत के जरिए बीजेपी ने दिखा दिया। गुजरात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गृह प्रदेश है। गुजरातियों के लिए वह गौरव हैं। उनकी अस्मिता हैं। ऐसे में वहां उनका जादू चलना स्वाभाविक था पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी वहां कम असर नहीं था। यही वजह है कि वहां के चुनाव में मोदी गृहमंत्री अमित शाह के साथ योगी की सर्वाधिक मांग थी। उत्तर प्रदेश में हो रहे उप चुनाव के बीच भी योगी ने लगातार गुजरात में चुनावी सभाएं की। इसके अलावा उन्होंने वारचा, गोधरा, वीरामगम में तीन रैलियों में भी हिस्सा लिया। जिन 25 विधानसभा सीटों पर योगी ने सभाएं की थीं। उनमें से 20 पर भाजपा बढ़त बनाए हुए है। गुजरात विधानसभा 2022 के विधानसभा चुनाव में एक साथ कई रिकॉर्ड टूटे।

मसलन इस बार के चुनाव में भाजपा को 157 सीटें मिली। यह 2017 की तुलना में 58 अधिक है। इसके पहले 182 विधानसभा सीटों वाली गुजरात में भाजपा को वर्ष 2002 के चुनाव में सर्वाधिक 127 सीटें मिली थीं। रुझानों के मद्देनजर 2022 में सीटों की संख्या उस चुनाव की तुलना में लगभग 30 के करीब बढ़ सकती है। यही नहीं यह भाजपा की गुजरात में लगातार सातवीं जीत है। अब तक यह रिकॉर्ड पश्चिम बंगाल की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के पास ही था। भाकपा 1977 से 2011 तक लगातार पश्चिम बंगाल की सत्ता में रही। इतने साल तक सत्ता में रहने का रिकॉर्ड भाकपा के ही पास है। हालात यही रहे और मोदी का जादू कायम रहा तो आने वाले समय में भाजपा इस इस रिकॉर्ड को भी तोड़ सकती है। सर्वाधिक समय तक लगातार सत्ता में रहने के रिकॉर्ड के मामले में ओडिसा के नवीन पटनायक का नंबर आता है। वह पांच बार से लगातार वहां की सत्ता के शीर्ष पद पर बने हुए हैं। दरअसल गुजरात की राजनीति में शुरू से ही किसी तीसरी पार्टी के लिए खास जगह नहीं रही है। अपने समय के कद्दावर नेता शंकर सिंह बाघेला एक बार जोड़-तोड़कर मुख्यमंत्री तो बन गए पर बाद के चुनावों में जनता ने उनको खारिज कर दिया। 2022 के मौजूदा विधानसभा चुनाव में आप आम आदमी पार्टी ने गुजरात मे धूम-धड़ाके के साथ इंट्री ली। वहां के लोगों को यह समझाने की जी तोड़ कोशिश की कि सही मायनों में वही भाजपा को टक्कर दे सकती है। इसमें आप के साथ भाजपा का भी हित था पर अंत में आप वोटकटवा ही साबित हुई। उसने कांग्रेस को कई सीटों पर हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामपुर विधानसभा में पहली जीत पर मुख्यमंत्री ने जताया जनता का आभार

● उपचुनाव में विजयी सभी प्रत्याशियों को ट्वीट कर सीएम ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुजरात विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के रामपुर में बीजेपी की विजय को प्रधानमंत्री के विकास, सुरक्षा और सुशासन के प्रति जनता के स्नेह की अभिव्यक्ति कहा है। वहीं रामपुर विधानसभा उपचुनाव में पहली बार भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता-जनार्दन के प्रति आभार जताया है। गुरुवार को चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद सोशल मीडिया अकॉउंट पर मुख्यमंत्री ने अपनी खुशी साझा की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि गुजरात विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास, सुरक्षा एवं सुशासन के प्रति जनता-जनार्दन के अपार स्नेह की अभिव्यक्ति है। इस प्रचण्ड विजय के लिए प्रधानमंत्री तथा गुजरात भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं व जनता-जनार्दन को हार्दिक बधाई। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह विजय प्रधानमंत्री मोदी के नीतियों की जीत है। वहीं उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा तथा रामपुर व खतौली विधानसभा सीट पर हुए उपचुनावों में विजयी सभी प्रत्याशियों को जीत की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने रामपुर की पहली जीत का खासतौर पर जिक्र किया। ट्विटर पर उन्होंने लिखा भारतीय जनता पार्टी ने रामपुर की सीट पर पहली बार विजय प्राप्त की है। इसके लिए आकाश सक्सेना समेत रामपुर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं जनता-जनार्दन के प्रति आभार। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया है कि सभी विजयी प्रत्याशी प्रदेश हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान करने को तत्पर होंगे।

## नतीजे प्रदेश की राजनीति पर दूरगामी परिणाम

**लखनऊ।** टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने खतौली उप चुनाव की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की रणनीति को इसका श्रेय देते हुए इसे उत्तर प्रदेश की राजनीति पर दूरगामी परिणाम डालने वाला बताया है। मिश्र ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रीय लोक दल की तरफ़से वहाँ की जनता लड़ रही थी। इसीलिए जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहाँ जाकर चुनाव को हिंदू-मुस्लिम का मज़हबी रंग देने की असफल कोशिश की। उसका वहाँ की जनता ने भाईचारे तथा आपसी धार्मिक सौहार्द्र से करारा जवाब दिया और यह संदेश भी दिया कि अब हमें धार्मिक आधार पर विभक्त नहीं किया जा सकता है। अनुपम मिश्रा ने कहा कि अब हम सदन में लकी नंबर 9 के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जहां जनता से जुड़ी समस्याओं को और मुखरता से उठाएंगे।

## काम के नाम पर खेल की कोशिश की तो परिणाम गंभीर होंगे

● जल शक्ति मंत्री ने जल जीवन मिशन योजना में काम कर रही एजेंसियों को दी सख्त चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि प्रदेश में संचालित जल जीवन मिशन की योजना में किसी भी कंपनी ने गलत व्यक्तियों को काम दिया तो उसकी खैर नहीं। गांव-गरीब के घर में लग रहे नलों में 15 साल तक किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। पाइपलाइन का काम खत्म होते ही गांव-गली की सड़कों को तुरंत दुरुस्त कराएं।

स्वतंत्र देव सिंह बृहस्पतिवार को नमामि गंगे के गोमतीनगर स्थित कार्यालय में जल जीवन मिशन फेज दो-तीन में कम कर रही कंपनियों के प्रमुखों के साथ आज बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी कंपनी को छोटे ठेकेदारों का शोषण नहीं करने देंगे। उन्होंने कंपनियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि काम के नाम पर खेल की कोशिश की, तो परिणाम गंभीर होंगे। योगी सरकार में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना को और रफ्तार देने के लिए कम्पनियां गुणवत्ता और मात्रा में कोई समझौता न करें। योजना में पीछे चल रहीं कम्पनियों के प्रमुखों से स्वतंत्र देव सिंह ने योजना को पूरा करने का लक्ष्य कब तक था और कब तक कर पाएंगे इसका जवाब मांगा। जमीन मिलने में आ रही दिक्कतें या विभाग से होने वाली परेशानियों को पूछा। आपके काम की प्रशंसा होगी तो मुख्यमंत्री योगी का भी कद बढ़ेगा। लाखों लोग रोजगार पाएं और हर गरीब को पानी मिले, यही मोदी का सपना है। जलशक्ति मंत्री ने उन कंपनियों को आड़े हाथ लिया, जिनके काम में कमी पाए जाने पर उनको नोटिस दी गई है। नामामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कंपनियों के प्रमुखों से कहा कि फ ील्ड में कोई समस्या होती है तो सीधे बताइए। एजेंसियां, स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारी मिलकर टीम भावना के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर ग्रामीण परिवारों तक हर घर नल पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। इसलिए टीम भावना से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बरेली, शाहजहांपुर, अमरोहा, चित्रकूट जिले प्रगति कर रहे हैं। इन जिलों को आदर्श मानकर पूरी ताकत से काम करने का आह्वान किया।

## हेट क्राइम-हेट स्पीच की घटनाओं पर गंभीरता न दिखाने वाले पुलिस अफसरों पर होगी कार्रवाई

● डीजीपी डीएस चौहान ने ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए जारी किए कड़े निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हेट** क्राइम एवं हेट स्पीच की घटनाओं के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के सख्त रवैया के बाद इन पर नियंत्रण पाने के लिए डीजीपी डीएस चौहान ने प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने कहा है कि ऐसी किसी भी घटना की शिकायत प्राप्त होते ही अथवा शिकायत प्राप्त न होने की दशा में स्वयमेव संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जायेगा तथा विधि अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी जोन के एडीजी, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वह व्यक्तिगत रुचि लेकर निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा है कि निर्देशों के अनुपालन में शिथिलता बरतने को न्यायालय की अवमानना मानते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों को जारी निर्देश में डीजीपी ने कहा है कि विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्यता उत्पन्न करने के उद्देश्य से किए जाने वाले हेट क्राइम और हेट स्पीच के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए डीजीपी मुख्यालय की ओर से पूर्व में भी कई परिपत्र जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाहीन अब्दुल्ला बनाम भारत संघ व अन्य की रिट पिटीशन में 21 अक्टूबर 2022 को जारी आदेश में विभिन्न सम्प्रदायों के विरुद्ध किए जा रहे हेट स्पीच के अपराध को संविधान द्व्द्वरा स्थापित देश के लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष चरित्र के विपरीत बताया है तथा इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने विस्तृत आदेश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मुख्य रूप से यह निर्देशित किया गया है कि हेट क्राइम-हेट स्पीच की घटना संज्ञान में आने के बाद किसी शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत न कराए जाने की दशा में स्थानीय पुलिस द्वारा स्वयमेव संज्ञान लेकर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। न्यायिक आदेश में यह भी उल्लिखित है कि इन निर्देशों के अनुपालन में शिथिलता बरतने को न्यायालय की अवमानना मानते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी ने पुलिस अधिनियम 1861 की धारा-4 व धारा-12 तथा पुलिस रेगुलेशन के प्रस्तर-1 द्वारा राज्य पुलिस प्रमुख के रूप में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## मिनि. एसोसिएशन ने एसीएस को लिखा पत्र, मुख्य अभियंता वीके जैन को हटाने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं व मांगों पर पिछले एक वर्ष से उच्चधिकारियों द्वारा ध्यान न दिए जाने से आक्रोश व्याप्त है। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री जेपी पांडेय ने बताया कि अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुख्य अभियंता वीके जैन को हटाए जाने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि लोनिवि के सेवा संगठनों ने दो बार (सितम्बर, अक्टूबर 2022) प्रदेश स्तरीय हड़ताल की घोषणा की लेकिन प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष तथा परिकल्प नियोजन के हस्तक्षेप पर हड़ताल स्थागित कर दी गई। इसके बाद भी हठधर्मी वीके जैन मुख्य अभियन्ता, मु.-2 द्वारा लगातार कर्मचारी विरोधी कार्य किए जा रहे हैं। इनके द्वारा शासन व विभाग के उच्चाधिकारियों के नाम का झूठा सहारा लेते हुए लगातार कर्मचारी विरोधी गतिविधियों को बल दिया जा रहा है।

## नरेंद्र देव प्रौद्योगिकी विवि की नैक ग्रेडिंग को लेकर राजभवन में हुई बैठक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आचार्य** नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या की नैक ग्रेडिंग के परिप्रेक्ष्य में बृहस्पतिवार को राजभवन में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी तथा प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की एसएसआर की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नैक ग्रेडिंग के लिए निर्धारित मूल्यांकन के सभी सातों क्राइटेरिया पर बिंदुवार विश्लेषण करते हुए सशक्त प्रस्तुतिकरण पर जोर दिया गया।

प्रमुख सचिव राज्यपाल ने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट में फीड बैक को बेहतर करने, उल्लेखनीय उपलब्धियों को हाइलाइट करने, एडवांस तकनीकी सुविधाओं का उल्लेख रिपोर्ट में जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि नियम के अवलोकन में विवरण प्रस्तुत करें। विविध बिंदुओं पर असंगत विवरण को हटाने का निर्देश देते हुए उन्होंने विवरण सम्पादित करके पुनर्लेखन करने को कहा। बैठक में अंतरराष्ट्रीय छात्र संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर बैठक में विशेष कार्याधिकारी शिक्षा, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह तथा नैक तैयारी के लिए गठित उनकी टीम के सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जनकल्याण के संकल्प एवं सुशासन की जीत: चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को गुजरात विधानसभा के चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड विजय के लिए जनता और समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं का कोटि-कोटि अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के जनकल्याण के संकल्प एवं सुशासन की जीत है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मैनपुरी लोकसभा तथा रामपुर व खतौली उपचुनावों के परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के रामपुर विधानसभा उपचुनाव में आजादी के बाद पहली बार भाजपा को विजय मिली है। यह विजय पार्टी की सबका साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर जनता की मुहर है। पार्टी प्रत्याशी आकाश सक्सेना को विजय का आशीर्वाद देने के लिए रामपुर की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। चौधरी ने कहा कि कि मैनपुरी लोकसभा और खतौली विधानसभा के उपचुनाव के परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे है। हम जनादेश का सम्मान करते है। मैनपुरी में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बड़े कद व व्यक्तित्व का लाभ सपा प्रत्याशी को मिला है। मै डिंपल यादव को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हम जनादेश का सम्मान करते है और जहां परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए है वहां की समीक्षा करते हुए हम आगे की योजना बनायेगे। चौधरी ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए चुनाव आयोग तथा चुनाव में लगे सभी कर्मियों को भी धन्यवाद दिया।

## एनएसयूआई ने भातखंडे में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**लखनऊ।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में एनएसयूआई द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक आदित्य चौधरी के नेतृत्व में भातखंडे सांस्कृतिक विश्वविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर भातखंडे सांस्कृतिक विश्वविद्यालय में मौजूद छात्रों ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का व्यापक समर्थन किया। इस मौके पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक आदित्य चौधरी ने मौजूद छात्रों के बीच बातचीत किया और बताया कि छात्रों के लिए देश भर में छात्र आयोग का गठन किया जाना और छात्र अधिकार कानून को तत्काल बनाये जाने की आवश्यकता है क्योंकि आज छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कोई भी ठोस कार्ययोजना नहीं है। जिसके कारण छात्रों और युवाओं में हताशा और निराशा है। छात्र आयोग के गठन और छात्र अधिकार कानून के बनाये जाने से छात्रों के हितों की रक्षा हो सकेगी और उनके सामने खड़ी कठिन चुनौतियों का समाधान भी हो सकेगा।

## डिपल की रिकार्ड जीत, खुशी में झूमे कार्यकर्ता, बांटी मिठाई

### मैनपुरी व खतौली की जीत ने सन् 2024 की दिशा का संकेत दे दिया: राजेंद्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मैनपुरी** लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव की रिकार्ड मतों से ऐतिहासिक जीत की खबर आते ही राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई। उत्साह से भरे कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। समाजवादी-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी मदन भैया की जीत पर भी कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया। रामपुर में पार्टी प्रत्याशी की हार पर दुख एवं क्षोभ जताते हुए कहा गया कि वहां भाजपा सरकार और प्रशासन ने खुलकर धांधली की है जो शर्मनाक है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में सुबह से ही कार्यकर्ता एकत्र होने लगे थे। जैसे ही डिम्पल की बड़ी बढ़त की सूचना टीवी पर दिखी, कार्यकर्ताओं में जोश आ गया। मिठाई बांटने लगी। एक दूसरे के गले लगकर बधाइयां दी गई। किशन सिंह धानुक के बैंडबाजे के साथ किन्नर सभा की निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह की टीम ने नेताजी अमर रहे और अखिलेश यादव जिंदाबाद-डिम्पल यादव जिंदाबाद के नारों के साथ पुष्प वर्षा की। महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रही। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने डिंपल यादव को जीत की बधाई देते हुए कहा कि इस जीत ने सन् 2024 की दिशा का संकेत दे दिया है। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है उसका आचरण अलोकतांत्रिक और उसकी भाषा अमर्यादित रही है। मतदाताओं ने दिखा दिया है कि जो लोकतंत्र का अपमान करते हैं उन्हें मान्यता नहीं मिलती है। चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के हितों के लिए संघर्ष करती आई है। वही भाजपा का राजनीतिक विकल्प साबित हुई है। भाजपा नेतृत्व को भी जनादेश का सम्मान करना चाहिए। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को अराजकता में झोंक दिया है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में जो जीत हासिल हुई है उसके लिए क्षेत्रीय जनता में नेताजी के प्रति सम्मान और व्यापक सहानुभूति रही है। भाजपा राज में किसान, नौजवान, गरीब सभी परेशान हैं।

## अब स्कूलों में भी लागू होगा ग्रेडिंग सिस्टम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अगले** शैक्षिक सत्र 2023 से सरकारी माध्यमिक स्कूलों में ग्रेडिंग सिस्टम शुरू किया जा रहा है। ग्रेडिंग के जरिए स्कूलों की गुणवत्ता तय करने के लिए कई तरह के मानक रखे गए हैं। इस ग्रेडिंग में स्कूल में अध्ययन कर रहे छात्रों का प्रदर्शन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने जा रहा है। दरअसल, प्रदेश सरकार ने ग्रेडिंग सिस्टम में संशोधन करते हुए इसमें छात्रों के पूरे साल परीक्षाओं में किए गए प्रदर्शन को 50 प्रतिशत रेटिंग प्वॉइंट्स देने का निर्णय लिया है। वहीं बाकी 50 प्रतिशत में स्कूल के संसाधन, सुविधाएं एवं अन्य चीजों को परखा जाएगा। इसके तहत सरकारी माध्यमिक स्कूलों की नए शैक्षिक सत्र 2023 से ग्रेडिंग की जानी है। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी भी कर ली गई है। स्कूलों की ग्रेडिंग तय करने के लिए विभिन्न मानकों को तय किया गया है। अब इसमें छात्रों के छमाही और वार्षिक परीक्षाओं के अंकों को भी इसमें जोड़ा गया है। इस ग्रेडिंग में 50 प्रतिशत अंक विद्यार्थियों के परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के होंगे यानी शैक्षिक गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी स्कूलों की ग्रेडिंग उतनी ही अच्छी होगी।

## मैनपुरी में मुलायम फैक्टर की काट नहीं ढूंढ पाई भाजपा

अभिषेक रंजन। लखनऊ

### आजम का किला ध्वस्त, रामपुर हुआ राममय



**उप्र** में हुए उप चुनावों के परिणाम ने यूपी की सियासत में इस ठंड के मौसम मे गर्माहट पैदा कर दी है। बीजेपी ने जहां एक सीट गवाईं तो वहीं एक सीट हासिल भी की, लेकिन हकीकत यह है कि मैनपुरी में भाजपा 'मुलायम फैक्टर' की काट नहीं खोज पाई। उप चुनाव के इस परिणाम ने बीजेपी संगठन से लेकर सरकार तक को अपनी रणनीति पर विचार करने को मजबूर कर दिया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में यह पहला चुनाव था। भूपेंद्र सिंह की गिनती पश्चिम यूपी के कद्दावर जाट नेताओं में होती है लेकिन इसके बाद भी भाजपा खतौली की सीट नहीं बचा पाई। बीजेपी ने भूपेंद्र सिंह को यूपी संगठन की जिम्मेदारी इसलिए दी थी कि पश्चिम में पार्टी का संतुलन बना रहे और जाट-गुर्जर किसान नेताओं में भाजपा अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखे। मगर भाजपा का आंकलन कहीं न कहीं सही नहीं बैठा और अब भाजपा को पश्चिम यूपी के लिए अपने चुनावी तरकश में नए तीर तलाशने होंगे। साथ ही संगठन में पर्दे के पीछे रहकर रणनीति बनाने वाले प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल को भी अब नई रणनीति पर काम करना होगा। भाजपा ने मैनुपरी के लिए संगठन और सरकार में जिनको जिम्मेदारी दी थी वह भी खरे नहीं उतरे, ऐसे में संगठन और सरकार अब हार की समीक्षा करेंगे।

मैनपुरी में सरकार और संगठन दोनों ने ही पूरी ताकत लगा दी थी। यह उम्मीद की जा रही थी कि अगर भाजपा की यहां से पराजय होगी तो वह अंतर काफी कम होगा लेकिन चुनाव परिणाम इस अटकलों के बिल्कुल विपरीत आए। डिपंल ने भाजपा प्रत्शयी रघुराज शाक्य को 288461 मतों के अंतर से हराया है। मैनपुरी को साधने के लिए भाजपा ने यहां विधानसभा चुनाव जीते जयवीर सिंह को कैबिनेट मंत्री भी बनाया ताकि मैनपुरी में भाजपा सपा के गढ़ को भेद सके लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले कई चुनावों में लगातार जीत हासिल कर रही बीजेपी के लिए हालांकि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में खोने के लिए कुछ नहीं था लेकिन जिस तरह से सीएम योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने चुनाव प्रचार किया उससे ऐसी अटकलें लगाईं जा रहीं थीं कि बीजेपी समाजवाद के इस सबसे मजबूत गढ़ में भी कमल खिलाने में कामयाब रहेगी लेकिन बीजेपी का सपना टूट गया है। देखा जाए तो बीजेपी उप्र में जीत के रिकॉर्ड तोड़ रही थी। कुछ दिनों पहले ही रामपुर और आजमगढ़ में हुए लोकसभा उपुचनाव में शानदार जीत हासिल कर सपा को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। बीजेपी को उम्मीद थी कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार की नीतियों की बदौलत कमल खिलाने में कामयाब रहेगी लेकिन मैनपुरी में उसे निराशा हाथ लगी। बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के लिए भी ये बड़ा लक्ष्य था लेकिन वह पहले ही लिटमस टेस्ट में असफल साबित हो गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि जिस प्रकार शुरूआती दौर में शिवपाल और सपा मुखिया अखिलेश के बीच की तल्खियां थी उससे भाजपा मैनपुरी में सपा के दुर्ग को नुकसान पहुंचाने को सोच रही थी। इसलिए ही भाजपा ने जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन को लेकर रघुराज शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। मगर जब शिवपाल और अखिलेश एक मंच पर आए तो भाजपा की रणनीति तभी कमजोर होती दिखने लगी थी। माना यह जा रहा था कि चाचा-भतीजे के साथ आने से भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर होगी।

मैनुपरी में जीत को लेकर बीजेपी इस प्रकार बैचेन थी कि गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव के बाद भी योगी मैनपुरी में लगातार प्रचार कर रहे थे। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सबसे बड़े नेता मैनपुरी में डेरा डाले रहे लेकिन अखिलेश ने इनकी रणनीति को काउंटर कर उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बीजेपी के नेताओं की रैलियां काम नहीं आई और यहां यहां की जनता ने एक बार फिर समाजवाद में अपनी आस्था व्यक्त की थी।

भाजपा ने जाट लैंड को और मजबूत करने के लिए पश्चिमी यूपी से भूपेंद्र सिंह चौधरी के रूप में जाट प्रदेश अध्यक्ष बनाया। पश्चिमी यूपी में यह उनकी पहली चुनावी परीक्षा थी। क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल भी जाट हैं। खतौली जिस मुजफ्फरनगर जिले में आती है, वहां के सांसद केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान हैं। बालियान पश्चिम में जाट चेहरे के रूप में पेश किए जाते हैं। मगर जीती हुई सीट पर उपचुनावों में मिली हार ने जाट लैंड की चौधराहट को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुर्जर वोटों को साधने के लिए पार्टी ने प्रदेश सरकार के मंत्री सोमेंद्र तोमर को भी लगाया था मगर यह कार्ड भी काम नहीं आया।

## हिमाचल में जीत पर कांग्रेस में खुशी की लहर, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हिमाचल** प्रदेश चुनाव जीतने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनायाए और एक दूसरे को मिठाई खिला आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की और हिमाचल प्रदेश की जनता के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

मीडिया संयोजक व प्रवक्ता अंशू अवस्थी न कहा कि हिमाचल प्रदेश चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत लोकतंत्र की जीत है। हिमाचल की जनता ने कांग्रेस को जनादेश देकर भारत की एकजुटता का संदेश दिया है और राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही भारत जोड़ो यात्रा के संदेश पर भी मोहर लगाई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि हम हिमाचल की जनता को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने 2024 के बदलाव की नींव रख दी है अब भाजपा का तानशाही झूठा चेहरा जनता भली भांति समझ चुकी है। पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की जीत कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के संघर्ष की जीत है और हमारे कार्यकर्ताओं ने दिन रात मेहनत की भाजपा के झूठ को बेनकाब किया अब यह कारवां रुकने वाला नहीं है। हिमाचल प्रदेश चुनाव की जीत में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में विशेष रूप से मेहनत की।

# नौकर ने की थी कोटेदार लल्ला की हत्या

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** चर्चित कोटेदार और पूर्व प्रधान प्रतिनिधि लल्ला सिंह हत्या कांड को किसी और ने नहीं बल्कि साए की तरह साथ रहने वाले नौकर ने ही अंजाम दिया था। पुलिस ने उस दुकान को भी खोज निकाला है, जहां से हत्यारोपी ने हथौड़ा खरीदकर हत्या की घटना को अंजाम देकर सनसनी मचा दी थी। इस मामले का एक अहम पहलू यह है कि पुलिस एक तो लल्ला सिंह के हत्यारे को आखिरकार पकड़ ही लिया, दूसरा अहम पहलू हत्या के मामले में नामजद करा दिए गए एक भाजपा नेता और एक व्यापारी को निर्दोष जेल जाने से बचा लिया। हत्या का कारण मृतक द्वारा आरोपी चाचा की दो बीघा जमीन के बजाए 11 बीघा जमीन लिखवा लेना और पैसा न देना बना। घटना 2/3 दिसंबर की रात की है, कोतवाली महमूदाबाद इलाके के गुलौली गांव में सुबह होते ही सनसनी फैल गई। जैसे

**● पुलिस ने दुकान को भी खोज निकाला जहां से खरीदा था हथौड़ा**

**● जमीन लिखाना और गबन में नौकर को निकालना बना हत्या का कारण**

ही खबर आई गांव के कोटेदार और पूर्व प्रधान नीलम सिंह के प्रतिनिधि लल्ला सिंह की किसी ने घर के अंदर सोते समय धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी है। लल्ला सिंह घर के बाहर बने कमरे में अपने नौकर कल्लू वर्मा पुत्र रामचंद्र वर्मा निवासी जयबालपुर खिजना थाना बड्डूपुर बाराबंकी के साथ सोए थे। साथ सोए नौकर को लल्ला सिंह की हत्या भी हो गई, इसकी भनक भी नहीं लगी। सुबह नौकर कल्लू ने ही परिजनों को सूचना दी कि लल्ला सिंह की हत्या कर दी गई है, तब परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर एसपी घुले सुशील चंद्रभान, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी रविशंकर प्रसाद और कोतवाली ब्रजेन्द्र सिंह ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक के पास ही एक हथौड़ा बरामद हुए लेकिन हथौड़े पर खून के कोई भी निशान न होने से पुलिस को मामले में उलझा दिया। इस बीच परिजनों ने हत्या के मामले में भाजपा नेता अंकुश राज विश्वकर्मा और व्यापारी नवीन कुमार शुक्ला को नामजद करा दिया। इससे कुछ समय के लिए पुलिस और उलझ कर रह गई। पुलिस ने नामजद दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन हत्या में इनके साथ संलिप्त होने का कोई साक्ष्य नहीं मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल में पाया कि मृतक लल्ला सिंह का नामजद दोनों से लाखों का लेनदेन था, इसके बाद शुरूआती दौर से ही पुलिस को जिस नौकर पर कल्लू वर्मा पर शक था, उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो एक के बाद एक राज उगलने लगा। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने लल्ला सिंह हत्याकांड का खुलासा करते हुए जानकारी दी कि इस खुलासे के लिए सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद, कोतवाल ब्रजेन्द्र कुमार और स्वाट सर्विलांस की टीम को लगाया था, जिससे यह सफलता मिली। उनके मुताबिक अभियुक्त कल्लू ने नींद की गोली खिलाने के बाद लल्ला सिंह के सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या की। अत्यधिक रक्तस्राव होने से लल्ला सिंह की मौत हो गई। हथौड़ा में पालिथीन बांध कर प्रहार किया गया, उसमें लगी पालिथीन को तोड़ कर फेंक दिया गया, इसलिए हथौड़े में खून नहीं लगा। जिस बड्डूपुर इलाके से हथौड़े को कल्लू ने खरीदा उसकी भी पहचान कर ली गई है। हत्या के पीछे कल्लू के जरिए चाचा की दो बीघा जमीन के बजाय 11 बीघा जमीन 10 वर्ष पूर्व लल्ला सिंह द्वारा लिखवाया जाना और कोटे के काम में गबन करने के शक में कल्लू को लल्ला सिंह द्वारा निकाला जाना कारण बना।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता। बरेली

**विवाहिता की** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत के बाद मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव कफ्नेरी निवासी प्रदीप कुमार की 25 वर्षीय पत्नी राजरानी की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के ज्योरा का मजरा काशीपुर निवास मृतका के पिता नौबत राम की बेटी राज रानी का विवाह 1 साल पूर्व प्रदीप कुमार से हुआ था विवाह के बाद से प्रदीप और उसके घर वाले दहेज कम मिलने की बात कहकर राजरानी को प्रताड़ित करते थे प्रदीप इन दिनों बरेली में किराए के कमरे में रहकर एक कोचिंग में पढ़ाता है यहीं पर राजरानी भी उसके साथ रहती थी कुछ दिन पहले वह मिलक से प्रदीप के साथ रहने के लिए बरेली आई थी यहीं पर कल शाम को दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया मायके वालों ने आरोप लगाया कि प्रदीप ने राजरानी को इसी दौरान जहरीला पदार्थ दे दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई तब प्रदीप ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां राजधानी की मौत के बाद प्रदीप ने उसके मायके वालों को सूचना दी कि राजरानी की मौत हो गई है तब वह अस्पताल पहुंचे तब प्रदीप और उसके घर वाले राजरानी की लाश को अस्पताल में ही छोड़कर फरार हो गए मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की शिकायत पुलिस से कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** दुकान से घर वापस लौटते समय ग्रामीण को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव सेमीखेड़ा निवासी 50 वर्षीय रामस्वरूप पुत्र ढाकन लाल की बीती रात सेमी खेड़ा में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि रामस्वरूप घर से कुछ दूर एक हेयर कटिंग की दुकान पर काम करता था और कल रात को दुकान बंद होने के बाद वह अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन किसी अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते समय उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक तीन बच्चों का पिता था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मोहम्मदी खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम हुआ आयोजित है,जिसमे जिले से आऐ मनोचिकित्सक डॉक्टर अखिलेश कुमार शुक्ला सहित जिले के अन्य चिकित्सको के माध्यम से देखे मानसिक रोगी ,मनोचिकित्सक की टीमों द्वारा मासिक रोगियों की हुई काउंसिलिंग, 86 मानसिक रोगियो का हुआ रजिस्ट्रेशन, आज स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक रोगियों के लिए बड़ा शिविर लगाया गया इसमें डॉक्टर अखिलेश शुक्ला विवेक मित्तल और डॉक्टर स्तुति कक्कड़ ने मानसिक रूप से रोगी मरीजों को देखा गया तथा दवा और काउंसलिंग की गई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात काउंसलर रुबीना जैदी, और राजिद खान ने सहयोग करते हुए मानसिक रोगियों की काउंसलिंग की आज लगे शिविर में 86 मानसिक रोगियों की जांच और उनका उपचार किया गया जो मानसिक रूप से रोगी मिले उनको मानसिक विकलांग प्रमाण पत्र जिले से दिया जाएगा।

### मंदबुद्धि युवक ने आग लगाकर की आत्महत्या

**बरेली ।** मंदबुद्धि युवक ने घर में खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। पीलीभीत के माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव दूंगा निवासी नवाजुद्दीन के 18 वर्षीय बेटे इफ्तेखार की बीती रात बरेली के जिला अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि इफ्तेखार मानसिक रूप से कमजोर था और 1 दिसंबर को शाम के समय उसने घर में ही खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली उसके चीखने की आवाज सुनकर घरवालों ने गांव वालों की मदद से कपड़ों में लगी आग को बुझा दिया लेकिन तब तक वह बुरी तरह झुलस चुका था घर वालों ने उसे पहले पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और सिर्फइलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाए बताया जाता है कि जिला अस्पताल बरेली में एक निजी अस्पताल के दलाल ने उनको इलाज के लिए निजी अस्पताल भिजवा दिया और लगभग डेढ़ लाख रुपए खत्म करने के बावजूद उसकी की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और कल घर वाले से फिर से जिला अस्पताल ले आए जहां उसकी मौत हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक छे भाइयों में सबसे छोटा था ।

### शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस ने लगाया ब्रेक



**संतकबीरनगर।** पुलिस कप्तान सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार को मीडिया से प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दिया कि संतकबीरनगर में अवैध शराब का कारोबार करने वाले कारोबारियों पर शिंकजा कसा गया है। सभी पुलिस की गिरफ्त में आ गये है। पुलिस कप्तान सोनम कुमार ने बताया कि आबकारी विभाग व जनपद की सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में गोरखपुर जनपद का मुख्य सरगना सहित पीलीभीत जनपद के तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कूटरचित तरीके से अवैध शराब बनाने वाले के उपकरण भारी मात्रा में बरामद किया गया। अंग्रेजी शराब के ढक्कन 947 अदद (इम्पीरियल ब्लू 301, रायल स्टैग 525, मैकडावल 85, ब्लण्डर प्राइड 36), क्यूआर कोड रैपर 1092 अदद (क्यूआर कोड पीला रंग 998, सफेद 94), खाली बोतल अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांड के 140 अदद (मैकडावल 375 उस 05 अदद, 180 उस 41, इम्पीरियल ब्लू 180 उस 68, 375 उस 04, रायल स्टैग 180 उस 18, 375 उस 04), निर्मित शराब 15 बोतल (इम्पीरियल ब्लू 05, मैकडावल 06, रायल स्टैग 04), स्प्रिट 12 बोतल में कुल 120 लीटर, एक अदद स्प्रे सेन्ट व इंड्रिक्टियल निडिल तथा एक अदद स्कूटी मोटर साइकिल बरामद किया गया।

# जीएसटी टीम के आने के डर से पांचवें दिन भी बंद रहीं शहर की ज्यादातर दुकानें

संवाददाता। सीतापुर

**राजधानी से** सटे सीतापुर का शहर हो या कस्बे में इन दिनों जो हालात दिखाई देते है, वह या तो कर्फ्यू के समय के लगते है, या फिर लॉकडाउन के समय के। कारण जीएसटी अधिकारियों की टीम का लगातार दुकानों पर जाकर जो निरीक्षण हो रहा है। उससे व्यापारी इस तरह दहशत में आ जा रहे है कि वह दुकान बंद कर भूमिगत हो जा रहे है। अचानक से दुकानें बंद होने से ग्राहकों को भटकना पड़ रहा है। सीतापुर के ज्यादातर कस्बों के हालात इन दिनों यही बने हुए है। सबसे अहम बात यह है कि ज्यादातर व्यापारी मंझोले है या फिर छोटे दुकानदार उनके अंदर समाए डर को कोई दूर करने के लिए भी आगे नहीं आ रहा है, हालात यहां तक पहुंच गए है कि व्यापारियों को ज्ञापन

**● चौपट हो रहे व्यापार को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन**

**● लगातार दुकानों की बंदी से ग्राहकों को हो रही दिक्कतें**

तक देना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से व्यापारियों की नींद उड़ी हुई है। जीएसटी के अधिकारियों ने गुरूवार को सीतापुर की कई बाजारों सहित जिले के अलग अलग नगरों और कस्बों की दुकानों में निरीक्षण किया। जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें जो ऊपर से दुकानों की सूची दी जा रही है, जहां से कम राजस्व आ रहा है, उन्हीं दुकानों को वह चेक कर रहे है। पर आनलाइन के बढ़ते व्यापार से पहले से ही दुकानदार की दुकानदारी आधी से भी कम हो गई ऊपर से जीएसटी को लेकर दुकानों पर हो रही जांच पड़ताल से दुकानदारों के जले पर नमक छिड़क रही है। जीएसटी अधिकारी जिस तरह कार्रवाई कर रहे है, उससे इन दुकानदारों को समाज में चोर जैसा साबित कराने का काम किया जा रहा है। हैरत की बात देखिए व्यापारियों के हितों की बड़ी बड़ी बात करने वाले व्यापार संगठन के बयान बहादुर नेताओं की जुबान को मानों लकवा मार गया हो, अथवा वह भी जीएसटी अधिकारियों से खौफखा गए है, तभी तो न वह बोल रहे है न वह दिख रहे है। उपचुनाव के नतीजों में भाजपा की जो स्थिति रही वह किसी से छिपी नहीं है। फिर भी व्यापारियों पर इस तरह की कार्रवाई कहीं भाजपा को महंगी न पड़ जाए।

# बिगबास्केट ने बरेली और मुरादाबाद में लॉच की सेवाएं



**बरेली।** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन सुपरमार्केट, बिगबास्केट ने अब बरेली और मुरादाबाद में भी अपना परिचालन शुरू कर दिया है। अब इन दोनों शहरों में ग्राहक बिगबास्केट की ऐप के माध्यम से उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का ऑर्डर कर सकते हैं, जिसमें चावल, दाल, तेल और मसाला, पर्सनल केयर, ब्रांडेड भोजन रसोई और अन्य घरेलू सामान शामिल हैं। इस श्रृंखला शामिल हर एक उत्पाद पर न्यूनतम 6 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी गई है। वर्तमान में भारत के सभी प्रमुख शहरों में बिगबास्केट अपनी सेवाएँ दे रहा है, जिसमें भारत के 200 मिलियन इंटरनेट का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को सबसे कम कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ किराने का सामान प्रदान करवाया जा रहा है, जिसमें अब बरेली और मुरादाबाद भी शामिल हो चुके हैं। टीके बालकुमार , सीओओ , सचिन भारद्वाज , क्षेत्रीय व्यापार प्रमुख उत्तर और शशि शेखर राष्ट्रीय व्यापार प्रमुख टीयर 2 शहर, बिगबास्केट आदि ने अपनी गरिमामई उपस्थिति के साथ लॉन्च कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।लॉन्च इवेंट में बोलते हुए टी.के. बालाकुमार, सीओओ, बिगबास्केट ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अब हम बरेली और मुरादाबाद में काम कर रहे हैं। हम इन शहरों के प्रत्येक व्यक्ति का टाटा एंटरप्राइज, बिगबास्केट में अपने परिवार से जुड़ने के लिए स्वागत करते हैं। हर रोज कम कीमतों पर सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पादों को वितरित करना हमारा लक्ष्य है, और हम बहुत जल्द बरेली और मुरादाबाद के भरोसेमंद किराना भागीदार बनने की उम्मीद करते हैं। हमारा प्राथमिक उद्देश्य हमेशा ग्राहकों और उनकी सुविधा को पहले रखना रहा है, जो देश के लगभग हर हिस्से में हमारी मौजूदगी की व्याख्या करता है।बिग बास्केट के बारे में, टाटा एंटरप्राइज बिग बास्केट, एक टाटा एंटरप्राइज , ऑनलाइन किराना बाजार में माइलस्टोन बना रहा है और हाल ही में ग्राहकों के अधिकांश ऑर्डर को तेजी से पूरा करने के लिए शहरों में अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को फिर से तैयार किया है। कंपनी के संचालन का विस्तार भारत के 400 से अधिक शहरों में हो गया है, प्रति माह लगभग 15 करोड़ ग्राहक ऑर्डर दर्ज कर रहा है।

# उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 के क्रियान्वयन पर हुआ मंथन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**गुरुवार को** देर शाम प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में 卐उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022卐 के क्रियान्वयन के लिए गठित जनपदीय समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक का संचालन उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शासन ने उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 का प्रख्यापन किया है, इससे जहां एक और कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी वहीं दूसरी

**● डीएम ने ली जनपदीय समिति की बैठक, दिए निर्देश**

ओर पर्यावरण की समस्या से निजात मिलेगी। काफी समय से किसान धान फसल के बाद अपने खेतों में पराली जलाते हैं, जिससे पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। अनेक कृषि अपशिष्ट ऐसे हैं, जिनकी कोई उपयोगिता नहीं हो पाती और फेंक दिए जाते हैं। उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 इस समस्या के निदान के लिए महत्वपूर्ण विकल्प प्रदान करती है।उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत प्रत्येक तहसील को एक केचमेंट एरिया के रूप में मानते हुए कृषि अवशिष्ट, पराली को जलाने से या बर्बाद करने से बचाने के लिए इन पर आधारित बायो प्लांट की स्थापना किए जाने का लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पृष्ठभूमि में प्रख्यापित नीति के प्रावधानों का गहन अध्ययन करते हुए प्रावधानों से किसानों को अवगत कराएं। निवेशकों को चिन्हित करते हुए निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। निवेशकों को बायो प्लांट लगाने के लिए अनेक सुविधाएं इस नीति के तहत अनुमन्य है।

## ट्रैक्टर ने टेंपो को मारी टक्कर चालक की मौत

**बरेली ।** तेजी से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्राली ने टेंपो को टक्कर मार दी जिससे टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।हाफिज गंज थाने के गांव लभेड़ा निवासी 22 वर्षीय अरशद पुत्र मोबीन खान की बीती रात लगभग 10 बजे हाफिज गंज थाने में सीथरा पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि अरशद टेंपो चलाता था और रात में लगभग 10 बजे काम करने के बाद टैंपू से अपने घर वापस लौटते समय जब वह सिथरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उसके टेंपो को सामने से टक्कर मार दी जिससे टेंपो चला रहे अरशद की मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर ट्राली फरार हो गई रास्ते स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना अरशद के घर वालों को दी लेकिन जब भी मौके पर पहुंचे अरशद की मौत हो चुकी थी उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# डा. राम आशीष की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**अटेवा प्रदेश** नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच लखीमपुर के तत्वावधान में डॉ राम आशीष सिंह की छठी पुण्यतिथि पर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं शहर के मुख्य मार्गों पर कैंडल मार्च निकाला गया। 7 दिसंबर 2016 को अटेवा के लखनऊ में पेंशन आंदोलन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में रामाशीष सिंह की मृत्यु हो गई थी, तब से प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर पेंशन बहाली तक संघर्ष करने का सभी संकल्प लेते हैं।श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च

**● अटेवा के संघर्षों से आंदोलन देशभर में चल रहा है और इसी के बल पर राजस्थान छत्तीसगढ़ झारखंड और पंजाब में पेंशन बहाल हो गई**

का नेतृत्व प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने किया एवं संचालन मीडिया प्रभारी डॉ कमल किशोर मौर्य ने किया। श्रद्धांजलि सभा में अटेवा जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए रामाशीष सिंह का बलिदान बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। अटेवा के संघर्षों से आंदोलन देशभर में चल रहा है और इसी के बल पर राजस्थान छत्तीसगढ़ झारखंड और पंजाब में पेंशन बहाल हो गई है। पेंशन मुद्दा देश का प्रमुख राजनैतिक मुद्दा बन चुका है और प्रत्येक राज्य में इसकी मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पेंशन बहाल होने तक आंदोलन चलता रहेगा। प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने कहा एनपीएस और निजी करण देश के लिए और शिक्षक कर्मचारियों के लिए घातक है अटेवा एनपीएस व निजीकरण के विरोध में लगातार आंदोलनरत है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बरेली ।** रिश्तेदार के घर से लौट रहे एक युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना मौत हो गई बाइक सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । संभल के कुड फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव धरनी निवासी 18 वर्षीय बिंटू पुत्र श्रीपाल कि बीती रात लगभग 10रू00 बजे बरेली में खर्च थाना क्षेत्र में नकटिया और सैटेलाइट बस स्टैंड के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि बिंटूतीन दिन पहले सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करगेना स्थित अपनी ननिहाल आया था जहां से वह कल दिन में अपने ममेरे भाई अजीत के साथ बहेड़ी निवासी एक रिश्तेदार के घर गया था जहां से रात लगभग 10रू00 बजे वापस लौटते समय सैटेलाइट बस स्टैंड और नकटिया के बीच उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# पेज एक का शेष

## गुजरात में 7वीं बार...

भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भूपेंद्र पटेल ने अपने घाटलोडिया निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 1.92 लाख मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की है। उन्हें अपनी सीट पर 80 प्रतिशत से अधिक वोटशेयर मिला है। भाजपा ने उनकी ताजपोशी की तैयारी शुरू कर दी है। वह 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने कहा कि मोदी और शाह शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। पार्टी की ओर से दूसरी बड़ी जीत भाजपा के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने दर्ज की, जिन्होंने सूरत की माजुरा सीट से अपने प्रतिद्वंद्वी को 1.16 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया। भाजपा की शानदार जीत अगले 16 महीनों में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को देखते हुए बहुत महत्वपूर्ण है। वर्ष 2017 में कांग्रेस को मतदान करने वाले पूरे पाटीदार आधार को भाजपा ने इस बार अपने पाले में कर लिया। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं। भाजपा ने राज्य की ग्रामीण, आदिवासी और ओबीसी सीटों में से अधिकांश पर जीत दर्ज की है और राज्य में मुस्लिम बहुल सीटों पर भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। भाजपा ने इन चुनावों में कांगेस को पूरी तरह राजनीति के हाशिये पर ला खड़ा किया है। आम आदमी पार्टी ने भी सौराष्ट्र क्षेत्र में कांग्रेस को पीछे धकेलते हुए अपनी अच्छी पैठ बना ली है। राज्य में भाजपा का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ा है। जहां 2014 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 31.1 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं 2019 के लोकसभा चुनावों में उसका वोट शेयर 37.4 प्रतिशत रहा। गुजरात में भाजपा की लहर ऐसी थी कि पार्टी के बागी उम्मीदवारों को भी बहा ले गई। ज्ञात हो कि पार्टी ने इस बार 40 विधायकों के टिकट काट दिए थे। पाटीदार नेता हार्दिक पटेल (29) और ओबीसी नेता अल्पेश ठाकोर (47) जैसे पाटीदार नेता कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। दोनों जीत गए हैं। दलित नेता जिग्नेश मेवाणी (41) जो 2017 में हार्दिक और ठाकोर के साथ प्रमुख चेहरे के तौर पर राजनीति में उभरे थे, भी वडगाम सीट से कांग्रेस के टिकट पर अपनी विधानसभा सीट जीत गए हैं।

वर्ष 1985 में माधवसिंह सोलंकी के नेतृत्व में राज्य विधानसभा की कुल 182 सीटों में से रिकॉर्ड 149 सीटों पर जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने इस विधानसभा में 16 सीटें जीतकर बेहद दयनीय प्रदर्शन किया है। तब उसे 55 फीसदी वोट हासिल हुए थे। वर्ष 2017 के पिछले विधानसभा चुनावों में ही कांग्रेस के पास 77 सीटें थीं। भाजपा को 99 सीटें मिली थीं। भाजपा का वोट प्रतिशत 49.1 और कांग्रेस का 41.5 प्रतिशत था। यानी वोट शेयर में ज्यादा अंतर नहीं था। इस चुनाव में देश की सबसे पुरानी पार्टी को तगड़ा झटका लगा और उसे भाजपा से आधे वोट ही मिल पाए। गुजरात में विधानसभा चुनावों में दूसरी बार किस्मत आजमाने उतरी आप को पांच सीटों के साथ 12.9 प्रतिशत वोट मिले। आप की प्रभावी आमद ने कांग्रेस को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। गुजरात के पिछले विधानसभा चुनाव में आप को बमुश्किल 0.034 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन कोई सीट नहीं मिली थी। उसे नोटा (0.69 प्रतिशत) से भी कम वोट मिले थे।

## आदिवासी क्षेत्रों से भाजपा...

इस समुदाय की 60 सालों से चली आ रही अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग को चुनाव से ठीक पहले पूरा किया गया था। कांग्रेस जिसने 2017 में गुजरात मे 15 अनुसूचित जनजाति सीटें जीती थी, इस बार वह दांता और खेडब्रह्मा की सीटों पर सिमट कर रह गई। यदि आप ने कुल वोट हिस्सेदार में से करीब 13 फीसदी हासिल किया है तो यह आदिवासी क्षेत्र में उसके प्रदर्शन के कारण मिला है। उसने कांग्रेस के वोट बैंक में तगड़ी सेंध लगाई और भिलोदा, व्यारा, छोटा उदयपुर तथा कपराडा करीब 25 फीसदी वोटों पर हाथ साफ किया। उसने डेडीपाडा में एकमात्र सीट जीती लेकिन उसे 58 फीसदी वोट मिले। यह आप के चैतर वासवा के खाते में गई।

## गुजरात ने रिकॉर्ड तोड़न...

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में हिमाचल प्रदेश और दिल्ली नगर निगम के साथ ही बिहार और उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों में उपचुनाव के नतीजों का भी उल्लेख किया। हिमाचल के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि इस पहाड़ी राज्य के चुनाव में हर बार सरकार बदलने का रिवाज रहा है। इस साल के चुनाव में जीत का अंतर महज एक ही प्रतिशत रहा है। इसका मतलब है कि हिमाचल की जनता ने भी भाजपा को विजयी बनाने के लिए भरसक प्रयास किय। मैं हिमाचल की जनता को आश्वस्त करता हूं विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता शत-प्रतिशत रहेगी। दिल्ली नगर निगम के चुनावों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि एमसीडी को विफल करने के इरादे से जनता के साथ धोखा किया गया है। बिहार के कुढ़नी उपचुनाव में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह प्रदर्शन आने वाले दिनों का स्पष्ट संकेत कर रहा है।

## हिमाचल में कांग्रेस को...

सिराज विधानसभा सीट पर निवर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस उम्मीदवार चेतराम को 38,183 मतों के अंतर से पराजित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम के पुत्र और भाजपा उम्मीदवार अनिल शर्मा ने मंडी सदर विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार चम्बा ठाकुर को 10 हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। शिमला शहरी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के हरीश जनारथा ने भाजपा उम्मीदवार संजय सूद को 3,037 मतों के अंतर से पराजित किया। मौजूदा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा सीट पर जीत हासिल की। वहीं, ठियोग विधानसभा सीट पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप राठौर तथा धर्मशाला से पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा विजयी घोषित किए गए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नदौन सीट से जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में 76.44 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

राज्य विधानसभा चुनाव में पराजय स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। ठाकुर ने कहा, अब नई सरकार बनेगी, मैं उन्हें (कांग्रेस को) बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह अपने वादे पूरे करेगी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को जनादेश देने के लिए हिमाचल प्रदेश की जनता का दिल से धन्यवाद व अभिवादन। ये जीत हिमाचल की जनता के मुद्दों व उन्नति के संकल्प की जीत है। कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को भी ढेर सारी शुभकामनाएं। आपकी मेहनत रंग लाई।

वहीं, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रदेश की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता से किया हर वादा जल्द से जल्द निभाया जाएगा। उन्होंने गुजरात में कांग्रेस की हार को स्वीकार करते हुए यह भी कहा कि संगठन का पुनर्गठन कर प्रदेशवासियों के हक की लड़ाई जारी रखेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। फिर से आश्वस्त करता हूं, जनता से किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे। उन्होंने ट्वीट किया, हम गुजरात के लोगों का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। हम पुनर्गठन कर, कड़ी मेहनत करेंगे और देश के आदर्शों और प्रदेशवासियों के हक़ की लड़ाई जारी रखेंगे। कांग्रेस की जीत के बाद अब मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू, अब तक नेता प्रतिपक्ष रहे मुकेश अग्निहोत्री तथा कुछ अन्य नेताओं के नाम मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में शामिल हैं। कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पार्टी आलाकमान तय करेगा और उसके फैसले पर सभी मिलकर आगे बढ़ेंगे। उधर, प्रतिभा सिंह के पुत्र और विधायक विक्रमादित्य सिंह ने कहा, बेटे के रूप में, मैं अपनी मां को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहूंगा, लेकिन इस संबंध में फैसला विजेता उम्मीदवारों और आलाकमान द्वारा लिया जाएगा।

## बागियों ने...

वलसाड जिले के पारदी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी तथा आदिवासी नेता केतन पटेल भी चुनाव हार गए। वे पाला बदलकर आप में शामिल हो गए थे। हिमाचल प्रदेश में पूर्व राज्यसभा सदस्य कृपाल सिंह परमार (फतेहपुर) निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़े और हार गए। प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से उनसे चुनाव न लड़ने का अनुरोध किया था लेकिन वे नहीं माने। उन्हें करीब चार फीसदी वोट मिले।

## जीत से बढ़ा प्रियंका...

हिमाचल में पार्टी का जो प्रचार अभियान चला वह पूरी तरह से प्रियंका की निगरानी में था। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का बुरी तरह से सफाया होने के बाद हिमाचल में मिली जीत निश्चय ही एक नेतृत्वकर्ता के रूप में उनके लिए संजीवनी साबित होगी। हिमाचल की जीत ने पार्टी के नेताओं को खुश होने का मौका दिया है। फिलहाल कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता में है और अब इसमें हिमाचल प्रदेश भी जुड़ गया है। मध्य प्रदेश में आधे रास्ते मे उसे सत्ता खोनी पड़ी थी जब उसने अपने एक तिहाई विधायकों को खो दिया था। इसके बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र में सरकार में होने के बावजूद वह सत्ता से बाहर हो गई। पार्टी के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एक दशक से भी ज्यादा समय से उसने उत्तर में जनाधार खो दिया है। लेकिन अब अगले साल राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी। प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उसे आप और टीएमसी जैसी पार्टियां चुनौती देती रहती हैं तथा भारत जोड़ो अभियान से मिलने वाले फायदे का लेखा-जोखा किया जाना अभी बाकी है। हिमाचल प्रदेश चुनाव में जीत हासिल करने का श्रेय पार्टी के नेताओं ने प्रियंका और रणनीतिकार बघेल को दिया है जिन्होंने इसके पहले असम विधानसभा चुनाव में मिलकर काम किया था और वहां पर कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब नहीं था। दोनों ने इस साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों में मिलकर रणनीति बनाई थी। गुजरात चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन से पार्टी को भारी झटका लगा है और यह खतरा बढ़ गया है कि राज्य में विपक्ष के स्थान को केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप भर दे। इसका असर अन्य विपक्षी पार्टियों से सत्ता के लिए मोल-तोल पर भी पड़ेगा। इसके अलावा गुजरात में खराब प्रदर्शन पार्टी से नेताओं का पलायन और बढ़ेगा।

## आप को गुजरात में...

सत्येंद्र जैन को हिमाचल का प्रभारी बनाया गया था, लेकिन उनकी गिरफ्तारी तथा मनीष सिसोदिया के परिसरों पर छापेमारी ने उम्मीदवारों के उत्साह को और भी कम कर दिया। पार्टी ने दरंग विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर 68 में से 67 सीट पर उम्मीदवार खड़े किए थे।

# मंडलीय स्काउट रैली का आज जल शक्ति मंत्री करेंगे उद्घाटन

**● 9 से 11 तक सीआईसी में होगी तीन दिवसीय स्काउट गाइड रैली**

संवाददाता। चित्रकूट


बैठक को सम्बोधित करते रैली सह सयोजक/ सीआईसी प्रधानाचार्य डा0 रणवीर सिंह चौहान

**चित्रकूट** इण्टर कालेज कर्वी में 9,10 व 11 दिसम्बर को चित्रकूटधाम मण्डल स्तर की तीन दिवसीय स्काउट्स एण्ड गाइड्स रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को 11 बजे प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद करेंगे। इसके बाद 11 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर रैली का समापन करेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डीआईओएस बलिराज राम व समापन सत्र की अध्यक्षता झांसी/ चित्रकूटधाम मण्डल के डीडीआर मंशाराम पटेल करेंगे। मण्डलीय रैली के संयोजक बलिराज राम व सह संयोजक डा0 रणवीर सिंह चौहान बनाये गये हैं। जबकि रैली के संचालक सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर चित्रकूटधाम पूनम संधू रहेंगे। रैली को सफलतापूर्वक सम्पादित कराने के उद्देश्य से मेजबान कालेज सीआईसी में प्रधानाचार्य डा0 रणवीर सिंह चौहान ने जिला स्काउट्स गाइड संस्था के सचिव सुरेश प्रसाद की मौजूदगी में सभी शिक्षकों की बैठक कर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और आयोजन समितियां गठित कर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों को अलग-अलग कार्यों के निर्वहन हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई। समितियों में लेखा समिति, निर्णायक समिति, अनुशासन समिति, साज-सज्जा समिति, भोजन एवं आवास समिति, प्रचार-प्रसार व प्रकाशन समिति, स्वागत समिति, निर्णायक समिति, अभिलेख समिति आदि समितियों का गठन किया गया है। आवास व्यवस्था के लिये चित्रकूट जिले की टीमें जीजीआईसी कर्वी में, बांदा जिले की टीमें जेपी इण्टर कालेज कर्वी में, महोबा की टीमें ब्रम्हचर्य स्कूल कर्वी में व हमीरपुर की टीमें जनसेवा इण्टर कालेज कर्वी में ठहरेंगी। तीन दिवसीय स्काउट गाइड मण्डलीय रैली की सभी तैयारियां पूर्व जिला सचिव मइयादीन पटेल के निर्देशन में पूरी कर ली गईं हैं । शुक्रवार को भव्य उद्घाटन होगा।

## महंगे दामों पर बिक रही है यूरिया खाद

**कुरारा ( हमीरपुर )।** साधन सहकारी समितियों से यूरिया खाद गायब होने से क्षेत्र के किसानों को महंगे दर पर निजी खाद बिक्रेताओं से खरीदना पड़ रहा है। क्षेत्र में आधा दर्जन साधन सहकारी समितियों द्वारा किसानों को खाद बीज की पूर्ति की जाती है। लेकिन दो सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी इन सरकारी समतियो से खाद नदारत हैं। इससे किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसान कामेंद्र, बद्री सिंह, खडग सिंह, शौरभ सिंह, आदि ने बताया कि दो सप्ताह से समतियो में यूरिया खाद की उपलब्धता नही हो पा रही है। जब कि गेंहू की फसल में पहला पानी लगाने के बाद किसानों को यूरिया खाद की जरूरत है। खुले बाजार में यूरिया खाद की बोरी 380 रुपया में बिक्री की जा रही है। जबकि सरकारी दर में बहुत अंतर है।इससे किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिला कृषि अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है।

# शमशाबाद में आप कार्यकर्ता सम्मेलन में कई सभासदों ने आप की ली सदस्यता



**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद में आप कार्यकर्ता सम्मेलन में कई वर्तमान सभासदो ने आप की सदस्यता ली । सम्मेलन की अध्यक्षता पार्टी के जिला सह प्रभारी अदनान साहब ने की एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन केंद्रीय प्रभारी नगर पंचायत शमशाबाद एवं जिला कोषाध्यक्ष बृजनंदन शाक्य ने किया। कार्यक्रम का आयोजन शमशाबाद नगर पंचायत के प्रमुख समाज सेवी श्री शोएब अली उर्फ सब्बू भाईए शानू भाई एवं सरवर भाई एवं उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम कराने में महत्वपूर्ण भूमिका में वहां के नगर अध्यक्ष श्री अब्दुल कलाम साहब भी रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि नगर के जाने.माने समाजसेवी नावेद जमा खान साहब रहे। मुख्य वक्ता किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अवनीश तोमर जी ने दिल्ली मॉडल की विस्तृत रूप से चर्चा की तथा वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि नगर पंचायत शमशाबाद में आम आदमी पार्टी के जीतने पर दलालों कमीशन खोरो और दबंगों से जनता को मुक्ति मिलेगी। जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य ने आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली एमसीडी चुनाव में मिली बंपर जीत पर सभी को बधाई दी और नगर पंचायत शमशाबाद में सभासद के प्रत्याशियों को आवेदन फार्म भी वितरित किएए राजीव नगर वार्ड से फूल मियां साहब तुलसी नगर वार्ड से रईस खान साहब गांधी नगर वार्ड से शौकीन भाई साहब टीपू नगर वार्ड से वाहिद अली सानू साहब ने आवेदन फार्म प्राप्त किए। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आदरणीय साहब भाई खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैजान भाई एवं माइनॉरिटी विंग के जिला अध्यक्ष नाजिम हसन साहबए आईटी सेल के प्रभारी अंकित शाक्य, युवा जिला सचिव सौरभ कुमार, युवा विंग विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं छात्र विंग विधानसभा अध्यक्ष विनय शाक्य एवं नगर के सम्मानित सूफी साहब भी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जीएसटी टीम की जांच के भय से दुकाने बंद रखीं

**राठ..कुरारा।** जिले में जांच के लिये तीन दिन से घूम रही जीएसटी टीम के भय से जिले के सभी दुकानदार अपने दुकाने बंद किये है जिससे ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। राठ में कोट बाजार में टीम पहुच कर जैसे ही जांच शुरु की तभी सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों ने बंद कर दिया है। सबसे अधिक कस्बे के बिल्डिंग मैटेरियल के दुकान वाले लोग पूरी तरह अपने प्रतिष्ठान बंद कर घरों में दुबक गए हैं और बड़े प्रतिष्ठान वाले व्यापारी भी एक दूसरे से टोह ले रहे हैं कि जनपद में किस जगह टीम छापा मारी कर रही है। उसी के अनुसार अपने प्रतिष्ठान खोल रहे हैं। टीम की छापेमारी के डर से कस्बा का व्यापारी अपने दुकान खोलने में डर रहे हैं। जी एस टी टीम जनपद में कस्बा कस्बा भ्रमण कर रही है।

### दो हफ्ते बाद भी पुलिस चोरी के खुलासे से दूर

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर कस्बे में दो हफ्ता पहले गृह स्वामी शीलेंद्र यादव के घर से चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब दस लाख रुपए का जेवरात चुरा कर ले गए थे। जिसकी सूचना पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। गृह स्वामी ने बताया कि दो हफ्ते हो चुके हैं और पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र देकर चोरों को पकड़ने की गुहार भी लगा चुके हैं लेकिन थाना पुलिस द्वारा सक्रिय जांच पड़ताल कर चोरों को नहीं पकड़ा जा रहा है। अभी तक चोरी का खुलासा नहीं हो पा रहा है।

### अपहरण की आशंका को लेकर महिला ने एसपी से लगायी गुहार

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द निवासी पीड़ित महिला सुनीता पत्नी किशुन प्रसाद ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पीड़ित महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि हमारा पुत्र गजेंद्र और दूसरा साथी मिथुन 4 दिसंबर को 3 बजे अपने गांव जैसारी खुर्द मोटर साइकिल द्वारा पहाड़गांव अपनी बहन के पास जा रहे थे। तभी रास्ते में डाढ़ी गांव के पास हमारे गांव के रहने वाले ज्ञानेंद्र पुत्र राजबहादुर और उनका रिश्तेदार डाढ़ी निवासी विवेक पुत्र पुरन मोटर साइकिल और मोबाइल फोन छीन लिया। अनजान व्यक्ति द्वारा सूचना पर जब दूसरा लड़का शिवम पहुंचा तो कोच कोतवाली से बाइक और मोबाइल मिल गया लेकिन उसका छोटा भाई गजेंद्र और साथी मिथुन चार दिन से लापता है। अपहरण की आशंका जताते हुए पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### मुंसिफकोर्ट आये ग्रामीण की बाइक चोरी

**जालौन (उरई)।** न्यायालय में काम से आए व्यक्ति की बाइक न्यायालय के बाहर से अज्ञात बाइक चोरों ने उड़ाई। पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली में दी। रामपुरा थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार न्यायालय के काम से मुंसिफकोर्ट अपनी बाइक से आए थे। दोपहर करीब 2 बजे वह बाइक न्यायालय के बाहर खड़ी कर काम निपटाने के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह बाहर लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली में दी।

### रंजिशन गाली-गलौज कर दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोवताली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी राममोहन ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही शत्रुघ्न उनके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर गाली, गलौज करते रहते हैं। गुरूवार की सुबह शत्रुघ्न व उनके साथी पवन कुमार उसके साथ गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख दोनों जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए।

### पीड़ित ने घटना की शिकायत एसडीएम से की

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी ने जबरन दरवाजा लगा लिया है। जब पड़ोसी ने मना किया तो झगड़ा पर आमदा हो गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत एसडीएम से की है। एसडीएम ने दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर तलब किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथेरी निवासी संध्या पत्नी हरीमोहन ने बताया कि उनके पड़ोस में निर्भय उर्फभूरे रहते हैं। उनके मकान में पहले से 2 दिशा में दरवाजे लगे हुए हैं। इसके बाद भी उन्होंने तीसरा दरवाजा लगा लिया है और आम रास्ते पर पड़े खडंजा पर चबूतरा बना लिया है। पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध रूप से बने चबूतरा व लगाये गए दरवाजे को हटवाने की मांग की है। पीड़ित की शिकायत पर एसडीएम ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अपना अपना पक्ष रखने के बुलाया है, जिससे समस्या का समाधान हो सके।

### यूनिसेफ टीम के साथ कमिश्नर ने परखीं व्यवस्थाएं, दिए निर्देश



**बाँदा।** आयुक्त आरपी सिंह ने आज विकास खण्ड बड़ोखर खुर्द के ग्राम पंचायत पल्हरी में उपकेन्द्र पर आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल एवं दुलार कार्यक्रम का पर्यवेक्षण यूनिसेफ टीम के साथ किया।आयुक्त के ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के निरीक्षण के दौरान सत्र पर एएनएमएए आशाए आंगनवाड़ी तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में सीएचओ उपस्थित मिली। सत्र पर उपलब्ध उपकरण आयुक्त द्वारा देखा गया जिसमें उन्होंने स्वयं एएनएमण् से अपने वजन की जांचए हीमोग्लोबिन की जांचए ब्लड शुगर की जांच एवं बी0पी0 की जांच करायाए जिसमें से वह केवल अपने वजन की जांच से संतुष्ट हुए। सत्र पर आए हुए 3 धात्री महिलाओं के मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड की जांच की गईए जिसके अनुसार किसी भी महिला की 4 प्रसव पूर्व जांच नहीं की गई थी तथा एक नवजात बच्चे को कोई भी टीका नहीं दिया गया था। जांच के दौरान 16 मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड आशा के पास मिलेए जो कि लाभार्थी के पास होना चाहिए। सत्र पर बच्चों को दी जाने वाली मल्टीविटामिन डॉप्स ;वायलद्ध एवं गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली कैल्शियम टेबलेट मानक के अनुरूप न पाये जाने पर प्र0 चिकित्सा अधिकारी एवं एएनएमण् से स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिये। सत्र स्थल पर किसी भी ब्लॉक एवं जनपद स्तर से पर्यवेक्षण नहीं किया जाना पाया गया।आंगनवाड़ी किरण निगम द्वारा बच्चों के शारीरिक विकास निगरानी हेतु विकसित मोबाइल एप पोषण टैंकर में प्रविष्टि किया जाना पाया गया। आंगनवाड़ी के पास में स्टेडियोमीटर यानी ऊंचाई लेने का कोई यंत्र नहीं था। आयुक्त द्वारा गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल में दी जाने सेवाओं जैसे बच्चें का वजनए तापमानए केएमएसीए कम्बल में लपेटने का तरिकाए बच्चें एवं माँ के खतरे के लक्षण के बारे में लाभार्थी से पुछा गयाए जिसमें लाभार्थी द्वारा कार्यक्रम सम्बन्धित आशा का ज्ञान कौशल में कमी पाई गईए जिसे और बढ़ाने के निर्देश दिये तथा लाभार्थी का जन्म प्रमाण पत्र भी बनाये जाने के निर्देश दिये। महिला प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना की भी लाभार्थी हैए परन्तु अभी तक महिला को योजना की कोई किश्त प्राप्त नही होने पर आयुक्त ने योजना का लाभ तत्काल दिलाये जाने के निर्देश दिये।

# फसल बीमा योजना को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। घाटमपुर



**भारत** सरकार एंव उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देने के उद्देश्य से बुद्यवार को ब्लाक परिसर स्थित उप संम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। बीमा कंम्पनी के ब्लाक कोडिनेटर अमित यादव व बिशाल कुशवाहा ने फसल बीमा योजना के बारे में बिस्तार से चर्चा कर टोल फ्री नबर, संम्बंन्धित बैंक, कृषि बिभाग कार्यालय और क्राप इन्श्यारेन्स ऐप पर फसल नुकसान के बारे में जानकारी देने की बात बतायी, इसके पहले दोनों कोडिनेटरों ने फसल बीमा का उद्वेश्य और लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से अधिसूचित क्षेत्र में बोई गयी अधिसूचित फसल को बीमा कवर प्रदान करना तथा आपदा वर्षों में कषि आय को स्थिर रखना है। उन्होंने बताया कि अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान इसके पात्र होते हैं लेकिन ऋणी किसान इस योजना में तभी शामिल हो सकते हैं जब वो अपना प्रार्थना पत्र पुन: बीमा में शामिल होने के लिये के लिये दे। गोष्ठी में कषि बिभाग के बिवेक सिंह, पुष्पेंन्द्र सिंह, राकेश सिंह, योगेंन्द्र कुमार और रामबहादुर भी मोजूद रहे।

# गर्मी-बारिश में तो जूझे, पूस की रात भी कटेगी झोपड़ी में

**● सालों से योजना को ताकतें रह गए आवासहीन गरीब, वोट की राजनीति में पिस गई योजना**

आलोक निगम। बाँदा, बदौसा



**बगीचा** पुरवा अंश दुबरिया की गुड़िया पत्नी शहादत सालों से पक्की छत मिलने का इंतजार कर रही है। चार बच्चों के साथ पॉलीथिन व घास.फूस डाले झोपड़ी में गुजर बसर कर रही है। गर्मी में लू के थपेड़ों में परिवार झुलस गयाए बारिश में गृहस्थी भीग गई। पात्रता में वोट आड़े आ रहा है। तमाम कोशिशों व फरियाद करने के बावजूद आज तलक आवास की उम्मीद पूरी नहीं हुई। 'गरीब के घर की राह में राजनीति रू' गुड़िया जैसे सैकड़ों परिवार पक्की छत की उम्मीद पर सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। इन परिवारों के हालात पात्रता की मोहर लगा रहे हैं। लेकिन गांव की राजनीति और भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों के कारण योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। प्रधान का पैमाना वोट देने न देने का हैए वहीं सचिव अपने मध्यस्थों के जरिए ऊपर तक साहब को पहुंचाने की कहानी गढ़ योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए एडवांस की बात करते हैं। 'झोपड़ी पर पॉलीथिन उठा रही है सवाल रू' गरीबों के फूस व पॉलीथिन की झोपड़ी गरीबी पर नहीं सिस्टम पर सवाल उठा रही है। बारिश में ढहे कच्चे घर और मलबों में दबकर गई जाने जिम्मेदारों से पूछ रही हैं कि योजना और सरकारी सहायता राशि क्या उनकी मौत का इंतजार करते हैं। काश हादसे से पहले उनके घर की दुर्दशा पर संवेदनशीलता दिखाते तो वह भी अपनी जिंदगी जीते हुए बच्चों को विरासत में पक्का घर देकर जाते। दुबरिया निवासी शांति देवी पत्नी राममिलन नामदेव व हल्दी पुरवा ;दुबरियाद्ध निवासी उषा पत्नी तीरथ यादव पिछले कई वर्षों से आवास के लिए दौड़ रही है लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिले पिछले वर्ष बारिश में घर का एक हिस्सा भी गया लेकिन गांव की वोट बैंक की राजनीति के चलते पात्रता सूची की दौड़ में शामिल होने के पहले ही बाहर कर दिए जाते हैं।

## दीवार काट कर किरानें की दुकान में चोरी

**घाटमपुर।** बीते मंगलवार की रात नगर के जहानाबाद रोड रेलवे क्रासिंग के पास सीमेंन्ट-सरिया की एक दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस अभी पर्दाफास कर भी न पायी थी कि बुद्यवार रात कोतवाली कार्यालय से सौ मी0 दूर दूरभाष केंन्द्र के पास किरानें की एक दुकान में दीवार काट कर ( सेन्ध काट ) चोर हजारों की नगदी तथा अन्य सामान चुरा ले गये, गुरुवार सबेरे जब दुकानदार दुकान पंहुचा तब चोरी होने की जानकारी हुई मुहल्ला जवाहर नगर पश्चिमी निवासी नीरज गुप्ता पुत्र स्व0 रामधनी गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर दी है कि मूसानगर रोड़ पर दूरभाष केंन्द्र के पास नगर पालिका की दुकानों में उसकी किरानें की दुकान है बुद्यवार रात करीब 10 बजे दुकान बन्द करके घर चला गया था, आज सबेंरे जब उसने दुकान खोली तब चोरी होने का पता चला। चोर गोलक में रखे 5 हजार नगद के अलावा डालडा घी के डिब्बे, काफी के पाउच तथा मंहगी सिगरेट की डिब्बा जिसकी कीमत 25 हजार चुरा ले गये उघर जानकारी मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर गये।

# डीएम ने किया धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**● केन्द्र में किसानों से सीधे बात कर डीएम ने पूंछा कितना धान बेंचा**

संवाददाता। चित्रकूट


धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने पीसीएफ व मंडी समिति के धान क्रय केन्द्र गल्ला मंडी कर्वी एवं क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति ऐंचवारा का औचक निरीक्षण कर धान क्रय केन्द्र देखा। गल्ला मंडी कर्वी के केन्द्र प्रभारी रामछबीले से पूंछा कि कितना धान खरीदा गया है। प्रभारी ने बताया कि अभी तक 3772 कुंतल धान खरीद हुई है। गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि जिन किसानों का पंजीकरण क्रम से है उसी अनुसार धान खरीदकर समय से भुगतान भी करायें। जिलाधिकारी ने फोन पर किसानों से बात कर पूंछा कि कितना धान बेंचा है। केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि किसान पंजीकरण रजिस्टर में जो मोबाइल नम्बर दर्ज है उसे धान क्रय रजिस्टर में भी दर्ज करें, ताकि भुगतान में कोई समस्या न हो। सचिव मंडी को निर्देश दिये कि जिन किसानों ने पंजीकरण कराया है, उनका धान तत्काल खरीदा जाये। केन्द्र प्रभारी अर्जुन यादव ने बताया कि 12 किसानों से 104 कुंतल धान खरीदा गया है। जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समिति ऐंचवारा में केन्द्र प्रभारी शारदा प्रसाद शुक्ला को निर्देश दिये कि सभी किसानों को सही ढंग से खाद उपलब्ध करायें। धान क्रय केन्द्र के बारे में जानकारी ली। प्रभारी ने बताया कि अभी तक चार सौ कुंतल धान की खरीद की गई है। जिलाधिकारी ने गोदाम को देखकर डिप्टी आरएमओ अविनाशचन्द्र झां को निर्देश दिये कि इस केन्द्र में क्रय धान की डिलेवरी कराई जाये, ताकि समय से किसानों का धान खरीदा जा सके। उन्होंने सभी केन्द्रों में पेयजल, पंखा, प्रकाश व्यवस्था व बैनर आदि देखा। निरीक्षण में जिलाधिकारी के साथ एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक, डिप्टी आरएमओ अविनाशचन्द्र झां, मंडी सचिव बिपुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचनए 2022 को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अग्नेयास्त्र जमा कराएः डीएम

**कानपुर देहात।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचनए 2022 को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी नेहा जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनीति की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुईए जिलाधिकारी द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी के संबंध में बताया कि आर्म्स एक्टए 1959 तथा दण्ड प्रक्रिया संहिताए 1973 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत आग्नेयास्त्र जमा कराने की कार्यवाही की जाए। शस्त्र लाइसेंसीज की समीक्षा केवल नगरीय क्षेत्रों तथा उनकी सीमा से 10 कि0मी0 रेडियस में की जाएगी। जिन लाइसेंसीज प्रकरणों की समीक्षा की जानी हैए उसमें ऐसे व्यक्ति जो पहले किसी समय दंगे में संलिप्त रहे होए विशेष रूप से निर्वाचन की अवधि मेंए वे व्यक्ति जिनसे परिशान्ति कायम रखने और सदाचारी बने रहने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा.107ए108ए100 तथा 110 सपठित धारा 116 के अन्तर्गत बंधपत्र निष्पादित कराया गया होए वे व्यक्ति जिनके बारे में सूचना तथ्य एवं साक्ष्य के आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी का यह समाधान हो जाता है कि उनके द्वारा कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष निर्वाचन में बाधा उत्पन्न की जा सकती हैए इसके प्रथक भी कमेटी स्क्रीनिंग का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ कर कल तक पूर्ण कर लिए जाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें समस्त लाइसेंसी को तत्काल और प्रत्येक दशा में नोटिस प्राप्ति कराते हुए पाँच दिवस के अन्दर आग्नेयास्त्र जमा करा लिए जाएं यदि कोई लाइसेंसी उपर्युक्त निर्धारित अवधि के अन्दर यदि आग्नेयास्त्र जमा कराने में विफल पाया जाएगा।

## नर्सिंग होम में इलाज में लापरवाही के दौरान युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग के समीप स्थित नर्सिंग होम में एक पखवारे पूर्व ऑपरेशन के बाद हालत बिगडने पर परिजन उसे नर्सिंग होम ले गये। जहां नर्सिंग होम संचालन ने हार्ट अटैक पडने की बात कह जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जस पर परिजन शव लेकर नर्सिंग होम पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। मौके में पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शान्त कराया। बताते चले कि किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंजना भैंरव गांव निवासी वृन्दावन का 35 वर्षीय पुत्र अजय पाल को हार्निया था जिस पर 25 नवम्बर को शहर क्षेत्र के नऊवाबाग स्थित अनुराग नर्सिंग होम में चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन किया गया था। जिसमें अजय पाल के परिजनों से तेईस हजार रू0 लिये गये थे। पांच दिसम्बर को चिकित्सक ने मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी जिस पर परिजन उसे लेकर घर चले आये। आज सुबह शौचक्रिया जाते समय उसकी हालत बिगड गई।

# गौवंश के ठंड से बचाव व प्रबंधन के लिये दो तहसीलों को दिया 190 लाख का बजट

**● करोड़ों खर्च होने के बाद भी गौवंश घूम रहा है सड़कों पर, रोजाना हो रही हैं घटनाएं**

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले में गौआश्रय स्थलों को प्रबंधन के लिये हमीरपुर व सरीला तहसील के लिये प्रशासन ने 190 लाख रुपये का बजट आवंटित कर दिया हैएशासन ने दो दिन पहले पशु चिकित्सा

विभाग को 160 लाख रुपये का बजट और आवंटित किया है ताकि गौबंशों को हाडकपाऊ ठंड से बचाव किया जा सके। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा. देवेंद्र यादव ने आज बताया कि गौवंशों की व्यवस्था के लिये पहले भी करोड़ो रुपये खर्च किया जा चुका है। जिले में गोबंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन के लिये पहले से ही करीब चार करोड रुपये पडा हुआ है जिले में कुल गौआश्रय स्थलों की संख्या 330 है जिसमे ग्रामीण क्षेत्र में 321 व शहरी क्षेत्र में नौ आश्रय स्थल स्थापित है। सीवीओ ने दावा किया है कि जिले में निराश्रित गौबंशों की संख्या 37834 है,जिसमे आश्रय स्थलों में 37,249 गौवंश संरक्षित है जब कि यह रिपोर्ट प्रशासन के गले नही उतर रही हैएज्यादातर गौबंश सड़को में घूम रहा है जिससे कल जिलाधिकारी डा चंद्रभूषण ने सभी डिप्टी सीवीओ से जवाब तलब किया है कई मर्तवा डिप्टी सीवीओ का बेतन रोका जा चुका है। सीवीओ डाण् यादव ने बताया कि हमीरपुर तहसील व सरीला तहसील के गौबंश के संरक्षण के लिये बजट डिमांड आ गयी थी जिससे दोनों तहसीलों को प्रशास ने 190 लाख रुपये का बजट आवंटित कर दिया गया है यह धनराशि बीडीओ व सचिव के संयुक्त खाते में डाल दी गयी गयी जिससे गौआश्र्य स्थलों पर सर्दी को देखते हुये बचाव कार्य शुरु हो सकेएइसी प्रकार शेष बची मौदहा व राठ तहसील के लिये बजट आते ही दोनो तहसीलों के खाते में धनराशि भेज दी जायेगी। सीवीओ ने बताया कि शासन से बजट के रुप में 160 लाख रुपये प्राप्त हुये है जो डीएम व सीवीओ के संयुक्त खाते में पड़ा हुआ है अभी भी गौबंश संरक्षण खाते में करीब तीन करोड़ रुपये पड़ा हुआ है। जैसे ही ब्लाकों से डिमांड आती है बजट भेज दिया जाता है। विभाग ने दावा किया है कि जिले में करीब पांच करोड़ रुपये शासन से प्राप्त हो जाता है। जिसमे चरवाहों चौकीदारों की व्यवस्था की जाती है। इधर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि शहरी व कस्वाई क्षेत्रों में अधिकांश गौबंश सड़को पर बैठा रहता है और वाहन निकलते ही दुर्घटना हो जाती है नगर पालिका क्षेत्र में गौबंशआश्रय स्थलों में भारी लापरवाही बरती जा रही है। शासन के कई मर्तवा चेताबनी देने के बाद भी इस मामले में कोई सुधार नही हो पा रहा है।

## शार्टसर्किट से गौवंशों के लिये रखी पराली जलकर खाक



**कुरारा**(हमीरपुर) क्षेत्र के मिश्रीपुर गाँव स्थित अन्ना पशु आश्रय स्थल में रखा पराली बिजली के तार से निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई। वही ग्राम प्रधान व सचिव को घटना की जानकारी होने पर दमकल विभाग को जानकारी दी। तब उन्होंने आग पर काबू पाया।

क्षेत्र के मिश्रीपुर ग्राम प्रधान केतकी देवी ने बताया कि गांव में गौबंशो के लिये पराली की व्यवस्था की गई थी। इसमे 60 ट्रॉली पराली एकत्र कर रखी थी। जिसकी कीमत दो लाख रुपये थी। दोपहर में अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट से पराली में आग लग गई। जब आग जलने लगी तो आगजनी की जानकारी हुई। तब ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तथा दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। तब दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर आई तथा आग पर काबू पाया। गौशाला में पशुओ को चारा जलकर खाक हो गया।

# पुतिन ने यूक्रेन पर हमले जारी रखने का संकल्प लिया

भाषा। कीव

**रूस ने** बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन में जारी युद्ध को खत्म करना वहां के राष्ट्रपति के हाथ में है। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा पश्चिमी देशों की ओर से होने वाली आलोचना के बावजूद यूक्रेन पर हमले जारी रखने का संकल्प लिया है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि (यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर) जेलेंस्की जानते हैं कि यह कब खत्म हो सकता है, अगर वह चाहें तो यह कल ही खत्म हो सकता है। क्रेमलिन काफी समय से कहता रहा है कि 10वें महीने में प्रवेश कर चुके युद्ध को खत्म करने के लिए यूक्रेन को रूस की शर्तें माननी होंगी। रूस की मांग है कि यूक्रेन, क्रीमिया को उसका (रूस का) हिस्सा माने। रूस ने साल 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर हमला करके उसे अपने कब्जे में ले लिया था। इसके अलावा वह कब्जाए हुए अन्य क्षेत्रों को भी मान्यता देने की मांग करता है। इस बीच, पुतिन ने पश्चिमी देशों की परवाह किए बिना यूक्रेन में अपने घोषित लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया। पुतिन ने सैनिकों से मुलाकात के दौरान कहा, हम कोई कदम उठाते हैं तो पूरे ब्रह्मांड में शोर-शराबा, बकवासबाजी और चीख-पुकार शुरू हो जाती है। लेकिन यह हमें हमले जारी रखने से नहीं रोक पाएगा।

## ड्रोन, मिसाइल आपूर्ति के लिए ईरान की मदद ले सकता है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में युद्ध के लिए हथियारों की आपूर्ति बनाए रखने में संघर्ष कर रहा मॉस्को अब रूसी सेना को ड्रोन विमानों और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए एक बार फिर ईरान का रुख कर सकता है। घटनाक्रम से वाकिफ दो अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका इस बात को लेकर चिंतित है कि रूस आने वाले दिनों में ईरान से उन्नत पारंपरिक हथियार हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका विशेष रूप से चिंतित है कि रूसी सेना ईरान से सतह पर सतह पर मार करने वाली मिसाइलें खरीद कर सकता है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र के एक राजनयिक ने कहा कि ईरान ने सुरक्षा परिषद के वर्ष 2015 के प्रस्ताव का उल्लंघन करते हुए रूस को सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन विमान बेचने की योजना बनाई है।

# ग्रीन कार्ड कोटा खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

**● भारतीय अमेरिकियों को होगा फायदा**

**व्हाइट हाउस** ने उस कानून को पारित करने के लिए संसद का समर्थन किया है जो ग्रीन कार्ड पर प्रति देश कोटा को समाप्त करने का प्रयास करता है। इस कानून का उद्देश्य है कि अमेरिकी नियोक्ता योग्यता के आधार पर लोगों को काम पर रखने पर ध्यान केंद्रित कर सकें, न कि उनके जन्मस्थान के आधार पर। इस विधेयक के पारित होने पर हजारों आप्रवासियों को लाभ होगा, खासकर भारतीय-अमेरिकी लोगों को। इस हफ्ते प्रतिनिधि सभा को इक्वल एक्सेस टू ग्रीन कार्ड्स फॉर लीगल एंप्लायमेंट (ईएजीएलई) एक्ट 2022 पर मतदान करना है। ईएजीएलई अधिनियम रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड पर प्रति-देश अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा- एक ऐसी नीति जो भारतीय प्रवासियों को असमान रूप से प्रभावित करती है। यदि पारित हो जाता है, तो यह कानून नौ वर्षों के दौरान प्रति-देश ग्रीन कार्ड की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कम आबादी वाले देशों के पात्र आप्रवासियों को ईएजीएलई अधिनियम लागू होने के कारण बाहर नहीं रखा गया है। व्हाइट हाउस ने कहा, प्रशासन आप्रवासी वीजा प्रणाली में सुधार और आप्रवासी वीजा बैकलॉग के कठोर प्रभावों को कम करने के प्रयासों का समर्थन करता है।

# ईसीओएसओसी ने नौ गैर-सरकारी संगठनों को दी मान्यता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) ने चीन, रूस तथा भारत सहित कई देशों की आपत्तियों के बावजूद नौ गैर-सरकारी संगठनों को विशेष सलाहकार का दर्जा दिए जाने के पक्ष में मतदान किया है। संयुक्त राष्ट्र की छह प्रमुख निकायों में से एक ईसीओएसओसी आर्थिक और सामाजिक मुद्दों से संबंधित निकाय है। ईसीओएसओसी ने नौ समूहों को विशेष सलाहकार का दर्जा देते हुए बुधवार को आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के साथ एफलिकेशन ऑफ नॉन-गवर्नमेंट ऑर्गनाइजेशन फॉर कंसल्टेटिव स्टेटस पर अमेरिका के मसौदे पर मतदान किया। इन गैर-सरकारी संगठनों में इंटरनेशनल दलित सॉलिडेरिटी नेटवर्क, अरब यूरोपियन सेंटर ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड इंटरनेशनल लॉ, बहरीन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स, कॉप्टिक सॉलिडेरिटी गल्फ सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स, अंतर्राष्ट्रीयगैर-सरकारी मानवाधिकार संगठन मैन एंड लॉ, द एंड्री रिलसेक फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड सोशल जस्टिस, द वर्ल्ड यूनियन ऑफ कोसैक एटामैन्स और वर्ल्ड विदाउट जेनोसाइड शामिल हैं।

## ईरान ने विरोध प्रदर्शनों में गिरफ्तार पहले कैदी को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने कहा कि बृहस्पतिवार को उसने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से किए गए अपराध के लिए दोषी एक कैदी को फांसी दे दी। यह ईरान द्वारा दिए गए इस तरह के मृत्युदंड का पहला मामला है। यह फांसी ऐसे समय दी गई है जब अन्य बंदियों को भी विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए संभावित रूप से मृत्युदंड का सामना करना पड़ सकता है। ईरान की नैतिकता पुलिस के खिलाफ एक आक्रोश के रूप में शुरू हुआ यह प्रदर्शन 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से देश के धर्मतंत्र के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द ही अन्य लोगों को भी मौत की सजा दी जा सकती है क्योंकि उनके मुताबिक अब तक कम से कम एक दर्जन लोगों को प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए मौत की सजा मिली है। ईरान की मिजान समाचार एजेंसी ने फांसी दिए जाने की खबर दी।

## इंडियाना ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टिकटॉक पर मुकदमा दायर किया

**इंडियानापोलिस।** इंडियाना के अटॉर्नी जनरल ने बुधवार को चीनी सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक पर मुकदमा दायर किया। मुकदमे में दावा किया गया कि टिकटॉक आपत्तिजनक सामग्री के स्तर और सुरक्षा के बारे में अपने उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से बच्चों को गुमराह करता है। रिपब्लिकन अटॉर्नी जनरल टॉड रोकिता ने बुधवार को दायर एक शिकायत में दावा किया कि वीडियो ऐप का कहना है कि यह 13 साल और उससे अधिक उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित है, लेकिन ऐप पर युवा उपयोगकर्ताओं के लिए आपत्तिजनक सामग्री 24 घंटे उपलब्ध रहती है, जो कि अमेरिकी उपभोक्ताओं से अरबों डॉलर कमाने की टिकटॉक की कोशिश है। रोकिता की एक अलग शिकायत में तर्क दिया गया है कि ऐप में उपयोगकर्ताओं की संवेदनशील और व्यक्तिगत जानकारी है, लेकिन टिकटॉक उपभोक्ताओं को धोखा देता है और कहता है कि जानकारी सुरक्षित है। रोकिता ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, कंपनी उपभोक्ताओं को अपनी सामग्री की आयु-उपयुक्तता और उपयोगकर्ताओं पर एकत्र किए गए डेटा की असुरक्षा के बारे में कतई सच्चाई नही बताती।

## बाली आतंकवादी हमलों के लिए बम बनाने के दोषी की रिहाई के बाद उस पर नजर रखे इंडोनेशियाः ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इंडोनेशिया से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करेगी कि 2002 के बाली आतंकवादी हमलों में इस्तेमाल किए गए बम बनाने के दोषी व्यक्ति की जेल से रिहाई के बाद वह उस पर नजर रखे। इस्लामिक आतंकवादी हिसाम बिन अलिज़नि उर्फ उमर पाटेक को ऑस्ट्रेलिया की कड़ी आपत्तियों के बावजूद बुधवार को पैरोल दे दी गई। इस मामले में उसे 20 साल की सजा हुई है, जो अभी तक करीब आधी ही काटी गई है। बाली में हुए उस आतंकवादी हमले में 88 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक सहित 202 लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने कहा कि हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के लिए यह एक बेहद निराशाजनक दिन है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प से कहा कि उनकी सरकार पाटेक की जल्द रिहाई के खिलाफ आवाज उठाएगी और इंडोनेशियाई सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करेगी कि पैरोल के दौरान उस पर लगातार नजर रखी जाए। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने कहा कि पाटेक (55) का जेल में व्यवहार काफी अच्छा रहा है और वे उसका उदाहरण देकर अन्य आतंकवादियों को आतंकवादी कृत्यों से दूर होने के लिए प्रेरित करेंगे।

## नेपाली कांग्रेस नीत गठबंधन ने सरकार बनाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों से वार्ता तेज की

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेपाली कांग्रेस नीत पांच दलों के गठबंधन ने नई सरकार के गठन के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ बातचीत तेज कर दी है। यह गठबंधन 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 136 सीटें हासिल करने के बाद बहुमत से दो सीट दूर है। निर्वाचन आयोग द्वारा बुधवार को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत सभी राजनीतिक दलों को सीटें आवंटित किए जाने के बाद नेपाली कांग्रेस (एनसी) 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य सहयोगियों ने मिलकर 47 सीटें हासिल की हैं, जिसमें सीपीएन-माओवादी सेंटर (32), सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (10), लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (चार) और राष्ट्रीय जनमोर्चा (एक) शामिल है। सीके राउत के नेतृत्व वाली जनमत पार्टी, जिसने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट श्रेणी के तहत प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में केवल एक सीट हासिल की, को आनुपातिक प्रतिनिधित्व (पीआर) श्रेणी के तहत पांच सीटें मिली, जिसका अर्थ है कि पार्टी के सदन में कुल छह सदस्य होंगे।

# चीनी राष्ट्रपति शी ने सऊदी अरब के शाही परिवार से मुलाकात की

भाषा। दुबई

**चीन के नेता शी** चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को सऊदी अरब के शाह और क्राउन प्रिंस से उनके शाही महल में मुलाकात की। इस मुलाकात का मकसद यूक्रेन में युद्ध के मद्देनजर रूस पर बढ़ते प्रतिबंध के कारण अपने देश की ऊर्जा आपूर्ति के लिए अहम क्षेत्र से संबंध को मजबूत करना था। शी रियाद में अल यामामा पैलेस पहुंचे, जहां शाह के उत्तराधिकारी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उनका स्वागत किया, जो आने वाले दशकों में तेल-समृद्ध राज्य पर शासन करने के लिए तैयार हैं। शी ने क्राउन प्रिंस से हाथ मिलाया। यह तत्काल स्पष्ट नहीं है कि दोनों की चर्चा किस बात पर केंद्रित थी, हालांकि अल रियाद अखबार द्वारा प्रकाशित एक लेख के मुताबिक, शी ने कहा, चीन और अरब देशों के बीच आदान-प्रदान की परंपरा 2,000 साल से अधिक पुरानी है। इस लेख में इस्लाम के पैगम्बर मुहम्मद की एक कहावत भी उद्धृत की गई है: ज्ञान की तलाश करो, भले ही तुम्हें चीन तक जाना पड़े। लेख में लिखा है, अरब के लोग स्वतंत्रता को महत्व देते हैं, बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करते हैं, सत्ता की राजनीति और मनमानी के खिलाफ खड़े होते हैं और हमेशा प्रगति करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद के देश बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, विश्व अर्थव्यवस्था के लिए एक ऊर्जा टैंक के रूप में काम करते हैं। चीन दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक देश है और सऊदी तेल पर बहुत अधिक निर्भर है, जो रूस को सालाना अरबों डॉलर मुहैया करता है।

# इंडोनेशिया में 5.8 तीव्रता का भूकंप

भाषा। जकार्ता

**इंडोनेशिया** की राजधानी जकार्ता और मुख्य द्वीप जावा के विभिन्न हिस्सों में बृहस्पतिवार सुबह भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किए गए। हालांकि, इस दौरान जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। भूकंप से राजधानी जकार्ता में गगनचुंबी इमारतें कई सेकेंड तक हिलती रहीं। कुछ इमारतों में निवासियों को बाहर निकालने का आदेश भी जारी किया गया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 आंकी गई है। इसका केंद्र पश्चिम जावा प्रांत के सिरंजंग-हिलिर से 14 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 123.7 किलोमीटर की गहराई में था। पश्चिम जावा वही प्रांत है, जहां के सियानजुर शहर में 21 नवंबर को आए 5.6 तीव्रता के भूकंप से कम से कम 334 लोगों की मौत हो गई थी।

# ब्रिटेन के शाही परिवार पर हो सकती है सवालों की बौछार

**● हैरी एंड मेगन डॉक्यूमेंट्री आज होगी रिलीज**

भाषा। लंदन


**ब्रिटेन के** शाही परिवार से राजकुमार हैरी और उनकी पत्नी मेगन के मनमुटाव के बारे में पूरा सच बताने वाली नेटफ्लिक्स की एक सीरीज की पहली तीन कड़ियां बृहस्पतिवार को रिलीज होने वाली हैं, जिसके बाद देश की राजशाही पर सवालों की बौछार हो सकती है। हैरी एंड मेगन नामक डॉक्यूमेंट्री के दो ट्रेलर पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें मेगन के खिलाफ नस्लवाद और जंग की झलक देखने को मिली है। इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए दुनिया को यह बताने की कोशिश की गई है कि हैरी और मेगन तीन साल पहले शाही परिवार से अलग होकर अमेरिका के साउथ कैलिफॉर्निया जाकर क्यों बसे। डॉक्यूमेंट्री के पहले तीन एपिसोड बृहस्पतिवार को रिलीज किए जाएंगे, जबकि दूसरा हिस्सा 15 दिसंबर को रिलीज होगा।

## महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर वाला 50 पेंस का सिक्का चलन में आया

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की तस्वीर वाले 50पेंस के सिक्के बृहस्पतिवार से डाकघरों के माध्यम से चलन में आ गए। गौरतलब है कि 74 वर्षीय महाराज चार्ल्स की तस्वीर के साथ ढले सिक्कों का चलन में आना महारानी दिवंगत एलिजाबेथ द्वितीय के बाद के परिवर्तन को दिखाता है। रॉयल मिंट (शाही टकसाल) में क्लेक्टर सर्विसेज की निदेशक रेबेका मोर्गन ने बताया, ब्रिटिश सिक्कों की कहानी में आज एक नया अध्याय जुड़ा है, महाराज चार्ल्स तृतीय की तस्वीर वाले 50 पेंस के सिक्के चलन में आ गए हैं। सिक्के जमा करने वालों के लिए अपने संग्रह में सिक्के जोड़ने का यह अच्छा अवसर है। या फिर कोई इस शौक की शुरूआत भी कर सकता है। गौरतलब है कि फिलहाल 50पेंस के 96 लाख सिक्के चलन में आएंगे और मांग के आधार पर अतिरिक्त सिक्के ढाले जाएंगे। रॉयल मिंट (शाही टकसाल) के अनुसार, उसने अक्टूबर में इसके स्मारक सिक्के जारी किए थे और 24 घंटों में उसकी वेबसाइट पर रिकॉर्ड संख्या में विजिटर आए।

# सेंसेक्स में चार दिन से जारी गिरावट थमी, 160 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई



**उतार-चढ़ाव** भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 160 अंक लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच चुनिंदा बैंकों और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। भाजपा के गुजरात में रिकॉर्ड जीत के साथ बाजार में तेजी आई। हालांकि हिमाचल प्रदेश में उसे हार का सामना करना पड़ा है। कारोबारियों के अनुसार विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख से तेजी पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 160 अंक की बढ़त के साथ 62,570.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 13 लाभ में जबकि 17 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 48.85 अंक की तेजी के साथ 18,609.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एल एंड टी, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इनमें 2.71 प्रतिशत तक की तेजी रही। दूसरी तरफ, सन फार्मा सबसे अधिक 3.57 प्रतिशत नीचे आया। कंपनी के गुजरात स्थित हलोल कारखाने को अमेरिकी दवा एवं खाद्य प्रशासन (यूएसएफडीए) की तरफ से आयात सतर्कता सूची में डालने से कंपनी का शेयर नीचे आया। वहीं, नुकसान में रहने वाले अन्य शेयरों में पावरग्रिड, टीसीएस, नेस्ले इंडिया, विप्रो, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद घरेलू बाजार बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका कारण आर्थिक नरमी और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट है। मंदी की आशंका से आईटी और दवा कंपनियों के शेयरों पर असर पड़ा। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने बाजार को समर्थन देना जारी रखा। उन्होंने कहा, वैश्विक बाजार में यह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है क्योंकि बाजार को अगले सप्ताह जारी होने वाली अमेरिका में फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति और मुद्रास्फीति के आंकड़े का इंतजार है। अमेरिका में बृहस्पतिवार को बेरोजगारी आंकड़ा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों मिला-जुला रुख रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में समय आधारित सुधार देखने को मिल रहा है और कमजोर वैश्विक रुख से पुनरुद्धार में देरी हो रही है। हमारा मानना है कि यह स्थिति कुछ समय तक बनी रह सकती है। हालांकि बैंक शेयरों के साथ सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले कुछ शेयरों में लिवाली से भविष्य में तेजी देखने को मिल सकती है। उन्होंने कहा, हमारा सुझाव है कि निवेशक शेयर आधारित रुख के साथ कारोबार करें...। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मजबूत रहा। यूरोप के बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, ब्रेंट क्रूड तेल 28 सेंट लाभ के साथ 77.45 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए हैं।

# मोबाइल फोन खेप को रोकने की डीआरआई की कार्रवाई निर्यात के लिए घातकः वीवो

भाषा। नई दिल्ली

**चीनी मोबाइल फोन** कंपनी वीवो ने आरोप लगाया है कि राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) ने निर्यात के लिए तैयार कंपनी की एक खेप को दिल्ली हवाईअड्डे पर रोक दिया है। उद्योग निकाय आईसीईए के सरकार को लिखे पत्र के अनुसार वीवो ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारत से कंपनी के निर्यात के लिए घातक है। वीवो ने इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) को भेजे एक ईमेल में आरोप लगाया है कि डीआरआई ने 26,840 मोबाइल फोन की खेप को जब्त कर लिया है। विभाग हैंडसेट के बॉक्स की सील खोलने के बाद उसके आईएमईआई नंबर की जांच कर रहा है, जिसके बाद उनका निर्यात नहीं हो पाएगा। ईमेल के मुताबिक, पूरी खेप दिल्ली हवाईअड्डे पर बिखरी पड़ी है, और अब निर्यात के लायक नहीं रह गई है। अब इसे दोबारा कारखाने ले जाकर पूरी तरह निरीक्षण करने और फिर से पैक करना होगा। त्योहारों का मौसम होने के कारण, डीआरआई की यह कार्रवाई घातक है। आईसीईए ने डीआरआई की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त करते हुए इस बात को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय तक पहुंचाई है। उसने इस संदर्भ में मंत्रालय के सचिव अल्केश कुमार शर्मा को पत्र लिखा है। इस संबंध में वीवो और डीआरआई को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला।

# जापान की अर्थव्यवस्था में जुलाई-सितंबर में गिरावट

**तोक्यो।** जापान की अर्थव्यवस्था में जुलाई-सितंबर में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट आई है। हालांकि, देश में कोविड-19 के ताजा प्रकोप से जितना सोचा गया था, उससे कम नुकसान हुआ है। कैबिनेट कार्यालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि जुलाई-सितंबर में अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे पहले अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ankit Malhotra is the owner of Property bearing No. 4/111, Unit I D No. 89-1134-98, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 3173/253/3, 3176/254/1, 3179/255/1, Situated in vaka Siwana Moja Hidayat Pur, Chhavni, abadi shivaji Nagar, Gurgaon, Haryana, by virtue of a Transfer deed dated 29.08.2022, Doc. no. 6729. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client with the name of Mr. Rakesh Malhotra against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## स्वामी कोष में सरकार ने 5,000 करोड़ की रकम डाली

**मुंबई।** सरकार ने अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विशेष मदद मुहैया कराने के मकसद से गठित स्वामी निवेश कोष-। में 5,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि डाली है। इस निवेश कोष का प्रबंधन करने वाली कंपनी एसबीआई कैपिटल वेंचर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार की तरफ से डाली गई इस अतिरिक्त राशि के साथ ही कोष का आकार 15,530 करोड़ रुपए हो गया है। इसके साथ ही यह निवेश कोष अपने घोषित आकार पर पहुंच गया है। दिसंबर 2019 में वित्त-मंत्रालय समर्थित इस कोष की शुरुआत 10,037.5 करोड़ रुपए के साथ हुई थी। उस समय भी सरकार ने इसमें 5,000 करोड़ रुपए लगाए थे जबकि बाकी निवेश एसबीआई, एलआईसी, एचडीएफसी लिमिटेड और कुछ सार्वजनिक बैंकों ने किया था। बिल्डरों एवं डेवलपर्स की अनियमितता के कारण देश भर में लाखों घर खरीदारों के अपने फ्लैट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। इन अधूरी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वित्त मुहैया कराने के मकसद से स्वामी कोष का गठन किया गया था। अभी तक इस कोष से 127 परियोजनाओं के लिए राशि आवंटित की गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 79,000 से अधिक फ्लैट खरीदारों को अपने घर मिल पाएंगे। इनके अलावा 286 अन्य परियोजनाओं का भी वित्तीय मदद के लिए आकलन किया जा रहा है जिनमें एक लाख से अधिक फ्लैट अधूरे पड़े हुए हैं। एसबीआई कैपिटल वेंचर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी सुरेश कोझीकोट ने कहा, स्टेट बैंक समूह भारत सरकार की इस रणनीतिक पहल को लागू करने के लिए सभी जरूरी संसाधन मुहैया कराता रहेगा।

## पूर्वोत्तर राज्यों में 2025 तक दो लाख हेक्टेयर में रबड़ की खेती का लक्ष्य

**अगरतला।** रबड़ का उत्पादन बढ़ाने के लिए रबड़ बोर्ड ने वर्ष 2025 तक पूर्वोत्तर राज्यों में दो लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबड़ की खेती का लक्ष्य रखा है। रबड़ बोर्ड के चेयरमैन डॉ सावर धनाणिया ने कहा, पूर्वोत्तर के सात राज्यों में रबड़ उत्पादन और रबड़ की खेती बढ़ाने के लिए हमने एनई मित्र नाम की एक योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 2025 तक इस क्षेत्र में रबड़ की खेती का रकबा दो लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया जाएगा। ऐसा पाया गया है कि सिक्किम को छोड़कर पूर्वोत्तर के बाकी सभी राज्य: अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा का वातावरण रबड़ उत्पादन के लिए उपयुक्त है। अभी पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों में कुल मिलाकर दो लाख टन रबड़ का वार्षिक उत्पादन होता है जिसमें सर्वाधिक एक लाख टन रबड़ अकेले त्रिपुरा में पैदा होती है। केरल के बाद त्रिपुरा का रबड़ उत्पादन के मामले में देश में दूसरा स्थान है। त्रिपुरा की 40 लाख की आबादी में से करीब 1.15 लाख रबड़ उत्पादक हैं। धनाणिया ने कहा कि त्रिपुरा में रबड़ उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपए की एक परियोजना का प्रारूप सरकार को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बावजूद त्रिपुरा में रबड़ की खेती में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

# ढांचागत क्षेत्र के लिए गारंटी बांड बीमा उत्पाद लेकर आएंगेः गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**सड़क परिवहन** और राजमार्ग मंत्रालय ढांचागत क्षेत्र में तरलता बढ़ाने के लिए देश का पहला गारंटी बांड बीमा उत्पाद 19 दिसंबर को जारी करेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में देश का पहला गारंटी बांड बीमा उत्पाद लाने की घोषणा की। गारंटी बांड कॉरपोरेट बांड और वित्तीय गारंटी से अलग होते हैं। गारंटी बांड के तहत किसी बीमित परियोजना को पूरा करने या प्रदर्शन का दायित्व निहित होता है जबकि कॉरपोरेट बांड ऋण चुकाने से संबंधित वित्तीय दायित्व से संबंधित होते हैं। गडकरी ने उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय राजमार्गों का बुनियादी ढांचा तेजी से विकसित हो रहा है जिसके लिए फंड की जरूरत है। गडकरी ने कहा, हमारा मंत्रालय 19 दिसंबर को भारत का पहला गारंटी बांड बीमा उत्पाद उतारने वाला है...इससे ठेकेदारों को बड़ी राहत मिलेगी। गारंटी बांड ठेकेदारों की बैंक गारंटी के रूप में फंसी कार्यशील पूंजी को मुक्त कराने में मदद करेंगे जिससे बुनियादी ढांचा क्षेत्र में नकदी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, ठेकेदार इस धन का इस्तेमाल अपना कारोबार बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह बिजली आधारित एक त्वरित जन परिवहन प्रणाली शुरू करना चाहते हैं।

# आने वाले वक्त में शहरीकरण बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है : परमेश्वरन

भाषा। नई दिल्ली

**नीति आयोग** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परमेश्वरन अय्यर ने कहा कि भारत की 50 फीसदी आबादी 2047 तक शहरी इलाकों में रहने लगेगी ऐसे में शहरीकरण बहुत अहम होने वाला है। उद्योग संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम में अय्यर ने कहा कि कई राज्यों ने ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में काफी अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, शहरीकरण बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है क्योंकि 2047 तक भारत की 50 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्रों में रह रही होगी। यदि शहरी इलाकों में मूलभूत सुविधाएं नहीं होंगी तो यह एक बहुत बड़ी चुनौती बन जाएगी। उन्होंने कहा कि चक्रीय अर्थव्यवस्था का महत्व भी बढ़ता जा रहा है। भारत के पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई से जुड़े एक सवाल के जवाब में अय्यर ने कहा, आप भारत में पर्यटन को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना चाहते हैं तो बेहतर होगा कि आपके आसपास के स्थल स्वच्छ हों और आपका बर्ताव भी अच्छा हो।

**PUBLIC NOTICE**

**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**

This is to notify the public at large, that **Late Shri Mahendra Kumar S/o Late Shri Prem Nath, R/o B-1/9, Ashok Vihar, Phase-II, Delhi had entered into an Agreement to Sell with Ms. Deepa Batra, W/o Shri Harbhajan Singh, R/o B-59, Ground Floor, New Rajender Nagar, Delhi** with respect to property bearing no.10, Sawan Park, Delhi-110052 admeasuring 800 square yards. Payment qua the same had been made by Shri Mahendra Kumar to Ms.Deepa Batra.The Agreement to Sell now holds good in favour of legal heir of Late Shri Mahendra Kumar. The public at large is hereby informed that any dealing with regard to the said property will be rendered null and void and any person dealing in the said property shall do so at his/her own risk and responsibility for any claims qua the said Ms. Deepa Batra.

**Dated: 07.12.2022**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I Krishna Kumar S/o Sh. Ram Niwas R/o A-2/4-C, DDA MIG Flat, Second Floor, Paschimpuri, New Delhi-110063 Owner of flat No. 4-C, Category DDA Built-up MIG Flat, Type-A, situated on the second floor in Block/ Pkt A-2, Paschimpuri, New Delhi-110063 have applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold, Vide application dated 17/12/1999 in DDA.I have lost original allotment cum demand letter file No. F-16(207) 82/MIG/ G, original site possession slip & original agreement to sell executed by the allottee in my favour in respect of the aforesaid flat & an FIR/NCR No. LR1041910/2022 dated 02/12/2022 to the said effect has been lodged with the Police Station Crime Branch, New Delhi.

Any person (S) Claiming any right, interest, having any objection or found in possession of the aforesaid original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9818524383 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to the Dy. Director, (LAB)H or Director(1), D-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

## एयर इंडिया 40 करोड़ डॉलर के निवेश से विमानों के पुराने बेड़े को बनाएगी नए जैसा

**मुंबई।** विमानन कंपनी एयर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी योजना 40 करोड़ डॉलर का निवेश करके 27 बोइंग बी787-8 विमानों और 13 बी777 विमानों समेत चौड़े आकार के अपने दोनों बेड़ों को नए जैसा बनाने की है। एयरलाइन ने एक बयान में बताया कि इसके तहत केबिन के मौजूदा इंटीरियर को पूरी तरह से बदल दिया जाएगा और नए किस्म की सीट और विमान के भीतर मनोरंजन की सबसे अच्छी व्यवस्था सभी श्रेणियों में की जाएगी। इसमें बताया गया कि दोनों बेड़ों में महंगे एवं सुविधाजनक इकोनॉमी केबिन की शुरुआत की जाएगी।

# आरबीआई कर सकता है रेपो दर में एक और वृद्धि, 6.5 फीसदी तक बढ़ोतरी संभवः कोटक

भाषा। नई दिल्ली

**कोटक महिंद्रा** बैंक के प्रबंध निदेशक उदय कोटक ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत दर रेपो में एक और बढ़ोतरी कर सकता है। आरबीआई के रेपो दर में 0.35 प्रतिशत बढ़ोतरी करने के एक दिन बाद उन्होंने यह बात कही। कोटक ने कहा कि मुद्रास्फीति को संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा छह प्रतिशत से नीचे लाने के लिए ऐसा किया जा सकता है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम वैश्विक आर्थिक नीति सम्मेलन 2022 में कहा कि बुधवार को आरबीआई ने संकेत दिया कि वह चाहता है कि मुद्रास्फीति ऊपरी संतोषजनक सीमा से नीचे हो और फिर चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़े। कोटक ने कहा, मेरी समझ से नीतिगत दर में एक और वृद्धि हो सकती है और उस समय यह सोचना होगा कि यह कहां रुकेगा। जैसा आज लग रहा है, शायद यह दर 6.5 प्रतिशत होगी, लेकिन हमें आंकड़ों को बहुत करीब से देखना होगा। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि बाकी दुनिया और तेल की कीमतों में क्या होता है। यह कई अन्य बातों पर निर्भर करेगा। कोटक ने आगे कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस महीने ब्याज दरों पर किया गया फैसला अन्य केंद्रीय बैंकों के लिए संकेत होगा।

## भारतीय बैंक संघ, फियो रुपए में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो रुपए में व्यापार को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। इसके तहत विभिन्न संबंधित पक्षों को प्रशिक्षित करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में पांच दिसंबर को एक बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक का आयोजन वित्त मंत्रालय ने रुपए में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए किया था। इसमें वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी, बैंकों के सीईओ और निर्यातक शामिल हुए। अधिकारी ने कहा कि आरबीआई एक प्रतिनिधि ने इस मुद्दे पर निर्यात संवर्धन परिषदों और संबंधित बैंकों के सवालों के जवाब दिए।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that We, **(1) SH. ANIL KUMAR VERMA, S/O SH.JUGAL KISHORE VERMA, & (2) SMT. RASHMI VERMA, W/O SH. ANIL KUMAR VERMA, BOTH R/O SFS FLAT NO. 1-A, GROUND FLOOR, POCKET-D, MAYUR VIHAR PH-III, DELHI-110096, VIDE DDA FILE NO.F.160(0417)97/SFS-IX/KL/III** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA.All the original documents i.e. Demand Cum-Allotment Letter, Mutation Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, NOC for water and electricity connection etc. issued by the DDA of the above flat have been lost.An FIR/NCR/LR to this effect has lodged in Police Station, Crime Branch, New Delhi, vide NCR/FIR/L.R.No.1060430/2022 dated 08/12/2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, June write/ contact with above named person at above address/phone No. 9811669029 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to :**Dy.Director(LAB)H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

# भाजपा का प्रदर्शन विकास व सुशासन के प्रति मोदी की प्रतिबद्धता की जीतः नड्डा

**भाषा । नई दिल्ली/अहमदाबाद**


**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता और उनके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दिया।पार्टी गुजरात में किसी भी विधानसभा चुनाव की तुलना में सबसे अधिक सीट जीतकर लगातार सातवीं बार सत्ता में आने वाली है। भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि यह विकास व सुशासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता की जीत है। नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, गुजरात चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास, सुशासन और लोक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा को यह शानदार जीत मिली है। उन्होंने इसके लिए गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, भाजपा की गुजरात के अध्यक्ष सी आर पाटिल और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। नड्डा ने एक अन्य ट्वीट में कहा

### ● भाजपा ने गुजरात में ऐतिहासिक जीत का श्रेय मोदी पर जनता के अटूट विश्वास को दिया



कि गुजरात ने पिछले दो दशक में मोदी के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए है और आज गुजरात की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर जीत का नया कीर्तिमान बनाया है।उन्होंने कहा, हर वर्ग ने पूरे दिल से भाजपा को आशीर्वाद दिया है। यह भाजपा की नीतियों में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया और कहा कि राज्य की जनता ने चुनाव में राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नकार दिया। पटेल ने गांधीनगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, गुजरात के लोगों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व पर विश्वास जताया है। अगर गुजरात की जनता ने भाजपा को चुना है, तो हमें भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा, गुजरात के लोगों ने इस चुनाव में राष्ट्र-विरोधी तत्वों को खारिज कर दिया और उसने राज्य में भाजपा के विकास के पिछले रिकॉर्ड को वोट दिया है।

## ऐतिहासिक सफलता का सबसे बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री में जनता के विश्वास को जाता है: राजनाथ



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी साख को दिया। भाजपा गुजरात में लगातार सातवीं बार ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है और राज्य में किसी विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक सीट जीतकर पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ सकती है। सिंह ने ट्वीट किया कि गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक विजय विकास, सुशासन और जन कल्याण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की जीत है। उन्होंने कहा, इस जीत का सबसे बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का भरोसा, उनकी लोकप्रियता और साख को जाता है। उन्हें बधाई और जनता का आभार। सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह पटेल और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल को भी राज्य में भाजपा के प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं के अथक परिश्रम के कारण भाजपा ने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया इतिहास रचा है।

## गुजरात ने खोखले वादे, रेवड़ी एवं तुष्टीकरण की राजनीति को नकार दिया : अमित शाह

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात के लोगों ने खोखले वादे, रेवड़ी व तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को नकार कर विकास एवं जनकल्याण को समर्पित नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को अभूतपूर्व जनादेश दिया है। शाह ने अपने ट्वीट में कहा कि गुजरात ने हमेशा इतिहास रचने का काम किया है और राज्य में इस ऐतिहासिक जीत पर गुजरात की जनता को नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में विकास के सभी रिकॉर्ड तोड़े और आज गुजरात की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।अमित शाह ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल में जनता के अटूट विश्वास की जीत है।भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, गुजरात ने खोखले वादे, रेवड़ी व तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को नकार कर विकास और जनकल्याण को चरितार्थ करने वाली नरेंद्र मोदी जी की भाजपा को अभूतपूर्व जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रचंड जीत ने दिखाया है कि हर वर्ग चाहे महिला हो, युवा हो या किसान हो, सभी पूरे दिल से भाजपा के साथ हैं। गुजरात की गांधीनगर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और जे पी नड्डा जी की अध्यक्षता में मिली इस भव्य जीत पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल और अथक परिश्रम करने वाले भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हैं।



## घाटलोडिया से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल जीते

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बृहस्पतिवार को घाटलोडिया के शहरी निर्वाचन क्षेत्र से 1.92 लाख के अंतर से लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। भाजपा पहले ही घोषणा कर चुकी है कि पटेल मुख्यमंत्री पद पर बरकरार रहेंगे। पटेल को 2,12,480 वोट मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की अमीबेन याग्निक को 21,120 वोट मिले थे। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी विजय पटेल 15,902 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा और पाटीदार बहुल घाटलोडिया सीट ने गुजरात को दो मुख्यमंत्री दिए हैं- भूपेंद्र पटेल और आनंदीबेन पटेल। यह भाजपा का गढ़ है। पाटीदार आरक्षण आंदोलन के बावजूद 2017 में भूपेंद्र पटेल ने यह सीट 1.17 लाख मतों के बड़े अंतर से जीती थी। घाटलोडिया विधानसभा क्षेत्र में लगभग 3.70 लाख पंजीकृत मतदाता हैं। यह सीट 2012 में परिसीमन के बाद एक विधानसभा क्षेत्र बनाया गया था।

## उद्धव ठाकरे के खिलाफ प्रारंभिक जांच हो रही है अदालत ने जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**भाषा। मुंबई**

**मुंबई पुलिस** ने बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि कथित रूप से आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति की शिकायत पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके परिजनों के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। ठाकरे परिवार द्वारा कथित रूप से आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति जमा किए जाने की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने का अनुरोध करने वाली जनहत याचिका पर न्यायमूर्ति धीरज ठाकुर और न्यायमूर्ति वाल्मीकि मेनेजेस की पीठ द्वारा फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद लोक अभियोजक अरुणा कामत पाई ने अदालत को बताया कि पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। ठाकरे परिवार ने जनहित याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए दलील दी थी कि वह सिर्फ अटकलों के आधार पर दायर की गई है और उसमें कोई तथ्य नहीं है। शहर की निवासी गौरी भिड़े द्वारा दायर याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया था कि वह सीबीआई और ईडी को ठाकरे और उनके परिवार के खिलाफ विस्तृत और निष्पक्ष जांच का निर्देश दे।

### जल्लीकट्टू मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सांडों को वश में करने वाले खेल जल्लीकट्टू और बैलगाड़ी दौड़ की अनुमति देने वाले तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जल्लीकट्टू को एरुथाझुवुथल के रूप में भी जाना जाता है। सांडों को वश में करने वाला यह खेल तमिलनाडु में पोंगल फसल उत्सव अवसर पर खेला जाता है।

## ब्रांड मोदी ने गुजरात में भाजपा को रिकॉर्ड जीत की राह पर पहुंचाया

**भाषा। अहमदाबाद**

**गुजराती चेतना** पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थाई प्रभाव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य विधानसभा चुनावों में किसी भी पार्टी के लिए संभवतः सबसे बड़ी जीत हासिल करने की राह पर ला दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और स्थानीय नेतृत्व जैसे मुद्दों पर लोगों के कथित असंतोष को भी कम करने में सफलता हासिल की है।राज्य भर में अपने प्रचार अभियान के दौरान मोदी ने 31 जनसभाओं को संबोधित किया और तीन रोड शो का नेतृत्व किया। अपने गृह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का उन्होंने दौरा किया तथा मतदाताओं से आग्रह किया कि वे इस बार नरेन्द्र- भूपेंद्र की जोड़ी की रिकार्ड जीत में अपना योगदान दें। उनके यह कहने का आशय जनता को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना था कि वे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली सरकार को, उनके नेतृत्व वाली 13 वर्षों तक की सरकार के दौरान मिली सीटों की तुलना में अधिक सीटों से जिताएं।अब तक के चुनाव परिणाम और रूझानों से यह स्पष्ट है कि मतदाताओं ने उनकी बात सुनी है।

भाजपा ने 2002 में सर्वाधिक 127 सीटों पर जीत हासिल की थी। उस वक्त मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। इसके बाद भाजपा कभी उस आंकड़े तक नहीं पहुंच सकी थी। लेकिन इस बार लग रहा है कि वह अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार कर सकती है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक हुई मतगणना में भाजपा को 50 प्रतिशत से अधिक मत मिले हैं। यह पार्टी के लिए ऐतिहासिक है। आम आदमी पार्टी के उभरने के कारण विपक्ष के वोटों में विभाजन से यह संकेत मिलता है कि पार्टी 1985 में माधवसिंह सोलंकी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा जीती गई 149 सीटों के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। इस पश्चिमी राज्य का दौरा करने वालों को यह स्पष्ट था कि मतदाताओं को 1998 से राज्य में सत्ता में रही भाजपा के साथ उसके स्थानीय नेतृत्व और इसके प्रशासन से जुड़े पहलुओं के बारे में कुछ मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन अधिकांश के लिए यह मायने नहीं रखता था।

क्योंकि उनके लिए पार्टी के बड़े शासन ढांचे, वैचारिक जोर और उनसे भी अधिक मोदी के प्रति उनका विश्वास मायने रखता है।भाजपा और उसके नेताओं पर चार पुस्तकें लिख चुके शिवानंद द्विवेदी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी एक दुर्लभ नेता के रूप में उभरे हैं, जिनकी लोकप्रियता पर सत्ता विरोधी लहर या सत्ता में लंबे समय तक रहने जैसे कारकों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। वास्तव में, उनकी लोकप्रियता समय के साथ बढ़ी है। उन्होंने कहा, वह जन-जन के नेता थे और अब जन-मन के नेता हैं।

भाजपा से जुड़े थिंक टैंक श्यामा प्रसाद मुखर्जी शोध संस्थान के द्विवेदी ने कहा कि लोगों को भाजपा, उसके विधायकों और उसकी सरकारों से समस्या हो सकती है लेकिन मोदी में उनका भरोसा बाकी सब चीजों पर हावी हो जाता है।

मोदी के प्रचार अभियान का खाका तैयार करने में राज्य के सभी चार क्षेत्रों पर व्यापक जोर था लेकिन जनजातीय बहुल क्षेत्रों और सौराष्ट्र के कुछ हिस्सों पर उनका विशेष ध्यान था। साल 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में इन क्षेत्रों में भाजपा को पाटीदार आंदोलन सहित विभिन्न मुद्दों के चलते सीटों की संख्या में गिरावट का सामना करना पड़ा था।उनके रोड शो सूरत, अहमदाबाद और गांधीनगर जैसे शहरों के अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों से होकर गुजरे। रुझानों से पता चलता है कि भाजपा बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है, निकटतम विपक्षी कांग्रेस 20 से भी कम सीटों पर सिमटती दिख रही है। वह अब तक के अपने सबसे खराब प्रदर्शन के दौर से गुजर रही है।

## क्विक न्यूज

### गोधरा में भाजपा उम्मीदवार राउलजी 35,000 मतों से जीते

**गोधरा।** गुजरात की गोधरा विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सी के राउलजी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस प्रत्याशी रश्मिताबेन चौहान को 35,198 मतों के अंतर से पराजित कर दिया। राउलजी को 96,223 वोट मिले, जबकि चौहान के खाते में 61,025 मत आए। राउलजी 2007 से 2016 तक कांग्रेस विधायक के रूप में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील गोधरा का प्रतिनिधित्व करते रहे और 2017 में भाजपा के टिकट पर यहां से विधायक चुने गए।

### हिमाचल के सीएम जयराम ठाकुर ने सिराज सीट पर जीत हासिल की

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी जिले में सिराज सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस उम्मीदवार चेतराम को 31,788 मतों के अंतर से हरा दिया है। ठाकुर ने छठी बार इस सीट पर जीत हासिल की है, जहां छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार मिलने के बावजूद ठाकुर अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। कांग्रेस हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीट में से 40 पर जीत हासिल कर चुकी है। भाजपा ने 23 सीट पर जीत दर्ज की है और दो सीट पर आगे है।

### भाजपा ने पहली बार झगड़िया विधानसभा सीट जीती

**झगड़िया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को गुजरात की झगड़िया विधानसभा सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की, जहां उसके उम्मीदवार रितेश वसावा ने आदिवासी नेता और सात बार के विधायक छोटूभाई वसावा को 23,500 मतों से हराया। रितेश वसावा को 89,933 मत मिले, जबकि छोटूभाई वसावा को 66,433 मत मिले।छोटूभाई वसावा (78) भरूच जिले में अनुसूचित जनजाति-आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में कभी अपने सहयोगी रहे रितेश वसावा से हार गए। यह पहली बार है जब भाजपा ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की है।

### डलहौजी सीट पर छह बार की कांग्रेस विधायक आशा कुमारी हारीं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की बहुचर्चित डलहौजी सीट पर छह बार की कांग्रेस विधायक आशा कुमारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार डी. एस. ठाकुर से 9,918 मतों से हार गईं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। कांग्रेस के विधानसभा चुनाव जीतने की स्थिति मे आशा कुमारी मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारो मे शामिल है। चंबा जिले की डलहौजी सीट उस समय चर्चा मे आई, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के सहयोगी हर्ष महाजन भाजपा मे शामिल हो गए और अपनी प्रतिद्वंद्वी आशा कुमारी के लिए स्थिति प्रतिकूल बना दी।

### प्रत्याशी बदलने का हुआ फायदा, भाजपा ने भरुच में बड़े अंतर से जीत दर्ज की

**भरूच।** सत्ता विरोधी लहर से लड़ने के लिए अपने आधे मौजूदा विधायकों को बाहर करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रणनीति भरूच मे रंग लेकर आई और पार्टी ने 64,000 मतों के बड़े अंतर से इस सीट पर जीत हासिल की। भाजपा द्वारा मौजूदा विधायक दुष्यंतभाई पटेल के स्थान पर उम्मीदवार बनाए गए रमेश मिस्त्री को 1,08,181 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जयकांतभाई पटेल को 44,087 वोट मिले। आम आदमी पार्टी (आप) के मनहरभाई परमार 14,309 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### भाजपा ने पांच साल बाद आणंद विधानसभा सीट जीती

**आणंद (गुजरात)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार योगेश पटेल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस के प्रत्याशी को 41,623 मतों के भारी अंतर से हरा कर आणंद विधानसभा सीट पर कब्जा कर लिया है। पटेल ने कांग्रेस के मौजूदा विधायक कांति सोधा परमार को हराया है। मतगणना शुरू होने पर शुरूआती दौर में कांग्रेस और भाजपा के बीच यहां कांटे की टक्कर नजर आ रही थी, लेकिन अंत मे भाजपा ने आसानी से जीत दर्ज कर ली है। इससे पहले, 2017 मे कांग्रेस ने 25 साल के बाद भाजपा से यह सीट छीन ली थी। परमार ने पिछली बार करीब 5,000 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी, लेकिन इसबार वह अपनी सीट बचाने मे कामयाब नही रहे।

### हिमाचल की नालागढ़ सीट से भाजपा के बागी के एल ठाकुर की जीत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की नालागढ़ विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बागी व निर्दलीय उम्मीदवार के. एल. ठाकुर ने जीत हासिल की है। निर्वाचन आयोग के अनुसार उन्होंने कांग्रेस के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हरदीप सिंह बावा को 13,264 मतों से हराया। ठाकुर ने 2012 मे भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता था, लेकिन 2017 मे उन्हे हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उन्हे टिकट नही दिया गया था। भाजपा ने दो बार कांग्रेस के विधायक रहे लखविंदर सिंह राणा को टिकट दिया था, जो चुनाव से पहले पार्टी मे शामिल हुए थे।

### हार के बाद कांग्रेस के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने इस्तीफा दिया

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने राज्य विधानसभा चुनाव मे पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया है। पार्टी पदाधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने राज्य मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ तथाकथित शांतिपूर्ण अभियान का नेतृत्व किया था। गुजरात मे पार्टी इकाई के सूत्रों ने कहा, इस अप्रत्याशित हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर के भी जल्द ही इस्तीफा देने की उम्मीद है। कांग्रेस की गुजरात इकाई के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि पार्टी की कड़ी मेहनत के बावजूद हार अभूतपूर्व है। उन्होने कहा, हम स्थिति का आकलन करेंगे।

### वडगाम सीट पर मामूली अंतर से दलित नेता जिग्नेश मेवाणी की जीत

**वडगाम (गुजरात)।** गुजरात विधानसभा की वडगाम सीट पर बृहस्पतिवार को तेजतर्रार दलित नेता और कांग्रेस के मौजूदा विधायक जिग्नेश मेवाणी ने अपना कब्जा बरकरार रखा। मेवाणी मतगणना के शुरुआती दौर में पिछड़ते दिख रहे थे। मेवाणी को 93,848 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मणिभाई वाघेला को हराया, जिन्हे 89, 052 वोट हासिल हुए। जीत का अंतर 4,928 वोट रहा। साल 2017 के चुनाव में, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट वडगाम पर मेवाणी ने कांग्रेस के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी। वाघेला साल 2017 में कांग्रेस से टिकट नही मिलने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। साल 2012 से 2017 तक वह इस सीट पर कांग्रेस के विधायक रहे थे।

### हिमाचल प्रदेश में आप का नहीं खुला खाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को केवल 1.10 प्रतिशत मत हासिल हुए और वह अपना खाता तक नही खोल पाई। इस खराब प्रदर्शन से राज्य में एक मजबूत तीसरी ताकत के रूप में उभरने की आप की उम्मीद धराशाई हो गई। भरतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस लगभग चार दशकों से राज्य में बारी-बारी से शासन करती रही है। आप ने 12 नवंबर को हुए चुनाव से एक महीने पहले पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रैलियों और रोड शो के माध्यम से अपने अभियान को धुआंधार तरीके से शुरू किया था।



नई दिल्ली भाजपा कार्यालय पर गुजरात विधानसभा में भाजपा की जीत के बाद खुशी का इजहार करते कार्यकर्ता

## कैलाश सत्यार्थी ने समाज के असली नायकों को गढ़ा: अनुपम खेर

### ● नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की किताब 'तुम पहले क्यों नहीं आए' का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**दिग्गज** फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि फिल्मों के नायक भले ही लार्जर देन लाइफ हों, लेकिन कैलाश सत्यार्थी ने जीवन के असली नायकों को गढ़ा है। खेर राजकमल प्रकाशन द्वारा प्रकाशित नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की पुस्तक 'तुम पहले क्यों नहीं आए' का दिल्ली के कॉन्सिटीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 'तुम पहले क्यों नहीं आए' में जिन बच्चों की कहानियां हैं, उनमें से कई को संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच से विश्व नेताओं से मुखातिब होने और बच्चों के अधिकार की मांग उठाने के मौके भी मिले। लोकार्पण कार्यक्रम में कैलाश सत्यार्थी, सुमेधा कैलाश, राजकमल प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अशोक माहेश्वरी और पुस्तक के नायक व पूर्व बाल मजदूर भी मौजूद थे। इस मौके पर दिग्गज अभिनेता ने कहा कि फिल्मों में तो नकली नायक-नायिका होते हैं, असली हीरो इस किताब के बच्चे हैं, जिन्हें कैलाश सत्यार्थी ने बनाया है। अनुपम खेर से बातचीत में कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि अगर इन कहानियों को पढ़कर आपकी आंखों में आसूं आते हैं, तो वह आपकी इंसानियत का सबूत है। ये कहानियां जिनकी हैं, मैं उनका सहयात्री रहा हूं।

## हिमाचल में हर वादे को पूरा करेंगे, गुजरात की जनता के हक की लड़ाई जारी रखेंगे: राहुल

### ● राहुल ने ट्वीट कर हिमाचल की जनता को निर्णायक जीत के लिए धन्यवाद देते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं को भी शुभकामनाएं दीं

**भाषा। नई दिल्ली**



**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रदेश की जनता का धन्यवाद करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि जनता से किया हर वादा जल्द से जल्द निभाया जाएगा। उन्होंने गुजरात में कांग्रेस की हार को स्वीकार करते हुए यह भी कहा कि संगठन का पुनर्गठन कर प्रदेशवासियों के हक की लड़ाई जारी रखेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। फिर से आश्वस्त करता हूं, जनता से किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे।उन्होंने ट्वीट किया, हम गुजरात के लोगों का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं।हम पुनर्गठन कर, कड़ी मेहनत करेंगे और देश के आदर्शों और प्रदेशवासियों के हक् की लड़ाई जारी रखेंगे। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बृहस्पतिवार को पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, कांग्रेस 68 सदस्ईय विधानसभा में 38 सीट जीत चुकी है और दो सीट पर आगे है। भाजपा 18 सीट जीत चुकी है और सात सीट पर आगे है। तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल करने और राज्य के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गई है।निर्वाचन आयोग से प्राप्त ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा ने 101 सीट पर जीत हासिल कर ली है, जबकि 55 सीट पर उसके उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। इस प्रकार वह 156 सीट पर जीत की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस आठ सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है और नौ सीट पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। परेश धानाणी सहित कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है।

## हिमाचल में कांग्रेस जीती लेकिन गुजरात की हार ने मुश्किल किया 2024 का सफर

**भाषा। नई दिल्ली**

**निरंतर खोते** जनाधार को बचाने की जद्दोजहद कर रही कांग्रेस के लिए हिमाचल प्रदेश के चुनाव नतीजे संजीवनी लेकर आए हैं, लेकिन गुजरात में उसका सियासी वजूद खतरे में पड़ गया है। यही नहीं, गुजरात के इस चुनाव प्रदर्शन के बाद कांग्रेस का 2024 का सफर और मुश्किल भरा हो गया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी इस समय अपना पूरा ध्यान भारत जोड़ो यात्रा पर लगाए हुए है और उसे उम्मीद थी कि दोनों राज्यों के चुनावी परिणाम उसके लिए बेहतर होंगे। उसे बुधवार को भी उस वक्त बड़ा झटका लगा जब दिल्ली नगर निगम के चुनाव में उसका अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन रहा। उसे 250 सदस्ईय नगर निगम में सिर्फ नौ सीटें मिली। आम आदमी पार्टी को 134 और भारतीय जनता पार्टी को 104 सीटें हासिल हुईं। कांग्रेस के लिहाज से यह अच्छी स्थिति कही जाएगी कि हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्ईय विधानसभा में उसे बहुमत मिला है। उसके लिए यह एक संजीवनी होगी क्योंकि लंबे समय बाद उसे अपनी बदौलत किसी राज्य की सत्ता मिलेगी। फिलहाल उसकी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकारें हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा का कहना है कि हिमाचल प्रदेश की जीत कांग्रेस के लिए हौसला बढाने वाली होगी। उन्होंने कहा, हिमाचल में जीत से कांग्रेस को 2023 और 2024 के लिए उम्मीद मिलेगी। लेकिन बहुत कुछ इस बात निर्भर करता है कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी में किस तरह से ऊर्जा का संचार होता है। कांग्रेस के लिए हिमाचल प्रदेश भले ही खुशी लेकर आया, लेकिन गुजरात उसे बड़ा गम दे गया। वह गुजरात में अब तक की सबसे न्यूनतम संख्या तक सिमट गई। यह उसके लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। ऐसी स्थिति में पार्टी गंभीर संकट में घिर गई है जहां से बाहर निकलना उसके लिए बहुत ही मुश्किल होगा।पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी और उसे 182 सदस्ईय विधानसभा में 77 सीटें मिली थीं।

इस बार की हार उसके लिए इस संदर्भ में बुरी है कि उसका वोट प्रतिशत 30 प्रतिशत से नीचे आ गया और आम आदमी पार्टी ने तीसरे दल के रूप में दस्तक देकर उसके लिए एक और चुनौती पैदा कर दी है।

# चोटिल रोहित का कवर हो सकते हैं ईश्वरन



भाषा। नई दिल्ली

**भारत ए के** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से चटगांव में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल कप्तान रोहित शर्मा के कवर के तौर पर बुलाया जा सकता है। बाएं हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसकने के कारण रोहित टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया , अभिमन्यु ईश्वरन ने ए टेस्ट श्रृंखला में लगातार दो शतक जमाए हैं। वह सिलहट में दूसरा ए टेस्ट पूरा होने के बाद चटगांव में दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। ईश्वरन ने पहले ए टेस्ट में 141 रन बनाए और दूसरे में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर 144 रन बनाकर नाबाद थे। भारतीय पारी की शुरूआत शुभमन गिल और कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ही करेंगे। समझा जाता है कि बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार या उमरान मलिक चोटिल मोहम्मद शमी की जगह ले सकते हैं। घुटने के आपरेशन के बाद एक भी मैच नहीं खेल सके हरफनमौला रविंद्र जडेजा सीधे टेस्ट खेलेंगे। अक्षर पटेल टीम में हैं और सौरभ कुमार को बैकअप के तौर पर ए टीम से बुलाया जा सकता है। सूर्यकुमार यादव इस सत्र में मुंबई



## तमीम पूरी तरह फिट नहीं, भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए जाकिर हसन टीम में शामिल

**चटगांव।** बांग्लादेश ने 14 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए शीर्ष क्रम बल्लेबाज जाकिर हसन को पहली बार टीम में शामिल किया। हसन को टीम में शामिल करने का फैसला अनुभवी तमीम इकबाल के ग्रोइन चोट से नहीं उबर पाने के कारण किया है। हसन को भारत ए के खिलाफ पहले अनाधिकृत टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था और वह प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी थे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ता मिन्हाजुल अबेदिन ने क्रिकबज से कहा, हमारे फिजियो ने कहा कि वह (तमीम) पहला टेस्ट नहीं खेल पाएगा। लेकिन हम दूसरे टेस्ट के लिए उसकी मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए हमने शुरूआती टेस्ट के लिए ही टीम की घोषणा की है। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद फिटनेस मुद्दों के कारण भारत के खिलाफ मौजूदा वनडे श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। बांग्लादेश ने पहले दो मैच जीतकर वनडे श्रृंखला जीत ली है। दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होगी। दूसरा टेस्ट 22 दिसंबर से मीरपुर में खेला जाएगा। पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीमः महमूदुल हसन जॉय, नजमुल हसन शांटो, मोमिनुल हक, यासिर अली चौधरी, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नुरूल हसन, मेहदी हसन मिराज, ताइजुल इस्लाम, तास्किन अहमद, सैयद खालिद अहमद, इबादत हुसैन, शोरीफुल इस्लाम, जाकिर हसन, रेजाऊर रहमान राजा और अनामुल हक बिजॉय।

## वनडे श्रृंखला में मिली हार के बाद भारत की पुरानी रणनीति पर बरसे सहवाग और प्रसाद

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के हाथों वनडे श्रृंखला मे मिली हार के बाद पूर्व क्रिकेटरों वीरेंद्र सहवाग और वेंकटेश प्रसाद ने भारतीय टीम की पुरानी रणनीति पर नाराजगी जताई है। पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने कहा कि टीम प्रबंधन को कठिन फैसले लेने होंगे जबकि सहवाग ने रोहित शर्मा की टीम से जागने के लिए कहा। अपने चिर परिचित अंदाज मे सहवाग ने ट्वीट किया , क्रिप्टोस से भी तेज गिर रही है अपनी परफॉर्मेंस यार। जागने की जरूरत है। इससे पहले वर्षाबाधित वनडे श्रृंखला मे भारत को न्यूजीलैंड ने 1-0 से हराया था। भारतीय टीम ने 2013 के बाद से आईसीसी का कोई खिताब नही जीता है। प्रसाद ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा , दुनिया भर मे भारत इतने क्षेत्रों मे नई पहल कर रहा है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारी रणनीति बरसों पुरानी है। इंग्लैंड ने 2015 विश्व कप में पहले दौर से बाहर होने के बाद कठिन फैसले लिए और आज इतनी शानदार टीम बन गई है। भारत को भी कड़े फैसले लेने होंगे और सोच बदलनी होगी। आईपीएल शुरू होने के बाद से हम एक भी टी20 विश्व कप नही जीत सके और पिछले पांच साल मे बेमानी द्विपक्षीय श्रृंखलाएं जीतने के सिवाय वनडे में भी कुछ खास नही किया है। लंबे समय से अपनी गलतियों से सबक नही लिया है और वनडे क्रिकेट मे कुछ खास नही कर पा रहे। बदलाव जरूरी है।



## इस भारतीय टीम में कोई जोश और जुनून नहीः मदनलाल



**नई दिल्ली।** पूर्व कोच मदनलाल ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला मे मिली हार के लिए गुरूवार को भारत की आलोचना करते हुए कहा कि टीम में जज्बे और जुनून की कमी थी। भारत बुधवार को दूसरे वनडे में पांच रन से हारकर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला गंवा बैठा। पहले वनडे में बांग्लादेश ने एक विकेट से जीत दर्ज की थी। मदनलाल ने एक साक्षात्कार मे कहा, निश्चित रूप से यह भारतीय टीम सही दिशा मे आगे नही बढ़ रही। मैने पिछले कुछ समय में टीम में वो जज्बा नही देखा। मैने पिछले दो वर्षों में उनमें जोश नही देखा। वे भारतीय टीम की तरह बिलकुल भी नही लग रहे थे। देश के लिए खेलने के जुनून की कमी थी। या तो वे बहुत थके हुए थे या फिर वे बस लय में बह रहे थे। यह गंभीर चिंता का विषय है। इस साल चोटों से जूझने वाले दीपक चाहर दूसरे वनडे में अपने कोटे के ओवर भी नही डाल सके। भारतीय टीम फिटनेस संबंधित मुद्दों से जूझ रही है जिसमें स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आल राउंडर रविंद्र जडेजा भी चोट के कारण टीम से बाहर है। खिलाड़ियों के फिटनेस मुद्दों की ओर इशारा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा था कि भारत देश के लिए आधे फिट खिलाड़ियों को नही खिला सकता। मदनलाल ने कहा कि अगर कप्तान यह कह रहा है तो कहीं न कहीं कुछ गलत है। उन्होने कहा, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इसके लिए ट्रेनर जिम्मेदार है? अनफिट खिलाड़ी क्यो जा रहे है? आप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हो और नतीजा आपके सामने है।

## भारत और आस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला नौ फरवरी से



भाषा। नई दिल्ली

**भारत और आस्ट्रेलिया** के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ फरवरी से 13 मार्च के बीच होगी जिसमें नागपुर, दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने बृहस्पतिवार को बॉर्डर . गावस्कर ट्रॉफी के कार्यक्रम की घोषणा की। इसके साथ ही जनवरी फरवरी में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के कार्यक्रम का भी ऐलान किया गया। टेस्ट श्रृंखला विश्व चैम्पियपशिप सत्र का हिस्सा होगी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा , यह बॉर्डर . गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी सत्र होगा जिसमें चार मैच खेले जाएंगे। जामथा में वीसीए स्टेडियम पर पहला टेस्ट नौ से 13 फरवरी के बीच होगा जबकि दिल्ली में दूसरा टेस्ट 17 से 21 फरवरी के बीच खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट धर्मशाला में एक से पांच मार्च के बीच होगा। आखिरी मैच नौ से 13 मार्च के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। दोनों टीमें तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भी खेलेंगी जो मुंबई , वाइजेग और चेन्नई में क्रमशः 17, 19 और 22 मार्च को खेले जाएंगे। जनवरी में श्रीलंका और न्यूजीलैंड की टीमें यहां तीन टी20 और तीन वनडे खेलने आएंगी। श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच तीन, पांच और सात जनवरी को क्रमशः मुंबई, पुणे और राजकोट में होंगे। वहीं वनडे मैच गुवाहाटी, कोलकाता और त्रिवेंद्रम में 10, 12 और 15 जनवरी को खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के मैच हैदराबाद, रायपुर और इंदौर में 18, 21 और 24 जनवरी को होंगे। वहीं टी20 मैच 27 , 29 जनवरी और एक फरवरी को क्रमशः रांची, लखनऊ और अहमदाबाद में होंगे।

### स्पेनिश कोच लुई एनरिक भी बाहर, फुएंटे लेंगे जगह

**दोहा।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने गुरूवार को कहा कि लुई एनरिक अब पुरूष राष्ट्रीय टीम के कोच नही रहेंगे और उनकी जगह लुई डि ला फुएंटे को कोच बनाने की घोषणा की। विश्व कप के राउंड 16 से बाहर होने के दो दिन बाद यह फैसला किया गया। मोरक्को ने नियमित और अतिरिक्त समय में गोलरहित स्कोर के बाद स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हारकर विश्व कप से बाहर कर दिया था। महासंघ ने कोच का धन्यवाद किया लेकिन कहा कि यह नई योजना शुरू करने का समय था ताकि हाल के वर्षों मे कोच द्वारा हासिल की गई कामयाबी को बरकरार रखा जाए।

### ट्राउ एफसी ने पंजाब एफसी को 2–0 से हराया

**इंफाल।** टिडिम रोड एथलेटिक युनाइटेड (ट्राउ) एफसी ने आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एक मैच मे गुरुवार को यहां दोनों हाफ में एक-एक गोल करके पंजाब एफसी को 2-0 से पराजित किया। ट्राउ की तरफ से बुआंथंगलुन समते (25वें मिनट) और सलाम जॉनसन सिंह (54वें) गोल करके अपनी टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इससे उसने पंजाब एफसी का इस सत्र में अजेय अभियान भी रोक दिया।

### एनईयूएफसी में मुख्य कोच होंगे विंसेंजो एनेसे

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग टीम नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी (एनईयूएफसी) ने इटली के विसेंजो अलबर्टो एनेसे को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। क्लब ने गुरूवार को इसकी पुष्ट की। गोकुलम केरला एफसी के पूर्व मुख्य कोच एनेसे इस तरह मार्को बालबुल की जगह लेंगे जिन्होंने क्लब से नाता तोड़ने का फैसला किया। एनेसे ने गोकुलम केरला एफसी को 2020 से 2022 तक लगातार आई लीग खिताब दिलाए थे।

### गौतमी और स्वप्निल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर

**तिरूवनंतपुरम।** मध्य प्रदेश की गौतमी भनोट और स्वप्निल कुसाले गुरूवार को यहां 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरूष 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस (3पी) क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहे। दोनो निशानेबाज रेलवे के है, दोनों शुक्रवार को होने वाले रैंकिंग दौर मे पहुंचने वाले आठ फाइनलिस्ट मे शीर्ष पर है। इसमे से दो शीर्ष निशानेबाज स्वर्ण पदक के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगे। जबलपुर की गौतमी ने 632.5 अंक जुटाए, वह राष्ट्रीय रिकॉर्ड से महज 0.5 अंक से पिछड़ गई। स्वप्निल ने 590 अंक जुटाए।

### दबंग दिल्ली ने प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित किया

**हैदराबाद।** नवीन कुमार के दूसरे हाफ मे शानदार प्रदर्शन से दबंग दिल्ली ने गुरूवार को यहां बंगाल वारियर्स पर 46-46 से मुकाबला टाई होने के बाद प्रो कबड्डी लीग के प्लेऑफ में स्थान पक्का किया। दिल्ली को अगले दौर मे पहुंचने के लिए एक जीत या टाई की दरकार थी। इस कड़े मुकाबले मे लीग के इस साल के सर्वश्रेष्ठ दो रेडर भी एक दूसरे के सामने थे। बंगाल की टीम ने हालांकि शुरू में दबदबा बनाया हुआ था और टीम ने ब्रेक तक 25-19 तक बढ़त बनाई हुई थी।


## क्रोएशिया के खिलाफ डांस जारी रखना चाहेगा ब्राजील



भाषा। दोहा (कतर)

**पांच बार की** चैम्पियन ब्राजील की टीम शुक्रवार को यहां फीफा विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में क्रोएशिया के खिलाफ जीत दर्ज कर डांस जारी रखते हुए सेमीफाइनल में पहुंचना चाहती है। कुछ आलोचनाओं के बावजूद ब्राजील के खिलाड़ियों ने स्पष्ट कर दिया था कि वे कतर में गोल का जश्न करने के लिए डांस करने से पीछे नहीं हटेंगे। ब्राजील के कोच टिटे ने गुरूवार को कहा, यह ब्राजील की संस्कृति का हिस्सा है। यह (डांस करना) प्रतिद्वंद्वियों का अपमान करने के बारे में नहीं है। हमारे यहां (देश में) यही होता है। टिटे खुद सोमवार को दक्षिण कोरिया पर ब्राजील की 4–। की जीत के दौरान खिलाड़ियों के साथ डांस कर रहे थे। मैनचेस्टर यूनाईटेड के पूर्व मिडफील्डर रॉय कीने भी उन आलोचकों में शामिल थे जो उनके डांस करने की आलोचना कर रहे थे। विनिसियस जूनियर की रियाल मैड्रिड में डांस करने के लिए काफी आलोचना की जा चुकी है। उन्होंने कहा, फुटबॉल में गोल सबसे महत्वपूर्ण पल होता है, यह सिर्फ गोल करने वाले के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अहम होता है। हमें अभी काफी जश्न मनाने हैं और उम्मीद करते हैं कि हम गोल करते रहेंगे और फाइनल तक इस तरह डांस जारी रखेंगे। ब्राजील के खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले कहा था कि उन्होंने पहले से ही गोल करने के लिए कई जश्न (डांस मूव) तैयार किए हुए हैं। हालांकि इस डांस को जारी रखने के लिए उसे मुश्किल क्रोएशियाई टीम की चुनौती से पार पाना होगा जिसकी अगुआई लुका मोदरिच कर रहे हैं। चार साल पहले फ्रांस के खिलाफ खिताबी भिड़ंत में टीम थोड़ी कम रह गई थी लेकिन अब विश्व कप फाइनल में वापसी की कोशिश में जुटी है। मोदरिच ने कहा, हम सिर्फ क्वार्टरफाइनल तक पहुंचकर ही संतुष्ट नहीं होंगे। हम जानते हैं कि हमें कड़े प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना है। हमारे कुछ मजबूत पक्ष हैं और हमें खुद पर भरोसा है। मोदरिच कुछ ब्राजीली खिलाड़ियों के खेल से भली भांति वाकिफ हैं क्योंकि वह मैड्रिड में जूनियर, रोड्रिगो और इडेर मिलिटियाओ के साथ खेलते हैं। उन्होंने 37 साल के अनुभवी मिडफील्डर मोदरिच से काफी कुछ सीखा है। सुनकर अच्छा लगा कि विनी ने मेरी प्रशंसा की। वह शानदार खिलाड़ी है और हमारा मजबूत रिश्ता है। ब्राजील की तरह ही क्रोएशिया ने इस विश्व कप में केवल दो बार ही गोल गंवाए हैं। टीम ने कनाडा को 4–। से हराया।

### अर्जेंटीना बनाम नीदरलैंड मैच में सपना साकार रखने उतरेंगे मेस्सी



**दोहा।** अर्जेंटीना शुक्रवार को यहां जब विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड का सामना करने के लिए उतरेगा तो सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी पर टिकी होंगी जो विश्व चैंपियन बनने का अपना सपना साकार करने की क्वायद को बरकरार रखने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले को मेस्सी बनाम वर्जिल वान डिक, विश्वकप के सबसे युवा कोच बनाम सबसे उम्रदराज कोच और दक्षिण अमेरिका बनाम यूरोप के रूप में देखा जा रहा है। इस मुकाबले में यह संभावना नए आयाम जोड़ती है कि आगे का कोई भी मैच मेस्सी का विश्व कप मे आखिरी मैच हो सकता है। सात बार विश्व के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मेस्सी विश्व कप जीतने के अपने सपने को साकार करने से केवल तीन जीत दूर है लेकिन दो लोग उनकी राह में रोड़ा बन सकते है। इनमे पहला व्यक्ति वान डिक है जिन्हें पिछले पांच वर्षों मे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रक्षकों में से एक माना जाता है। मेस्सी को अगर उनके ट्रेडमार्क ड्रिबल से कोई रोक सकता है तो वह लिवरपूल के सेंटर बैक वान डिक है जो खेल की बहुत अच्छी समझ भी रखते है। दूसरे व्यक्ति लुई वान गाल है। इस 71 वर्षीय कोच को बेहद चतुर रणनीतिकार माना जाता है और वह मेस्सी के खिलाफ नीदरलैंड के खिलाड़ियों को उचित रणनीति के साथ मैदान पर उतारेंगे। अर्जेंटीना के एंजेल डी मारिया ने हालांकि यह कह कर शाब्दिक जंग शुरू करने की कोशिश की कि वह जितने भी कोच के तहत खेले है उनमे वान गाल सबसे बेकार कोच रहे है। डी मारिया और वान गाल 2014-15 में मैनचेस्टर यूनाइटेड में एक साथ थे।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में गुआंग से भी हारे प्रणय

### सेमीफाइनल से बाहर



भाषा। बैंकॉक

**भारत के एचएस** प्रणय को गुरुवार को यहां ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में चीन के लु गुआंग जू से तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए। केरल के रहने वाले 30 वर्षीय प्रणय को 84 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21–23, 21–17, 19–21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच दूसरा मुकाबला था। इससे पहले उनकी भिड़ंत इस साल फ्रेंच ओपन में हुई थी और उस मैच में भी चीनी खिलाड़ी ने बाजी मारी थी। प्रणय की ग्रुप ए में यह लगातार दूसरी हार है। वह बुधवार को अपने पहले मैच में जापान के कोडाई नाराओका से हार गए थे। विश्व में 12वें नंबर के इस भारतीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला शुक्रवार को विश्व रैंकिंग में नंबर एक और ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से होगा। पहले दोनों मैच गंवाने के कारण प्रणय की नॉकआउट में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं। एक्सेलसन ने एकतरफा मुकाबले में नाराओका को 21–5 21–15 से हराकर ग्रुप में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया है। डेनमार्क के खिलाड़ी ने बुधवार को लु को भी सीधे गेम में हराया था। प्रत्एक ग्रुप से केवल दो खिलाड़ी ही नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगे। ऐसे में ग्रुप ए से एक्सेलसन के अलावा नाराओका या लु में से कोई सेमीफाइनल में पहुंचेगा। प्रणय और लु दोनों ने सहज शुरूआत की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां कर दी जिसके कारण चीनी खिलाड़ी ने 6–4 से बढ़त हासिल कर दी। दोनों ने आक्रामक रुख अपनाया लेकिन लु का अपने शॉट पर अच्छा नियंत्रण था। उन्होंने इंटरवल तक दो अंक की बढ़त बरकरार रखी। इसके बाद प्रणय ने दबदबा बनाया और 14–14 से स्कोर बराबर किया। इसके बाद उन्होंने 18–16 से दो अंक की बढ़त भी हासिल की। लु ने हालांकि जल्द ही स्कोर 19–19 से बराबर कर दिया। प्रणय को एक गेम प्वाइंट भी मिला लेकिन वहां इसका फायदा नहीं उठा पाए। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद दो गेम प्वाइंट भी बचाए लेकिन तीसरे गेम प्वाइंट पर चीनी खिलाड़ी ने गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। लेकिन लु इंटरवल

## भारत ए ने बांग्लादेश पर शिकंजा कसा

भाषा। सिलहट

**भारत ए** ने पहली पारी में 310 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद बांग्लादेश ए को दूसरी पारी में दो करारे झटके देकर गुरुवार को यहां दूसरे अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना शिकंजा मजबूत कस दिया। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (157) के शतक और निचले क्रम के तीन बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 562 रन बनाकर समाप्त घोषित की। पहली पारी में 252 रन बनाने वाली बांग्लादेश की टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 49 रन बनाए थे। इस तरह से वह अभी भारतीय टीम से 261 रन पीछे है। अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने जाकिर हसन (12) को जबकि सौरभ कुमार ने हसन जॉय (10) को बोल्ड किया। स्टंप उखड़ने के समय सादमन इस्लाम 22 और मोमिनुल हक चार रन पर खेल रहे थे। इससे पहले भारत ए ने सुबह अपनी पारी पांच विकेट पर 324 रन से आगे बढ़ाई। ईश्वरन अपने कल के स्कोर में 13 रन जोड़कर आउट हो गए। इसके बाद जयंत (83) और सौरभ (55) ने जिम्मेदारी संभाली और सातवें विकेट के लिए 86 रन जोड़े। निचले क्रम के एक अन्य बल्लेबाज नवदीप (नाबाद 50) ने भी अर्धशतक जमाया।

## महिला विश्व कप से पहले मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी भारत की परीक्षा

भाषा। नवी मुंबई

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम के लिए श्रृंखला की तैयारियां इतनी आदर्श नहीं रही हैं लेकिन खिलाड़ी शुक्रवार से यहां मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में मजबूत इरादे से मैदान पर उतरने के लिए प्रतिबद्ध होंगी। दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप शुरू होने में अभी दो महीने का समय है जिससे इन पांच मैचों के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को अपनी स्थिति का अच्छी तरह अंदाजा हो जाएगा। श्रृंखला के शुरूआती मैच से तीन दिन पहले ही अचानक से मुख्य कोच रमेश पवार को बर्खास्त कर दिया गया और पूर्व भारतीय बल्लेबाज ऋषिकेश कानिटकर को बल्लेबाजी कोच के तौर पर सहयोगी स्टाफ की जिम्मेदारी सौंपी गई। भारत ने अक्टूबर में एशिया कप जीतने में कामयाबी हासिल की, हालांकि टीम में ज्यादा ही प्रयोग किया गया जिसका खामियाजा उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच में मिली हार से उठाना पड़ा। हाल में भारत मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने में सफल रहा है लेकिन वह जीत तक नहीं पहुंच सका।



### रमेश के साथ काम करने में हमेशा मजा आया : हरमनप्रीत

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बृहस्पतिवार को मुख्य कोच के पद से हटाए गए रमेश पवार से किसी तरह के मतभेद से इनकार किया। पवार को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले ही पद से हटा दिया गया। इससे पहले 2018 मे तत्कालीन कप्तान मिताली राज से ठनने के कारण पवार को पद गंवाना पड़ा था। उन्हें एक बार फिर पद से हटना पड़ा और समझा जाता है कि हरमनप्रीत के अनुरोध पर उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी भेज दिया गया है। हरमनप्रीत ने हालांकि इसे बीसीसीआई का फैसला बताते हुए किसी तरह के मतभेद से इनकार किया। उन्होने कहा , ऐसा कुछ नही है। मुझे जब भी मौका मिला है, रमेश सर के साथ काम करने मे पूरा मजा आया है।हमने उनसे बहुत कुछ सीखा है और एक टीम के रूप में आगे बढे हैं।

### कप्तानी को लेकर घमंड नहीं : हीली

**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान एलिसा हीली भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला मे अपनी टीम की अगुवाई करने को लेकर काफी उत्साहित है। हीली को भारतीय मैदान काफी रास आते है। उन्होने चार साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक भारत में ही बनाया था। बल्लेबाजी का आगाज करने वाली इस विकेटकीपर ने ऑस्ट्रेलिया के 2018 के दौरे के दौरान वड़ोदरा मे तीसरे वनडे में 115 गेंदों पर 133 रन बनाकर अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाई थी। हीली ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे यहां का दौरा करना बहुत पसंद है। यहां से मेरी कई अच्छी यादें जुड़ी है जिनमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला शतक जड़ना भी शामिल है। मैं वास्तव में एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हूं। हम लंबे समय बाद यहां एक दूसरे का सामना करेंगे।

## लाबुशेन और हेड के शतक, आस्ट्रेलिया के तीन विकेट पर 330 रन

भाषा। एडीलेड

**शानदार** फॉर्म में चल रहे मार्नस लाबुशेन और ट्रेविस हेड के नाबाद शतकों और 199 रन की साझेदारी की बदौलत आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 330 रन बना लिए। लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन पारियों में अपना तीसरा शतक जड़ा और एडीलेड ओवल में वह 120 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। हेड ने दिन-रात्रि मैच में अपने घरेलू मैदान पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और वह 114 रन बनाकर खेल रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने पिछले हफ्ते श्रृंखला के शुरूआती मैच में 164 रन से जीत दर्ज की थी जिसके बाद दोनों टीमों को चोटों के कारण टीम में बदलाव करना पड़ा। आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। उस्मान ख्वाजा (61 रन) के 19वें टेस्ट अर्धशतक की मदद से डेविड वॉर्नर (21) के साथ पहले विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने मार्नस लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़े। ख्वाजा के आउट होने के बाद आस्ट्रेलियाई पारी थोड़ी लड़खड़ाई। कामचलाऊ तेज गेंदबाज डेवोन थॉमस ने 42वें ओवर में ख्वाजा को पगबाधा आउट किया।

### नहीं बिछाई गई पिचों पर खेला जाएगा हॉकी विश्व कप

**भुवनेश्वर।** भारत मे अगले साल के शुरू मे होने वाला एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप भुवनेश्वर के अत्याधुनिक कलिंग हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम मे बिछाई गई चार नई पिचो पर खेला जाएगा। विश्वकप इन दोनों स्थानों पर 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। कलिंग स्टेडियम की मुख्य पिच और अभ्यास पिच दोनो नई बिछाई गई है जबकि बिरसा मुंडा स्टेडियम मे अंतरराष्ट्रीय हॉकी परिषद (एफआईएच) से प्रमाणित नई पिचों पर मैच खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम राउरकेला और हॉकी के कई ऐतिहासिक मैचों का गवाह रहे कलिंग हॉकी स्टेडियम भुवनेश्वर में नई बिछाई गई पिचो पर मैच खेले जाएंगे। दुनिया की चोटी की 16 टीमे इस प्रतियोगिता में भाग लेगी जिनमें मेजबान भारत भी शामिल है। इन 16 टीमों को चार पूल मे बांटा गया है।

### सीए पर बरसे क्लार्क, कहा वॉर्नर को बनाया बलि का बकरा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने देश के क्रिकेट बोर्ड पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गेंद से छेड़खानी मामले के बाद डेविड वॉर्नर को बलि का बकरा बनाया गया। उस प्रकरण के चार साल बाद वॉर्नर पर अभी भी कप्तानी को लेकर आजीवन प्रतिबंध लगा हुआ है जबकि उस मामले मे वॉर्नर के समान ही दोषी रहे स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ दिन रात के टेस्ट मे कप्तानी कर रहे है। वॉर्नर ने नाराजगी मे बुधवार को कप्तानी से आजीवन प्रतिबंध हटाने के लिए अपना आवेदन वापिस ले लिया। क्लार्क ने बिग स्पोर्टस ब्रेकफास्ट में कहा , वह निराश और दुखी है। वह इस बात से और भी दुखी होगा कि स्टीव स्मिथ को टेस्ट कप्तानी का मौका दिया जा रहा है। मै उसकी निराशा समझ सकता हूं। उसे कप्तानी से वंचित कर दिया गया। बोर्ड का रवैया भी अस्थिर रहा है। यह अविश्वसनीय है कि एक के लिए कुछ और नियम और दूसरे के लिए कुछ और।

### पुरूष और महिला राष्ट्रीय के टीम खिलाड़ियों को मैच फीस देने की योजनाः एआईएफएफ महासचिव

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा कि अगर एआईएफएफ अपने वित्तीय स्रोतों को बढ़ाने में सफल रहता है तो राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों (पुरूष और महिला) को जल्द ही मैच फीस दी जाएगी। इस महीने के अंत में भारतीय फुटबॉल विकास के लिए रोडमैप के अंतर्गत कई पहल की घोषणा की जाएगी। प्रभाकरण ने कहा कि कार्यकारी परिषद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के लिए मैच फीस शुरू करने का फैसला करेगी। उन्होंने हालांकि एआईएफएफ की बजट संबंधित बाधाओं के कारण इसके लिए कोई समय सीमा नही दी लेकिन संकेत दिया कि यह मौजूदा कार्यकाल के दौरान ही किया जा सकता है। उन्होने कहा, हमारी पुरूष और महिला टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस मिलनी चाहिए। हमें सिर्फ टोकन राशि नहीं देनी चाहिए, इसकी आर्थिक अहमियत होनी चाहिए। प्रभाकरण ने कहा, अगर देश के लिए खेलने वाले एक खिलाड़ी आर्थिक रूप से कुछ हासिल नहीं कर रहा तो एक परिवार या समुदाय उसे एक सीमा के बाद कैसे मदद करेगा।